भारत में डिजिटल क्रांति ने जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित किया है, लेकिन अब इसका असर सबसे संवेदनशील क्षेत्र रिश्तों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। ग्लीडेन और एमोर जैसे विवाहेतर डेटिंग प्लेटफॉर्म्स पर 40 लाख से अधिक भारतीयों की मौजूदगी केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि बदलते सामाजिक ताने-बाने का संकेत है। सवाल यह है कि क्या यह बदलाव आधुनिकता की पहचान है या रिश्तों के संकट की आहट? इन प्लेटफॉर्म पर महिलाओं और पुरुषों दोनों की ही बढ़ती संख्या यह दर्शाती है कि अकेलेपन और अलगाव होने के बाद साथी की जरूरत ही लिव इन या ऐसे डेटिंग एप्स पर लोगों को आने का मजबूर करती है। भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं, बल्कि दो परिवारों का जुड़ाव माना जाता रहा है, लेकिन अब इस परंपरा को डिजिटल दुनिया नई दिशा दे रही है। महानगरों बेंगलुरु, हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई और पुणे में इन एप्स की बढ़ती लोकप्रियता यह दिखाती है कि तेज रफ्तार जीवनशैली और बढ़ते तनाव ने रिश्तों में दरारें पैदा की हैं। अब लोग भावनात्मक संतुष्टि और रोमांच की तलाश डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर कर रहे हैं। इस प्रवृत्ति के पीछे कई परतें हैं। सबसे प्रमुख कारण है भावनात्मक अकेलापन। व्यस्त दिनचर्या, करियर का दबाव और आपसी संवाद की कमी ने दांपत्य संबंधों को कमजोर किया है। जब घर में समझ और जुड़ाव नहीं मिलता, तो लोग बाहर विकल्प तलाशते हैं। एक रिसर्च के अनुसार, यही हाल रहा तो भारत 2027 में अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा डेटिंग सर्विस मार्केट बन जाएगा। चिंताजनक बात यह है कि इस ट्रेंड में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की संख्या में 148 प्रतिशत तक की वृद्धि यह दर्शाती है कि अब वे भी अपने निजी जीवन में अधिक स्वतंत्र निर्णय ले रही हैं। यह बदलाव एक ओर महिला सशक्तिकरण का संकेत माना जा सकता है, लेकिन दूसरी ओर यह पारिवारिक स्थिरता के लिए चुनौती भी बन रहा है। सिर्फ युवा ही नहीं, 40 वर्ष से अधिक आयु के लोग भी तेजी से इन प्लेटफॉर्म्स की ओर बढ़ रहे हैं। यह संकेत है कि विवाह के वर्षों बाद भी लोग भावनात्मक खालीपन महसूस कर रहे हैं। समाजशास्त्रियों के अनुसार, यह केवल 'अफेयर' का मामला नहीं, बल्कि रिश्तों की बदलती परिभाषा का संकेत है। हालांकि, इस बदलाव के खतरनाक पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि हुई है, और कई मामलों में रिश्तों में अविश्वास और धोखा भी एक कारण बन रहा है। इसके अलावा, डेटिंग प्लेटफॉर्म्स पर पहचान छिपाने की सुविधा अपराधियों के लिए भी अवसर बन सकती है। ऐसे में डिजिटल रिश्तों का यह जाल सामाजिक सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर रहा है। देश में पिछले कुछ समय से शादी, डेटिंग या लिव-इन जैसे अंतरंग रिश्तों में हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की सितंबर 2025 में जारी रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में महिलाओं के खिलाफ 4.48 लाख अपराध दर्ज हुए, जो 10 साल में सबसे ज्यादा हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में यूपी, महाराष्ट्र, प. बंगाल और राजस्थान सबसे आगे हैं। एक सर्वे के मुताबिक करीब 59% शादियां पार्टनर की बेवफाई की वजह से ही टूट रही हैं। रिश्तों में विश्वास की कमी समाज में अस्थिरता को जन्म दे सकती है। इसका समाधान रिश्तों से बाहर नहीं, बल्कि रिश्तों के भीतर खोजने की जरूरत है। संवाद, समझ और समय ये तीन तत्व किसी भी संबंध को मजबूत बना सकते हैं।

## स्वास्थ्य दिवस आज

महेन्द्र तिवारी



# बदलते परिवेश में स्वास्थ्य चुनौतियां

विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाता है, जो न केवल स्वास्थ्य के प्रति चेतना जगाने का कार्य करता है, बल्कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को भी प्रेरित करता है। इस विशेष दिन की नींव 7 अप्रैल 1948 को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना के साथ रखी गई थी, और इसे आधिकारिक रूप से पहली बार 1950 में मनाया गया। वर्ष 2026 में, जब दुनिया तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति के एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है, विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम 'स्वास्थ्य के लिए एकजुट। विज्ञान के साथ खड़े रहें' निर्धारित की गई है। यह थीम एक अत्यंत महत्वपूर्ण मोड़ पर हमारे सामने आई है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी सूचनाओं, मिथकों और वैज्ञानिक तथ्यों के बीच एक निरंतर संघर्ष देखा गया है। यह विषय हमें इस बात के लिए प्रोत्साहित करता है कि हम अपने जीवन और स्वास्थ्य के प्रति निर्णय लेते समय भावनाओं या अफवाहों के बजाय साक्ष्य-आधारित विज्ञान को आधार बनाएं। 2026 का यह अभियान इसी वैज्ञानिक दृष्टिकोण को वैश्विक सहयोग के साथ जोड़ने की एक सशक्त पुकार है। इतिहास देखें तो वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग की यात्रा 19वीं शताब्दी के मध्य में शुरू हुई थी। वर्ष 1851 में पेरिस में आयोजित पहला अंतरराष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन इस दिशा में पहला बड़ा कदम था, जिसका उद्देश्य हैजा जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रसार को रोकना था। इसके बाद 1902 में पैन-अमेरिकन सैनिटरी ब्यूरो और 1907 में ऑफिस इंटरनेशनल डी'हाइजीन पब्लिक जैसे संगठनों ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सहयोग की नींव को और मजबूत किया। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका के बाद जब संयुक्त राष्ट्र का गठन हुआ, तब यह महसूस किया गया कि एक ऐसी वैश्विक संस्था की आवश्यकता है जो बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के पूरी मानवता के स्वास्थ्य की रक्षा कर सके। परिणामस्वरूप, 1946 में न्यूयॉर्क में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सम्मेलन में विश्व स्वास्थ्य संगठन के संविधान पर 61 देशों ने हस्ताक्षर किए और अंततः 7 अप्रैल 1948 को यह संगठन अस्तित्व में आया। वर्तमान में विश्व स्वास्थ्य संगठन के 194 सदस्य देश हैं, जो दुनिया भर में 'स्वास्थ्य सबके लिए' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की सबसे बड़ी सफलता 1980 में चेचक का वैश्विक उन्मूलन रही है, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि यदि दुनिया विज्ञान के साथ एकजुट होकर खड़ी हो, तो किसी भी असाध्य बीमारी को जड़ से मिटाया जा सकता है। इसके अलावा, पोलियो के मामलों में 99 प्रतिशत से अधिक की कमी, एचआईवी/एड्स के उपचार में प्रगति और हाल के वर्षों में मलेरिया के पहले टीके (आरटीएस, एस/एएस01) की मंजूरी विज्ञान की ही गौरवशाली उपलब्धियां हैं। टीकाकरण से लेकर कैंसर के उपचार तक, लोग अक्सर वैज्ञानिक प्रमाणों के स्थान पर अवैज्ञानिक दावों की ओर आकर्षित हो जाते हैं। ऐसे में यह थीम दुनिया को याद दिलाती है कि विज्ञान ने ही हमें टीके, एंटीबायोटिक्स, उन्नत सर्जिकल तकनीक और जीवन रक्षक दवाएं दी हैं। वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रति सम्मान और शोध में निवेश ही वह मार्ग है, जिससे भविष्य की महामारियों को रोका जा सकता है। इसके साथ ही, 2026 का अभियान वन हेल्थ दृष्टिकोण पर बहुत अधिक जोर देता है। विज्ञान हमें बताता है कि मनुष्यों का स्वास्थ्य अकेले नहीं सुधारा जा सकता, क्योंकि यह पशुओं और हमारे साझा पर्यावरण के स्वास्थ्य से गहराई से जुड़ा हुआ है। डेटा बताते हैं कि मनुष्यों में होने वाली लगभग 75 प्रतिशत नई उभरती संक्रामक बीमारियां 'जूनोटिक' होती हैं, यानी वे जानवरों से मनुष्यों में फैलती हैं। गैर-संचारी रोग जैसे हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर और श्वसन संबंधी बीमारियां वर्तमान में दुनिया भर में होने वाली कुल मौतों का लगभग 74 प्रतिशत हिस्सा हैं। डेटा के अनुसार, प्रत्येक वर्ष लगभग 41 मिलियन लोग इन बीमारियों के कारण अपनी जान गंवाते हैं, जिनमें से 17 मिलियन मौतें 70 वर्ष की आयु से पहले ही हो जाती हैं। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि हमारी जीवनशैली और वैज्ञानिक परामर्श की अनदेखी हमें किस ओर ले जा रही है। विशेष रूप से मधुमेह की समस्या एक वैश्विक संकट बन चुकी है, जिससे दुनिया भर में 530 मिलियन से अधिक लोग प्रभावित हैं और यह संख्या 2045 तक बढ़कर 780 मिलियन होने का अनुमान है। मानसिक स्वास्थ्य भी एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर 2026 के इस अभियान में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अतः यह दिवस हमें निरंतर यह प्रेरणा देता रहे कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक धरोहर है, जिसे हमें वैज्ञानिक सोच और एकजुटता के साथ सुरक्षित रखना है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# डिजिटल युग में भरोसेमंद है अखबार



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

बीते दिनों एक समाचार पत्र द्वारा आयोजित एक किताब के विमोचन समारोह अवसर पर 'डिजिटल सुनामी के बीच प्रिंट' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता द्वारा परंपरागत मीडिया के सामने डिजिटल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस 'एआई' के चुनौतियों के बारे में अनेक पहलुओं पर विचार साझा किया गया। व्याख्यान का कुल मिलाकर लब्बोलुआब यही था कि डिजिटल मीडिया की सुनामी और 'एआई' के झंझावात के बावजूद प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता अभी भी कायम है। बिलाशक मीडिया विस्फोट के बावजूद अखबार आज भी आम भारतीय परिवारों के दिनचर्या का अहम हिस्सा है। एक दौर वह भी था जब घरों में सुबह की शुरुआत अखबार और चाय की प्याली से होती थी। अखबार के प्रति लोगों में बेकरारी का आलम यह होता था कि यदि तय वक्त में यह न पहुंचे तो लोग दरवाजे पर हॉकर का इंतजार करते थे। उस पीढ़ी में परिवार के लोग अखबार के अलग-अलग पन्नों को बांटकर पढ़ा करते थे और सबके अपने-अपने पसंदीदा पेज हुआ करता था।

गौरतलब है कि प्रागैतिहासिक काल से आधुनिक सभ्यता के विकास के हर दौर में मनुष्य सूचनाओं के प्रति हमेशा से जिज्ञासु रहा है।मानवीय जिज्ञासा का ही परिणाम है कि संचार माध्यमों का बड़ी तेजी से विकास हुआ है जिससे मीडिया जगत भी अछूता नहीं है। वक्त ने करवट बदली और नयी पीढ़ी अखबार से दूर होते चली गई। इस बदलाव की प्रमुख वजह युवा पीढ़ी की अस्त-व्यस्त दिनचर्या और अखबारों के प्रति उदासीनता के अलावा डिजिटल मीडिया की लत है। आज की पीढ़ी खबरों के लिए सोशल मीडिया खंगालती है भले ही खबरों की सत्यता संदेहास्पद हो। अखबार और डिजिटल मीडिया में यही मूल अंतर है कि समाचार-पत्रों में किसी भी खबर के प्रति मर्यादा और जवाबदेही होती है जबकि डिजिटल मीडिया में इसका सर्वथा अभाव होता है। नयी पीढ़ी को अखबारों से जोड़ने के उद्देश्य से ही उत्तरप्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में वहां के सरकारों ने सभी सरकारी स्कूलों में छात्रों को प्रतिदिन अखबार पढ़ाए जाने का निर्णय लिया है। इस फैसले के पीछे प्रमुख मंशा छात्रों में पढ़ने की आदत और रूचि को विकसित करना है और यह समाचार पत्रों के माध्यम से ही संभव है। बेशक राज्य सरकारों का यह निर्णय अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय है क्योंकि इससे छात्रों के स्क्रीन टाइम में भी कमी आएगी जो एक बड़ी चुनौती है।

सूचना क्रांति के वर्तमान दौर में डिजिटल और सोशल मीडिया के धमक ने सदियों पुराने पारंपरिक मीडिया के वर्चस्व को तोड़ दिया है। इंटरनेट ने समाचारों की गति और प्रकृति दोनों को बदल दिया है जबकि पत्रकारिता का उद्देश्य तकनीक में नहीं बल्कि खबरों की सत्यता में है। विडंबना है कि आज के 'इंस्टेंट' दौर में पाठक सोशल मीडिया की बिखरी हुई खबरों को सच मान रहा है जो पत्रकारिता के लिए एक त्रासदी है। डिजिटल और सोशल मीडिया ने खबरों की रफ्तार को रॉकेट साइंस की गति दे दी है फलस्वरूप सबसे पहले और सबसे जल्दी की फेर में खबर की सत्यता परखे बिना फर्जी खबरें और विडियो को रिट्वीट या वायरल करने की दिवानगी काफी बढ़ी है।हाल के दिनों में अनेक राजनेताओं और सेलेब्रिटियों के मौत से लेकर सांप्रदायिक दंगों से संबंधित फेक न्यूज और विडियो वायरल होने के मामले प्रकाश में आई है जिससे तनाव बढ़ा था। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एक शोध में पता चला है कि डिजिटल मीडिया में फर्जी खबरें बड़ी तेजी से फैलती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि फेक न्यूज 'अधिक नवीन' होता है और यूजर्स भी अपने उतावलेपन में बिना खबर की पुष्टि किए तेजी से रिट्वीट या शेयर करते हैं। वैश्विक परिदृश्य में देखें तो शोध के नतीजे सौ फीसदी सटीक हैं क्योंकि कोरोना महामारी और युद्ध के दौरान सबसे फर्जी खबरें और वीडियो सोशल मीडिया के जरिए ही फैली है।



बकौल वरिष्ठ पत्रकार आलोक पुतुल 'डिजिटल मीडिया ने सूचना को लोकतांत्रिक बनाया है लेकिन इसमें संपादन की संस्कृति कमजोर हो गई है। डिजिटल मीडिया में संवाद बढ़ा है लेकिन भाषा और तथ्य दोनों असावधान हो गए हैं। उनका मानना है कि डिजिटल मीडिया अभिव्यक्ति का सबसे बड़ा माध्यम है लेकिन सत्य और असत्य का फासला काफी कम रह गया है।इसके इतर प्रिंट मीडिया में खबरें कई स्तरों से गुजरती है और संपादक का निर्णय अंतिम होता है मतलब साफ है कि इस माध्यम में खबरों की जवाबदेही तय है। अखबारों की इसी जिम्मेदारी के चलते पाठकों का भरोसा आज भी डिजिटल मीडिया की तुलना में प्रिंट मीडिया के प्रति अधिक है।मुकम्मल बात यह कि मीडिया जगत में हो रहे तमाम बदलाव के बावजूद डिजिटल मीडिया के सामने सबसे बड़ा संकट भरोसे का है जिसके चलते गंभीर पाठकों का विश्वास अखबारों पर ही है। ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशंस 'एबीसी' के एक सर्वे के मुताबिक 70 फीसदी से अधिक पाठकों ने प्रिंट मीडिया को भरोसेमंद बताया है।

गौरतलब है कि भारत में समाचार पत्रों का स्वर्णिम इतिहास रहा है, देश के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर स्वातंत्र्योत्तर भारत के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में अखबारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अखबारों के इतिहास पर गौर करें तो दुनिया में अखबारों की शुरुआत 400 साल पहले हुई वहीं भारत में यह 245 साल पुराना है। देश का पहला अंग्रेजी अखबार 1780 में 'द बंगाल गजट ' के नाम से कोलकाता से प्रकाशित हुआ तथा 1826 में 'उदन्त मार्तण्ड' के नाम से पहले हिंदी समाचार पत्र की शुरुआत हुई। इंटरनेट क्रांति से पहले तक अखबार ही समाचार और सूचनाओं के लिए एक सबसे प्रभावी माध्यम हुआ करता था। देश में भारतीय परिवारों के बीच रेडियो , टेलीविजन न्यूज चैनलों की पैठ होने के बावजूद अखबारों की प्रासंगिकता थी क्योंकि समाचार पत्र ही एक ऐसा माध्यम था जो लोगों को स्थानीय से लेकर देश और दुनिया की खबरें देने में कामयाब है।मीडिया जगत में हो रहे बदलाव के मद्देनजर अखबारों ने भी अपने तकनीक को विकसित किया है जिसका परिणाम है कि आज समाचार पत्र भी डिजिटल से लेकर प्रिंट के स्वरूप में पाठकों के सामने है। समाचार पत्रों के बाजार को देखें तो कोरोना महामारी के दौर को छोड़ दें तो भारत दुनिया का सबसे बड़ा समाचार पत्र बाजार है। बीते वर्ष 2025 में भारतीय अखबार उद्योग का कुल राजस्व 26,000 करोड़ से अधिक था जिसका चालू वर्ष में 30,000 करोड़ रुपए होने की संभावना है। अनुमान के मुताबिक साल 2030 भारतीय अखबार उद्योग का बाजार 36,000 करोड़ रुपए पहुंचने की उम्मीद है। कोरोना महामारी ने प्रिंट मीडिया पर खासा असर डाला था फलस्वरूप 2020 में राजस्व प्राप्ति 19,000 करोड़ रुपए की थी।

अलबत्ता अखबार केवल बौद्धिक विकास में ही सहायक नहीं है बल्कि यह बुजुर्गों में होने वाले मानसिक रोग 'अल्जाइमर' के बचाव और नियंत्रण में भी सहायक है। इस दिमागी बीमारी में व्यक्ति की याददाश्त धीरे-धीरे कमजोर होते जाती है जिससे उसके सोचने - समझने की क्षमता और व्यवहार पर असर पड़ता है। चिकित्सा विशेषज्ञों की मानें तो अखबारों में प्रकाशित होने वाले शब्द पहेली, सुडोकू और वर्ग पहेली का नियमित अभ्यास अल्जाइमर के बचाव और नियंत्रण में मददगार हो सकता है। दरअसल शब्द पहेली और सुडोकू मस्तिष्क को सक्रिय रखती है तथा याददाश्त में सुधार भी करता है। इन पहेलियों से लोगों में जहां तर्क शक्ति बढ़ती है वहीं इससे मनोरंजन भी होता है जो एकाकीपन और अवसाद से बचाता है। लिहाजा हम कह सकते हैं कि अखबार केवल राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक चेतना के लिए ही नहीं बल्कि सेहत और बौद्धिक विकास के लिए भी आवश्यक है। अखबार केवल सूचना और बौद्धिक विकास के माध्यम ही नहीं है बल्कि यह लाखों लोगों के आजीविका का भी साधन है।

बहरहाल भारत में अखबारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती राजस्व की है क्योंकि एक दौर में विज्ञापनों पर एकाधिकार सिर्फ अखबारों और पत्रिकाओं का था लेकिन टेलीविजन के विस्तार ने इस एकाधिकार पर तेजी से असर डाला है। आज इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया से आगे डिजिटल मीडिया खड़ा है जिसके हिस्से में अच्छा - खासा राजस्व जा रहा है लिहाजा अखबारों के सामने अनेक चुनौतियां भी हैं। अलबत्ता आम पाठकों की रूचि गंभीर लेखन और सच को पढ़ने की है इसलिए तमाम चुनौतियों के बावजूद अखबार का अस्तित्व हमेशा रहेगा। यह भी सच है कि जो भरोसेमंद होता है वही टिकाऊ होता है लिहाजा यह भरोसा कायम रखने के लिए अखबारों को भी वर्तमान जरूरत के मुताबिक अपने कलेवर और कंटेंट में बदलाव करना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## मन पतंग, श्वास डोर!



संकलित

दर्शन

केवल एक स्वस्थ कली ही खिल सकती है। उसी प्रकार केवल एक स्वस्थ व्यक्ति ही सफल हो सकता है। तो स्वस्थ होना क्या है? यदि आपके भीतर कड़ापन, बेचैनी या असंतोष है, तो आप स्वस्थ नहीं हैं। यदि मन अस्थिर और अशांत है, तो आप मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। यदि भावनाएं असंतुलित हैं, तो आप भावनात्मक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। पूर्ण स्वास्थ्य की स्थिति प्राप्त करने के लिए मन को शांत, स्थिर और भावनाओं को कोमल रखना आवश्यक है। पूर्ण स्वास्थ्य हमारे भीतर से बाहर और बाहर से भीतर निरंतर प्रवाहित होना चाहिए। संस्कृत में स्व या आत्मा में स्थित होने को स्वास्थ्य कहते हैं। हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि हमारा अस्तित्व के पांच कोश (परत) होते हैं। पहला है पर्यावरण, अर्थात हमारे चारों ओर का वायुमंडल- यह हमारा मूल आवरण है। दूसरा है भौतिक शरीर। तीसरा है प्राणमय कोश, अर्थात जीवन ऊर्जा। चौथा है मनोमय कोश, जिसमें विचार, भावनाएं और कल्पनाएं होती हैं। पांचवां है विज्ञानमय या अंतर्ज्ञानमय कोश, जिसमें सहज अनुभूति और गहरी समझ होती है- यह अत्यंत सूक्ष्म और प्रभावशाली है। जब कोई रोग उत्पन्न होता है, तो वह पहले विचार रूप में आता है, फिर ध्वनि रूप में, फिर प्रकाश रूप में आभामंडल में प्रकट होता है, और अंततः शरीर में दिखाई देता है।

## जब हमसे कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें



संकलित

प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### युद्ध की आग में झुलसती दुनिया

मध्य पूर्व का क्षेत्र एक बार फिर भय और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। चारों ओर धुएं के गुबार उठ रहे हैं और कभी आबाद रहने वाले शहर अब खामोश खंडहरों में बदलते जा रहे हैं। जहां कभी बच्चों की आवाजें गूंजती थीं वहां अब सन्नाटा और डर का माहौल है। इमारतें धीरे धीरे जंगल का रूप लेती जा रही हैं और इनसान अपनी ही बनाई तबाही के बीच जीने को मजबूर है। यह केवल किसी एक देश की त्रासदी नहीं है बल्कि पूरी मानवता के लिए एक चेतावनी है। ईरान और अमरीका के बीच बढ़ता संघर्ष केवल दो देशों का टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक संतुलन को प्रभावित करने वाला संकट बन चुका है। हाल की घटनाओं में जिस तरह से युद्ध ने तीव्र रूप लिया है उससे यह साफ हो गया है कि हालात किसी भी समय और ज्यादा गंभीर हो सकते हैं। दुनिया युद्ध की आग में झुलस रही है। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# किम की बेटी हो सकती है उनकी उत्तराधिकारी

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी का कहना है कि अब उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की किशोरवय बेटी को उनकी उत्तराधिकारी के रूप में देखना उचित होगा। यह किम जोंग उन की बेटी की बढ़ती राजनीतिक स्थिति पर अब तक का सबसे जोरदार आकलन है, जिसके बारे में एजेंसी का मानना है कि वह अपने परिवार के शासन को चौथी पीढ़ी तक बढ़ा सकती है। सरकारी मीडिया द्वारा किम की ' सबसे प्रिय ' या ' सम्मानित ' संतान के बतायी जा रही यह लड़की, 2022 के अंत से अपने पिता के साथ कई हाई-प्रोफाइल कार्यक्रमों में शामिल हुई है, जिससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि उसे उत्तर कोरिया की भावी नेता के रूप में तैयार किया जा रहा है। ' नेशनल असेंबली ' में हुई एक गुप्त बैठक के दौरान, दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा के निदेशक ली जोंग-सीओक ने कहा कि लड़की को किम का उत्तराधिकारी माना जा सकता है। बैठक में शामिल सांसदों में से एक, ली सियोंग क्वोन के अनुसार, निदेशक ने यह बात लड़की की राजनीतिक स्थिति के बारे में सांसदों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में कही। सांसद ली ने बैठक के दौरान बताया कि जब किम की बहन किम यो जोंग ( जिन्हें लंबे समय से उत्तर कोरिया का दूसरा सबसे शक्तिशाली व्यक्ति माना जाता रहा है।



## ऑफ बीट

# क्या वजन से स्वास्थ्य का आकलन हो सकता है

हमें पढ़ाया गया है कि दुबलेपन का सेहत से और अधिक वजन का बीमारी से संबंध होता है। लेकिन विज्ञान एक ज़्यादा बारीक कहानी कहता है–जहां वजन एक कहीं ज़्यादा जटिल तस्वीर में सिर्फ एक आंकड़ा भर है। तो अगर अकेले वजन ही यह नहीं दर्शाता कि हम कितने स्वस्थ हैं, तो और क्या दर्शाता है? शरीर का वजन स्वास्थ्य के सबसे ज्यादा मापे जाने वाले पैमानों में से एक है। समाज इस पर बहुत जोर देता है और किसी व्यक्ति के वजन की आलोचना को अक्सर स्वास्थ्य संबंधी चिंता के रूप में देखा जाता है। तो वजन असल में कितनी सार्थक स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करता है? सीधे शब्दों में कहें तो, व्यक्ति का वजन शरीर द्वारा ग्रहण की जा रही कैलोरी पर निर्भर करता है। समय के साथ वजन में बदलाव कैलोरी की खपत की ओर इशारा कर सकता है। अगर उनका वजन बढ़ रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी जला रहे हैं, उससे ज़्यादा सेवन कर रहे हैं। वहीं, अगर उनका वजन घट रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी ले रहे हैं, उससे ज़्यादा जला रहे हैं। शायद यह समझना ज़्यादा उपयोगी होगा कि वजन हमें स्वास्थ्य संबंधी कौन-सी जानकारी नहीं देता। कोलेस्ट्रॉल, रक्त शर्करा, रक्तचाप और हृदय गति जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतक अक्सर नहीं मापे जाते हैं।



## X ट्रेंड f

### कार्यकर्ता ही ताकत

भाजपा की ताकत उसके कार्यकर्ताओं में निहित है। उनकी अटूट निष्ठा और सेवा के प्रति समर्पण ही यह सुनिश्चित करता है कि पार्टी का विजन देश के हर कोने तक पहुंचे। उनके प्रयास पार्टी को आगे बढ़ाने की ऊर्जा प्रदान करते हैं। **-नरेंद्र मोदी**, पीएम



### मेडिकल कॉलेजों में सीटें बेची

नारायणसामी सरकार के दौरान मेडिकल कॉलेजों की पीजी और डिप्लोमा सीटें खुलेआम बेची जाती थीं। दलित भाइयों और बहनों के लिए आरक्षित सीटें भी आरक्षण नियमों से बाहर जाकर बेची गईं। उन्होंने इस खूबसूरत राज्य को बर्बाद करने का काम किया। **-अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री



### एलडीएफ-भाजपा में डील

आने वाले केरलम चुनाव के लिए एलडीएफ और भारतीय जनता पार्टी के बीच एक सीक्रेट डील हुई है। हमने देखा है कि सबरीमाला मंदिर में बड़े पैमाने पर चोरियां हुई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से एक शब्द भी नहीं आया। यही इस डील के सबूत हैं।
**-प्रियंका गांधी**, कांग्रेस सांसद



### मोदी कुछ नहीं बोले

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने खुलेआम कोलकाता पर हमला करने की धमकी दी है। और नरेंद्र मोदी ने क्या कहा? कुछ नहीं। क्या हम इंडियन यूनियन का एक स्टेट नहीं माने जाते? क्या हमारे लोगों की जान कोई मायने नहीं रखती?
**-ममता बनर्जी**, सीएम पश्चिम बंगाल



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

**कल्पमेधा**

*कुछ लोग उन चीजों को देखते हैं, जो हैं और पूछते हैं कि वे ऐसी क्यों हैं। मैं उन चीजों के स्वप्न देखता हूं, जो कभी नहीं थीं और कहता हूं कि वे क्यों नहीं हो सकती हैं।*

*- जार्ज बर्नार्ड शा*

## लापरवाही का रोग

पीने का स्वच्छ पानी सबसे बुनियादी जरूरतों में से एक है, जिसके सुरक्षित होने के सवाल पर किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। विडंबना यह है कि देश के अनेक हिस्सों में दूषित पेयजल से उपजे जोखिम के मामले सुर्खियों में आने पर सब कुछ ठीक करने के सरकारी आश्वासन जरूर सामने आते है, लेकिन कुछ समय बाद फिर वैसी ही घटना कहीं और से सामने आ जाती है। गौरतलब है कि जयपुर के सुशीलपुरा इलाके में दूषित पेयजल से पिछले हफ्ते सैकड़ों लोग बीमार हो गए। इनमें बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। लोगों ने उल्टी, दस्त, पेट दर्द, जी मिचलाने और बुखार जैसे लक्षणों की शिकायत की। खबरों के मुताबिक इलाके में सड़क बनाने के काम के दौरान पानी की भूमिगत पाइपलाइन टूट गई, जिससे पेयजल में सीवर का पानी मिल गया। ऐसा लगता है कि न तो स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति को लेकर सरकार गंभीर है, न ही विकास कार्यों के दौरान इस बात का खयाल रखना जरूरी समझा जाता है कि क्या इसकी वजह से दूसरी गंभीर समस्या पैदा हो सकती है।

देश के किसी हिस्से में दूषित पेयजल की वजह से बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने की यह कोई पहली घटना नहीं है। करीब तीन महीने पहले देश के सबसे स्वच्छ माने जाने वाले शहर इंदौर में दूषित पानी पीने की वजह से कई लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों बीमार हो गए। तब यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर चिंता का कारण बना था और इसके बाद हर ओर से पेयजल आपूर्ति को सुरक्षित बनाने की मांग उठी थी। हकीकत यह है कि आए दिन देश के किसी हिस्से से दूषित पेयजल की वजह से लोगों के बीमार होने की खबरें आती रहती हैं। सवाल है कि जिस दौर में हर घर में पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने के दावे किए जा रहे हैं, उसमें अक्सर ऐसी घटनाएं सामने क्यों आ रही हैं कि लोगों के घरों में दूषित पेयजल पहुंच रहा है। कभी सीवर का पानी पाइपलाइन में मिल जाता है, तो कभी किसी अन्य कारण से जहरीला पेयजल लोगों तक पहुंचता है। विकास कार्यों के संचालन और तालमेल की हालत यह है कि सड़क की खुदाई करते हुए इस बात को लेकर सावधानी बरतना जरूरी नहीं समझा जाता कि पेयजल की पाइपलाइन को कोई नुकसान न पहुंचे।

सरकार के कामकाज में बरती गई लापरवाही की वजह से आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित होने की किसी घटना का सबक यह होना चाहिए कि ऐसे हर कदम सख्ती से उठाए जाएं, ताकि भविष्य में वैसा फिर न हो। मगर सच यह है कि जब कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तब सरकार जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने और पीड़ितों को मुआवजा देने की घोषणा करती है, लेकिन इसके कुछ समय बाद सब कुछ बदस्तूर चलने लगता है। सरकारी महकमों की लापरवाही और कुप्रबंधन की वजह से जब बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ते हैं या उनकी जान जाती है, तो निचले स्तर के कुछ कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करके समस्या का हल मान लिया जाता है, जबकि इसके वास्तविक दोषी बचे रह जाते हैं। नतीजतन समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती है। दूषित पेयजल से लोगों के बीमार होने की खबरों से यही साबित होता है कि आम जनता की सेहत और जिंदगी को लेकर सरकारी तंत्र किस हद तक लापरवाह है। जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के केवल नारे या दावे से समस्या का हल नहीं निकल सकता।

## अपराध के पांव

मामूली बातों के लिए किसी की हत्या कानून व्यवस्था से जुड़ा मसला जरूर है, लेकिन इसका समाजशास्त्रीय पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज किया जाता रहा है। आजकल मामूली बातों पर विवाद जिस तरह हिंसक मोड़ ले रहे हैं, वह चिंता का विषय है। लोग अब छोटी-छोटी बातों पर अपना आपा खो देते हैं। ऐसी घटनाओं का अंत कई बार किसी की हत्या तक के रूप में सामने आता है। इस तरह के मामलों में नाबालिगों के भी शामिल पाए जाने से स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। देश की राजधानी होने के बावजूद कानून और सामाजिक विकास के मोर्चे पर नाकामी की वजह से आपराधिक घटनाओं में नाबालिगों की बढ़ती संलिप्तता के पीछे किसकी कमजोरी मानी जाएगी? पिछले दिनों उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में महज चार सौ रुपए के लेनदेन के विवाद में युवक की हत्या समाज की दशा और दिशा की एक तकलीफदेह तस्वीर सामने रख देती है। इस मामले में तीन नाबालिगों पर आरोप है कि वे घटनास्थल पर युवक को चाकू मारते रहे, जबकि चौथा इस घटना का वीडियो बनाता रहा। साफ है कि आरोपियों के मन में कानून का कोई खौफ नहीं था।

इससे पहले भी दिल्ली में हुई कई वारदात में नाबालिग शामिल पाए गए हैं। देश की राजधानी में अपराध की यह तस्वीर कैसे और क्यों बन रही है, यह चिंता सरकार की प्राथमिकता में कहीं नहीं दिखती। इसकी फिक्र भी किसी को नहीं है कि कम उम्र के किशोरों के हाथों में घातक हथियार कैसे पहुंच रहे हैं। हाल के वर्षों में कम उम्र के बच्चों के बीच भी हिंसा की प्रवृत्ति जिस तरह बढ़ी है, यह समाज के लिए बेहद खतरनाक है। नशे की लत का शिकार होने के बाद कई नाबालिग इस समय अपराध के दलदल में धंसते दिख रहे हैं। अगर कुछ किशोर आपराधिक वारदात को बेखौफ अंजाम दे रहे हैं, तो कानून व्यवस्था संभालने वाले जिम्मेदार लोग क्या कर रहे हैं? कानून से लेकर समाज तक, अपराध और अपराधियों के प्रति जरूरी सख्ती न बरतने का ही नतीजा है कि नाबालिगों के कदम अपराध की ओर बढ़ रहे हैं। सरकार और समाज के लिए यह व्यापक चिंता का मसला होना चाहिए।

# हाशिये पर स्वास्थ्य जागरूकता का सवाल

**भारत ने स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन अस्पतालों की कमी, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता का अभाव, संसाधनों की असमानता और नीतियों के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की विफलता साफ दिखती है।**

**मनीष जैसल**

हाल के वर्षों में भारत ने स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन जब हम पिछड़े जिलों में स्वास्थ्य से जुड़ी जागरूकता पर नजर डालते हैं, तो एक अलग ही सच्चाई सामने आती है। अस्पतालों की कमी के साथ स्वास्थ्य संबंधी सामाजिक जागरूकता की कमी, संसाधनों की असमानता और नीतियों के जमीनी क्रियान्वयन की विफलता साफ दिखती है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के आंकड़े बताते हैं कि भारत में स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े मुद्दे केवल चिकित्सा सुविधाओं की कमी से नहीं, बल्कि जागरूकता के अभाव से भी गहराई से जुड़े हैं। यह सर्वेक्षण देश के सात सौ से अधिक जिलों के आंकड़े उपलब्ध कराता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि स्वास्थ्य को लेकर असमानता केवल राज्यों के बीच ही नहीं, बल्कि जिलों के भीतर भी मौजूद है।

यदि हम बिहार जैसे राज्य को देखें, तो स्थिति बेहद चिंताजनक है। यहां लगभग 84 फीसद आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, जहां स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच सीमित है। लगभग 39 फीसद परिवारों के पास शौचालय की सुविधा नहीं है, जिससे खुले में शौच जैसी समस्याएं बनी रहती हैं, जो सीधे तौर पर संक्रमण से जुड़ी हैं। यही नहीं, बच्चों में कुपोषण की स्थिति भी गंभीर है, लगभग 43 फीसद बच्चे बौने हैं। यह केवल भोजन की कमी नहीं, बल्कि पोषण संबंधी जागरूकता की कमी को भी दर्शाता है। बिहार के सीमांचल (कटिहार, किशनगंज, पूर्णिया) या झारखंड के गुमला और सिमडेगा जैसे जिलों में एक समान व्यवहार दिखता है, लोग बीमारी को तब तक गंभीर नहीं मानते, जब तक वह असहनीय न हो जाए। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के सोनभद्र, चित्रकूट, बांदा, अलीराजपुर और मंडला जैसे जिलों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की स्थिति भी आज चिंता का विषय है। राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार, कई महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल नहीं मिल पाती। बिहार में लगभग अठारह फीसद महिलाओं ने गर्भावस्था के दौरान कोई चिकित्सा देखभाल नहीं ली।

राजस्थान की तस्वीर और ज्यादा जटिल है। टीकाकरण में सुधार हुआ है, लेकिन जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। तीस वर्ष से अधिक आयु के लगभग बीस फीसद लोग मधुमेह या उच्च रक्तचाप से ग्रस्त हैं, लेकिन उनमें से बहुत कम लोग नियमित उपचार कराते हैं। झारखंड और मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में पारंपरिक मान्यताओं तथा आधुनिक चिकित्सा के बीच दूरी अब भी बनी हुई है। कई बार लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक नहीं पहुंचते और स्थानीय उपचारों पर निर्भर रहते हैं, जिससे तपेदिक, मलेरिया और खून की कमी जैसी बीमारियां लंबे समय तक छिपी रहती हैं। देश में यह संकट दोतरफा रूप में सामने आता है- एक ओर कुपोषण, दूसरी ओर नई जीवनशैली से होने वाली बीमारियां। यदि वैश्विक तुलना करें, तो जापान, फिनलैंड और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में लोग नियमित जांच, संतुलित आहार और निवारक स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देते हैं। इसके विपरीत भारत में स्वास्थ्य को अक्सर अंतिम प्राथमिकता दी जाती है।

आज के परिदृश्य में इस संदर्भ में एक नया आयाम जुड़ रहा है, वह है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता। सवाल यह है कि क्या एआइ स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाने में मदद कर सकता है,



खासकर उन ग्रामीण क्षेत्रों में जहां जानकारी की सबसे ज्यादा कमी है? ग्रामीण भारत में एआइ का सबसे बड़ा उपयोग जानकारी पहुंचाने में हो सकता है। आज भी कई गांवों में लोग बीमारी के लक्षणों को सही समय पर नहीं पहचान पाते। यदि मोबाइल आधारित एआइ उपकरण स्थानीय भाषा में

देश में स्वास्थ्य जागरूकता की चुनौती केवल अस्पताल या दवाइयों की नहीं, बल्कि सोच और व्यवहार की भी है। बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के पिछड़े जिलों की स्थिति हमें यह सिखाती है कि स्वास्थ्य सुधार के लिए जागरूक समाज सबसे जरूरी है। आज भी देश के करोड़ों घरों में दवाइयों की पहचान उनके नाम से नहीं, बल्कि रंग और आकार से होती है। यह सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता की गहरी कमी का संकेत है। जब दवा का नाम, उसका उपयोग और उसका असर हमें पता ही नहीं, तो सही इलाज कैसे हो पाएगा? ग्रामीण इलाकों में यह आम बात है कि लोग डाक्टर की सलाह के बजाय पुराने पर्चे या दूसरों के अनुभव के आधार पर दवा ले लेते हैं।

सरल तरीके से यह समझाएं कि कब डाक्टर के पास जाना जरूरी है, कौन से लक्षण खतरनाक हैं और कौन-सी सावधानियां अपनानी चाहिए, तो यह एक बड़ा बदलाव ला सकता है। एआइ का उपयोग आशा कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी सेविकाओं के प्रशिक्षण में भी किया जा सकता है। यदि उन्हें मोबाइल पर ऐसे एआइ उपकरण मिलें, जो तुरंत जानकारी दें, लक्षणों का प्राथमिक विश्लेषण करें और सही सलाह सुझाएं, तो वे गांव-स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता की सबसे मजबूत कड़ी बन सकती हैं। यह तकनीक डाक्टर की जगह नहीं ले सकती, लेकिन चिकित्सक और ग्रामीण समाज के बीच की दूरी जरूर कम कर सकती है। फिर भी यह याद रखना जरूरी है कि एआइ केवल एक साधन है, समाधान नहीं।

देश में स्वास्थ्य जागरूकता की चुनौती केवल अस्पताल या दवाइयों की नहीं, बल्कि सोच और व्यवहार की भी है। बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के पिछड़े जिलों की स्थिति हमें यह सिखाती है कि स्वास्थ्य सुधार के लिए जागरूक समाज सबसे जरूरी है। आज भी देश के करोड़ों घरों में दवाइयों की पहचान उनके नाम से नहीं, बल्कि रंग और आकार से होती है। यह सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता की गहरी कमी का संकेत है। जब दवा का नाम, उसका उपयोग और उसका असर हमें पता ही नहीं, तो इलाज कैसे सही होगा? देश के ग्रामीण इलाकों में यह आम बात है कि लोग डाक्टर की सलाह के बजाय पुराने पर्चे या दूसरों के अनुभव के आधार पर दवा ले लेते हैं। कई बार एक ही दवा अलग-अलग बीमारी में खा ली जाती है, क्योंकि उसकी पहचान केवल रंग या आकार से जुड़ी होती है।

यह समस्या सिर्फ दवाइयों तक सीमित नहीं है। हम अपने शरीर के संकेतों को भी अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं- हल्का बुखार, लगातार थकान, खांसी या वजन में बदलाव को सामान्य मानकर टाल देते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं, शहरों में भी अक्सर यह देखा जाता है कि लोग तब तक डाक्टर के पास नहीं जाते, जब तक बीमारी गंभीर न हो जाए। यह सोच अब बदलने की जरूरत है। हमें यह समझना होगा कि स्वास्थ्य केवल अस्पताल या दवा का विषय नहीं, बल्कि रोजमर्रा की आदतों और जागरूकता से जुड़ा मामला है। अगर आज भी हम दवाइयों को रंग से पहचान रहे हैं, तो यह विचार करने का समय है कि हम विकास की इस दौड़ में स्वास्थ्य समझ के स्तर पर वास्तव में कितना आगे बढ़े हैं।

ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य जागरूकता का सबसे बड़ा संकट 'जानकारी का अभाव' है। कई बार लोग यह तक नहीं समझ पाते कि कौन-सा लक्षण सामान्य है और कौन-सा खतरनाक। आज भी कई गांवों में डाक्टर तक पहुंच सीमित है, लेकिन वहां मोबाइल पहुंच चुका है। ऐसे में एआइ उस खाली जगह को भर सकता है। इसके जरिए कम से कम स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी तो लोगों तक पहुंच सकती है। अगर आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सेविकाओं के हाथ में एआइ आधारित सरल तकनीक आ जाए, तो वे सिर्फ सूचना देने वाली नहीं, बल्कि 'स्मार्ट हेल्थ गाइड' बन सकती हैं। वे घर-घर जाकर केवल सलाह नहीं देंगी, बल्कि सही और तुरंत जानकारी के आधार पर लोगों को समझा पाएंगी। इससे भरोसा भी बढ़ेगा और लोगों का स्वास्थ्य के प्रति व्यवहार भी बदलेगा। मगर एक बात साफ है कि तकनीक तभी काम करेगी, जब वह लोगों की भाषा और उनकी जरूरत के हिसाब से ढले। वरना एआइ भी एक कागजी योजना बनकर रह जाएगी। इसलिए जरूरी है कि देश में स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर सरकारी और सामाजिक स्तर पर एकजुट होकर प्रयास किए जाएं।

# चुनौतियों का जीवन

**दुनिया मेरे आगे**

**दीपिका शर्मा**

धरती पर जीवन अगर बिना चुनौतियों के होता, तो क्या हर कोई सच में खुश होता? शायद नहीं। दरअसल, किसी लक्ष्य को पाने के बाद जो संतोष मिलता है, वह केवल परिणाम से नहीं, बल्कि उस तक पहुंचने की यात्रा से जन्म लेता है। असफलता के बाद खुद को तराशने का जो अवसर मिलता है और फिर सफलता के साथ जो अनुभूति होती है, वही जीवन को सार्थक बनाती है। अगर ये संघर्ष और ठोकरें न हों, तो जीवन नीरस, अधूरा और लक्ष्यहीन हो जाए।

आज रफ्तार में तेजी का समय है, जहां हर कोई जल्दी से जल्दी सब कुछ पाना चाहता है। चाहे बात करिअर की हो या रिश्तों की, धैर्य और निरंतर प्रयास की जगह अधीरता तथा त्वरित परिणामों की चाह ने ले ली है। विशेष रूप से नई पीढ़ी के सामने एक ऐसी दुनिया है, जहां हर प्रश्न का उत्तर एक 'क्लिक' पर उपलब्ध है। विद्यार्थी जब किसी प्रश्न में अटकते हैं, तो तुरंत कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ या इंटरनेट का सहारा ले लेते हैं। धीरे-धीरे यह सुविधा एक आदत बनती जा रही है- चुनौतियों से बचने की आदत। यह आदत देखने में आसान जरूर लगती है, लेकिन इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। जब हम हर कठिनाई से बचने लगते हैं, तो हमारा मस्तिष्क भी कम सक्रिय होता जाता है। सोचने, समझने और समस्या-समाधान की क्षमता कमजोर पड़ने लगती है। इसके साथ ही, तुरंत पाने की तीव्र इच्छा भी बढ़ती जाती है, जो संतोष को कम और असंतोष को अधिक बढ़ाती है।

असफलता जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है, लेकिन आज की पीढ़ी के लिए उसे स्वीकार करना और समझना एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। जब हम बिना प्रयास के सब कुछ पाने के आदी हो जाते हैं, तो छोटी-सी असफलता भी हमें तोड़ देती है। जबकि सच्चाई यह है कि असफलता ही हमें अपने भीतर झांकने और खुद को बेहतर बनाने का अवसर देती है। एक प्रसिद्ध कहावत है- 'करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान।' यानी निरंतर अभ्यास से एक साधारण व्यक्ति भी बुद्धिमान बन सकता है। अगर अभ्यास के स्थान पर केवल 'एक क्लिक' रह जाए, तो यह विकास संभव नहीं है। ज्ञान केवल जानकारी से नहीं, बल्कि अनुभव और प्रयास से आता है।

जीवन का अर्थ यह नहीं कि सब कुछ आसानी से मिल जाए। वह जीवन ही क्या, जो चुनौतियों और संघर्षों से वंचित हो! असली सुंदरता इन्हीं उतार-चढ़ावों में छिपी होती है। चुनौतियां न केवल हमारे धैर्य की परीक्षा लेती हैं, बल्कि हमारे भीतर छिपी क्षमताओं को भी उजागर करती हैं।

जीवन का अर्थ यह नहीं कि सब कुछ आसानी से मिल जाए। वह जीवन ही क्या, जो चुनौतियों और संघर्षों से वंचित हो! असली सुंदरता इन्हीं उतार-चढ़ावों में छिपी होती है। चुनौतियां न केवल हमारे धैर्य की परीक्षा लेती हैं, बल्कि हमारे भीतर छिपी क्षमताओं को भी उजागर करती हैं। जिन क्षमताओं से हम अनजान रहते हैं, उनसे हमें यही चुनौतियां परिचित कराती हैं। जब हम किसी कठिन परिस्थिति से जूझते हैं, तब हमारे भीतर का साहस, विवेक और आत्मबल सक्रिय होता है। यही संघर्ष हमें मानसिक, भावनात्मक और आत्मिक रूप से परिपक्व बनाता है। जैसे हीरा तराशे जाने के बाद ही चमकता है, उसी प्रकार चुनौतियां हमारे व्यक्तित्व को निखारती हैं और हमें दमकने का अवसर देती हैं।

इसलिए चुनौतियों से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उन्हें एक अवसर के रूप में स्वीकार करना चाहिए। प्रत्येक संघर्ष हमें कुछ सिखाता है और सफलता की ओर एक कदम आगे बढ़ाता है। यही मार्ग हमें एक बेहतर, सशक्त और प्रेरणादायी व्यक्ति बनाता है। करिअर के क्षेत्र में भी यही बात लागू होती है। सफलता रातोरात नहीं मिलती। उसके पीछे निरंतर मेहनत, धैर्य और संघर्ष छिपा होता है। अगर थामस एडिसन तत्काल सफलता के पक्ष में होते, तो हमें आज बल्ब की रोशनी नहीं मिलती। उन्होंने हजारों बार असफलता का सामना किया। जब उनसे पूछा गया, तो उन्होंने कहा- 'मैं असफल नहीं हुआ, मैंने एक हजार ऐसे तरीके खोजे, जो काम नहीं करते।'

जो लोग चुनौतियों से भागते हैं, वे अक्सर अपनी ही संभावनाओं से दूर हो जाते हैं। वहीं, जो लोग कठिनाइयों का सामना करते हैं, वे धीरे-धीरे अपने लक्ष्य के करीब पहुंचते हैं और आत्मविश्वास से भर जाते हैं। आज के दौर में जिस तरह आत्महत्याओं के मामले बढ़ रहे हैं, उनमें छात्रों की संख्या चिंताजनक रूप से अधिक है। बढ़ती प्रतिस्पर्धा, परीक्षा का दबाव, करिअर को लेकर असमंजस और असफलता का डर युवाओं पर गहरा मानसिक दबाव बना रहे हैं। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर तुलना, परिवार की अपेक्षाएं और तुरंत सफलता पाने की चाह भी तनाव को बढ़ाती हैं। कई छात्र अपनी भावनाएं साझा नहीं कर पाते, जिससे अकेलापन और निराशा बढ़ती है। ऐसे समय में आवश्यक है कि हम मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें, संवाद बढ़ाएं और असफलता को सीख के रूप में स्वीकार करना सिखाएं। यह एक दिन में संभव नहीं हो सकता। इसलिए अपने बच्चों में चुनौतियों का सामना करने का गुण बचपन से ही उनके भीतर डालना चाहिए, जिससे उनका जीवन संवर सके।

आज संवाद की कमी, मोबाइल और सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग, अवास्तविक अपेक्षाएं, तुलना और अहंकार की वजह से लोग एक-दूसरे को पर्याप्त समय नहीं दे पाते, जिससे भावनात्मक दूरी बढ़ती है। छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज करने या खुलकर बात न करने से गलतफहमियां बढ़ती हैं। अगर रिश्तों में धैर्य, समझ, सम्मान और खुला संवाद बनाए रखा जाए, तो इन टकरावों को सुलझाकर रिश्तों को अधिक गहरा बनाया जा सकता है। यह समझना आवश्यक है कि जीवन की बाधाएं टूटने का संकेत नहीं, बल्कि स्वयं को निखारने का अवसर हैं। हर चुनौती हमें पहले से बेहतर बनाती है। इसलिए चुनौतियों से डरकर नहीं, बल्कि उनका सामना करके ही हम जीवन को सही मायनों में जी सकते हैं। चुनौतियों से बचकर नहीं, उनसे निखरकर ही बनता है जीवन।

## टकराव की सीमा

लोकतंत्र का मूल आधार स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव है। मगर जब न्यायपालिका के प्रतिनिधि जो संविधान के संरक्षक माने जाते हैं, अगर वे भी भीड़ का शिकार बनते हैं, तो यह केवल कानून-व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के क्षरण का भी संकेत है। इस घटना पर शीर्ष न्यायालय की कड़ी प्रतिक्रिया स्वाभाविक है, क्योंकि यह सीधे-सीधे न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप का मामला है। पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा कोई नई घटना नहीं है। यह समस्या केवल किसी एक दल तक सीमित नहीं है। यह एक राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा बन चुकी है। जब सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश को यह कहना पड़े कि उन्हें रात दो बजे तक जाग कर स्थिति पर नजर रखनी पड़ रही थी, तो यह संवैधानिक संकट की पराकाष्ठा है। राज्य सरकार और न्यायपालिका के बीच इस तरह का सीधा टकराव लोकतंत्र में 'नियंत्रण और संतुलन' व्यवस्था के बिगड़ने का संकेत है। यदि न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने वाले उपद्रवियों की पहचान होने के बावजूद कार्रवाई नहीं होती, तो इससे आम जनता का कानून पर से भरोसा उठ सकता है।

*- युगल किशोर राही, छपरा*

## युद्ध और तबाही

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध में सिवाय बर्बादी के कुछ हासिल नहीं होने वाला। युद्ध में अमेरिका और ईरान के बीच इतनी भयावह परिस्थिति पैदा हो गई कि युद्ध विश्वयुद्ध के मुहाने पर खड़ा हो गया। ईरान के खिलाफ इजराइल के जंग में अमेरिका की सहभागिता खुद उस पर ही भारी पड़ गई है। अमेरिका ने सोचा होगा कि खामेनेई की मौत के बाद ईरान कमजोर पड़ जाएगा, लेकिन ऐसा होता दिखाई नहीं दिया और उल्टे वह चक्रव्यूह में फंस गया। ईरान ने अमेरिका के आत्मविश्वास को ध्वस्त कर दिया। आए दिन बर्बादी और खौफनाक मंजर दुनिया के सामने है। कुछ भी हो, अब उसे सूझबूझ से युद्धविराम की ओर बढ़ना चाहिए। सिर्फ वर्चस्व की जिद में बेकसूर लोगों की जान लेना अमानवीय है। हैरत है कि भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाने का श्रेय लेने और झूठा भ्रम पैदा करने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति स्वयं युद्ध में उलझे हैं और उसे नहीं रुकवा नहीं पा रहे।

*- योगेश जोशी, बड़वाह*

## किसकी जिम्मेदारी

'भगदड़ का सबक' (संपादकीय, 1 अप्रैल) पढ़ा। नालंदा के मघड़ा गांव स्थित शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की मौत हमारे प्रशासनिक तंत्र की गहरी विफलता का प्रमाण है। कुंभ, हाथरस, बंगलुरु और पुरी में हुई घटनाओं के बाद भी यदि कोई सबक नहीं लिया गया, तो यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। हर बार वही पुरानी कहानी दोहराई जाती है- जांच के आदेश, निचले कर्मचारियों का निलंबन और फिर गहरी चुप्पी। जिम्मेदार अधिकारी हमेशा की तरह बेदाग बच निकलते हैं। धार्मिक आयोजनों मे भीड़ का अनुमान लगाना और उसका उचित प्रबंधन करना कोई असाधारण काम नहीं है। यह प्रशासन का बुनियादी दायित्व है। जब तक वरिष्ठ अधिकारियों की सीधी जवाबदेही तय नहीं होगी और दोषियों को कठोर दंड नहीं मिलेगा, ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं। निर्दोष श्रद्धालुओं की मौत के लिए व्यवस्था की लापरवाही जिम्मेदार है।

*- वेदिका मनोज सावल, जम्मू*

## गुम होती संवेदना

अजीब विडंबना है कि अंतरराष्ट्रीय संगठन अपनी बैठकों में मानव कल्याण तथा पर्यावरण संरक्षण पर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन उसके निर्णयों को धरातल पर लाने की पहल कोई भी देश नहीं करता। इस समय जब पूरी दुनिया युद्ध की विभीषिका से जूझ रही है और बड़ी संख्या में निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं, तो ऐसे में अंतरराष्ट्रीय संगठनों की निष्क्रियता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। जिन मुल्कों पर मानवीय मूल्यों की रक्षा करने की जिम्मेदारी थी और सभी को साथ लेकर चलने का दायित्व था, वही मिसाइलें ताने खड़े हों, तो शांति और संवाद की उम्मीद धूमिल नजर आती है। ऐसा लगता है महाशक्तियां कारोबारी षड्यंत्रों में उलझ कर रह गई हैं। हम अब ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जब संवेदना और सद्भावना गुम हो रही है। मानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों का निरंतर क्षरण हो रहा है।

*- हुकुम सिंह पंवार, टोड़ी, इंदौर*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

## संपादकीय

# अर्थव्यवस्थेला युद्धाच्या झळा!

पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर के रीजनल केंद्र के रूप में उभर रहा है। इस संकट के कारण वैश्विक 'हाइपरस्केलर्स' और खाड़ी स्थित क्लाउड कंपनियों की ओर से भारतीय डेटा सेंटर्स की मांग में उछाल आया है। क्षेत्र में अस्थिरता के कारण कंपनियां वर्कलोड और इंफ्रास्ट्रक्चर दुबई जैसे केंद्रों से भारत शिफ्ट कर रही हैं। गूगल क्लाउड, एडब्ल्यूएस और माइक्रोसॉफ्ट एज्योर जैसी प्रमुख कंपनियां भारतीय डेटा सेंटरों के साथ बड़े 'को-लोकेशन' सौदों की तलाश में हैं। सूत्रों के मुताबिक, एक सार्वजनिक क्लाउड फर्म रीजन होस्ट करने के लिए कंट्रोल-एस, सिफी, एनटीटी, कैपिटालैंड और एयरटेल नेक्स्ट्रा जैसे प्रोवाइडर्स से बातचीत कर रही है। आईडीसी के अनुसार, भारत का पब्लिक क्लाउड मार्केट 2024-29 के बीच 22% की वार्षिक दर से बढ़कर 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। योट्टा डेटा सर्विसेज के को-फाउंडर, सीईओ सुनील गुप्ता ने कहा, '3-4 हफ्तों में डेटा सेंटर क्षमता की मांग 200-500 मेगावाट के बीच पहुंच गई है। मिडिल ईस्ट से आ रही पूछताछ में कॉन्ट्रैक्ट जल्द बंद करने की होड़ है।'

### भारत में एआई फैसिलिटी की लागत आधी से भी कम

हाइपरस्केलर्स अब भारत को क्षेत्रीय वर्कलोड के लिए एक वैकल्पिक केंद्र के रूप में देख रहे हैं। रैकबैंक के संस्थापक नरेंद्र सेन ने कहा, 'भारत में 100 मेगावाट की एआई सुविधा बनाने में लगभग 45-55 करोड़ रुपए खर्च होते हैं, जबकि सिंगापुर में इसकी लागत 111-130 करोड़ रुपए बैठती है। भारत समान लागत में दोगुनी क्षमता देता है।'

युद्ध अपने पड़ोसियों के लिए प्यार के बजाय हमारे दिलों में नफरत भर देता है। -रॉबर्ट एडवर्ड ली

**पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत उन कुछ देशों में शामिल है, जिनके सर्वाधिक जहाज होर्मुज को सुरक्षित पार कर पाए हैं। यह निस्संदेह भारत के लिए थोड़ी राहत की बात है, लेकिन ऐसे संकट बार-बार हमें ऊर्जा सुरक्षा के मद्देनजर दीर्घकालिक व स्वावलंबी रणनीति अपनाने की जरूरत की याद दिलाते हैं।**

# थोड़ी-सी राहत



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव की छाया में भारत के नौवें जहाज का होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित पार होना देश में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे कूटनीतिक प्रयासों के प्रति भरोसा तो जगाता ही है, लाखों एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए भी राहत देने वाली खबर है। गौरतलब है कि तेहरान द्वारा होर्मुज मार्ग से जहाजों की आवाजाही पर पूरी तरह से रोक लगाने के बाद से ही भारत अपने जहाजों के इस मार्ग से गुजरने को लेकर ईरान के साथ राजनयिक स्तर पर बातचीत कर रहा है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची कह भी चुके हैं कि भारत जैसे तेहरान के मित्र देशों के लिए यह मार्ग खुला रहेगा। ऐसे संकट के समय में, जब अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में तेल की कीमतों में आग लगी हुई है, होर्मुज के जोखिम भरे रास्ते से तेल और गैस से भरे सबसे अधिक जहाज सुरक्षित निकालना भारत की एक बड़ी कूटनीतिक कामयाबी कही जा सकती है। यही नहीं, 2019 के बाद यह पहली बार है, जब भारत ने ईरान से तेल व एलपीजी आयात किया है, जिसका भुगतान अमेरिकी प्रतिबंधों से बचते हुए युआन/स्थानीय मुद्राओं में करके ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। होर्मुज समुद्री मार्ग की अहमियत इससे ही समझी जा सकती है कि भारत के कच्चे तेल के आयात का करीब 40 फीसदी, एलएनजी आयात का 50 फीसदी से अधिक और एलपीजी आयात का करीब 90 फीसदी हिस्सा इसी मार्ग से ही गुजरता था। भारत की सालाना एलपीजी खपत 3.3 करोड़ टन से अधिक है, जिसमें आयात पर निर्भरता 60 फीसदी है। पिछले कुछ समय में देश में गैस-तेल संकट के संदर्भ में विपक्षी दलों ने सरकार को घेरने की कोशिश की है, लेकिन सरकार ने बेहद तनावपूर्ण वैश्विक हालात में अमेरिका व इस्राइल के साथ ही ईरान के साथ भी संबंधों को साधते हुए अपनी बहुध्रुवीय विदेश नीति का ही परिचय दिया है। ध्यान देने वाली बात है कि ईरान ने भी पश्चिम एशिया में जारी तनाव को कम करने में भारत की भूमिका को अहम बताया है।

हालांकि, चुनौतियां अभी बाकी हैं। अगर अमेरिका व ईरान में जंग रोकने पर सहमति हो भी जाती है, तो ट्रंप की शैली को देखते हुए यह कहना मुश्किल है कि यह कितना टिकेगी। ऐसे में, भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा के मद्देनजर दीर्घकालिक रणनीति अपनानी चाहिए। अच्छी बात है कि भारत ऊर्जा आयात में विविधीकरण को बढ़ावा दे रहा है। लेकिन, अब समय आ गया है कि स्वदेशी ऊर्जा उत्पादन को भी बढ़ावा मिले। आयात निर्भरता को कम करके ही वैश्विक भू-राजनीतिक जोखिमों के असर को सीमित किया जा सकता है।

# असल जंग दिमागों में लड़ी जा रही है

**पश्चिम एशिया का संकट धारणाओं (नैरेटिव) की लड़ाई बन गया है, जिसमें युद्ध की असल तस्वीर छिप गई है। अमेरिका/ट्रंप विरोध, यहूदी-विरोध और पीड़ित (ईरान) का समर्थन, इन तीन नैरेटिव ने चीजों को इतना उलझा दिया है कि बर्बादी के कगार पर पहुंचा ईरान भी विजेता प्रतीत हो रहा है।**

जंग कौन जीत रहा है-अगर युद्ध के मैदान में नहीं, तो कहीं और? मौजूदा मीडिया की तस्वीर यही दिखाती है कि ट्रंप हार रहे हैं। यह करारी हार की ही तैयारी थी कि तीव्र आवेग से भरा एक राष्ट्रपति, बिना किसी रणनीति के (एक जरूरतमंद रणनीतिक साझेदार के बोझ तले दबा हुआ और 'महान अमेरिका' के सम्राट के तौर पर अपनी ही आभा से अंधा होकर) एक देश पर बमबारी करने चला गया।

इस तस्वीर (नैरेटिव) की रोचकता उस विजेता (ईरान) की मजबूत इच्छाशक्ति से और बढ़ जाती है, जो लहूलुहान होते हुए भी सांस ले रहा है। यह एक ऐसे क्रांतिकारी गणतंत्र की कहानी दिखाता है, जो इतिहास के लंबे युद्धों की भट्ठी में तपकर और भी मजबूत हो गया है। उसमें अपनी पीड़ा को प्रतिरोध में, सैन्य असमानता को एक मौलिक आक्रमण में, अपनी भौगोलिक स्थिति को शस्त्रागार में, और अपनी आस्था के ताने-बाने को एक ऐसी अभेद्य मशीन में बदलने का अदम्य संकल्प है, जिसे कोई भी शक्ति काट या नष्ट नहीं कर सकती। एक तीसरा पक्ष (इस्राइल) भी है (ज्यादातर तस्वीरों में यही पहला पक्ष होता है), जो अपने अस्तित्व को लेकर इतनी ज्यादा और लाइलाज आशंकाओं में डूबा हुआ है कि उसने इस युद्ध को हर देश के दरवाजे तक पहुंचा दिया है। इसने अमेरिकी राष्ट्रपति को अपने मुख्य सामाजिक आधार के साथ विश्वासघात करने पर मजबूर कर दिया, और उन्हें एक ऐसे दूरदराज के दलदल में घसीट लिया है, जहां राष्ट्रवादी लाभ तो बहुत कम है, लेकिन राजनीतिक और आर्थिक नुकसान कहीं ज्यादा है। हालात ऐसे बनते दिख रहे हैं, जैसे एक और वियतनाम युद्ध की स्थिति बनती दिख रही हो और यह अमेरिका के राष्ट्रपति पद को कमजोर कर रहा है, जिससे देश पहले से ज्यादा छोटा और कमजोर नजर आ रहा है।



**एस प्रसन्नराजन**
*ओपन मैगजीन के संपादक*

ईरान के खिलाफ जंग असल में लोगों के जहन में ज्यादा असरदार ढंग से लड़ी जा रही है, जहां विचारधाराओं को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि यह साफ हो सके कि विजेता कौन है और हारने वाला कौन। इसलिए, भले ही ऊपर जमीन पर नुकसान हो रहा हो, पर ईरान के नेता अंदर से खुद को मजबूत महसूस कर सकते हैं। यहां तीन चीजें काम कर रही हैं।



पहला, अमेरिका-विरोध और ट्रंप-विरोध का मेल। अमेरिका के प्रति राजनीतिक और साथ ही सांस्कृतिक विरोध शीतयुद्ध से चला आ रहा है। नए रूप में यह अमेरिका-विरोध (या वैचारिक रूप से आहत लोगों के लिए साम्राज्यवाद-विरोध) हर बार असर डालता है, जब अमेरिका अपनी शर्तों के अनुसार आजादी की परिभाषा तय करने की कोशिश करता है। यह तथ्य कि अमेरिका का राष्ट्रीय हित तथाकथित 'अंतरराष्ट्रीय नैतिकता' से हमेशा मेल नहीं खाता और उदारवादियों के आत्म-सच्चाई के भाव को और भी दृढ़ बनाता है। अब, जब ट्रंप ने अमेरिका की छवि को अपने तरीके से बदल दिया है, जो कई लोगों को डराने वाला लगता है, खासकर उन्हें, जो सच, कानून और विनम्रता जैसे पुराने मूल्यों में विश्वास करते हैं, तो साम्राज्यवाद-विरोध को एक उपयुक्त और राक्षसी चेहरा मिल गया है। पश्चिम-एशिया में भड़कती युद्ध की लपटें इस चेहरे को और भी विशाल बना देती हैं, मानो यह फारस की कोई परी कथा हो।

दूसरा, यहूदी-विरोध। शायद यह कुछ आइवी लीग परिसरों (अमेरिका के निजी शोध विश्वविद्यालय, जो अपनी अकादमिक उत्कृष्टता, उच्च चयन-मानकों और प्रतिष्ठा के लिए विश्व स्तर पर विख्यात हैं) और लंदन की सड़कों पर ज्यादा दिखता है, लेकिन इसका एक छिपा हुआ रूप भी है, जिसे हम अक्सर समझ नहीं पाते। यह तब सामने आता है, जब इस्राइल को एक 'नरभक्षी' देश बताकर उसकी निंदा की जाती है। उनकी नजर में इस्राइल एक ऐसा देश है, जो अपनी मनगढ़ंत कहानी का हवाला देकर फलस्तीनियों के खिलाफ अपने अपराधों और ईरान में अपने 'सिर काटने' के मिशन को सही ठहराता है। इस्राइल अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए युद्ध में उतर सकता है, और जीत भी सकता है। पर, जैसा कि पहले गाजा में हुआ था, यह नैरेटिव की लड़ाई हार जाएगा। हो सकता है कि इसने ईरानी नेतृत्व को पूरी तरह तबाह कर दिया हो, जिसकी शुरुआत अयातुल्ला खामनेई से हुई। और अमेरिका व इस्राइल ने भले ही ईरानी रक्षा प्रणालियों को काफी हद तक नष्ट कर दिया हो, पर रिवोल्यूशनरी गाइर्स द्वारा चार दशकों से भी अधिक समय में तैयार किया गया सैन्य-औद्योगिक ढांचा अब भी बरकरार है। फिर भी, इस्राइल यह युद्ध नहीं जीत रहा है, क्योंकि इस युद्ध को लड़ने वाला इस्राइल ऐसा देश नहीं है, जिसे अपने दुश्मनों को हराने की जरूरत है, बल्कि वह तो खुद ही चुराई हुई भूमि पर थोपा गया एक झूठ है।

तीसरा, पीड़ित का पक्ष लेते वक्त, राष्ट्रों की संप्रभुता के साथ खड़े होना और राष्ट्र-निर्माण के साम्राज्यवादी दिखावे का विरोध करना नैतिक रूप से आवश्यक है। यह उदात्त उदारवादी भावना उस दमनकारी मुल्लाशाही को भी उन लोगों के लिए स्वीकार्य बना देती है, जो अन्यथा लोकतांत्रिक मूल्यों की दुहाई देते हैं। 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के विरोध और तेल संकट से आहत, ट्रंप के दौर के बाद खंडहरों से आए वे चुनौती भरे बयान, जो अब संघर्ष-विराम का संकेत दे रहे हैं, अमेरिका-इस्राइल गठबंधन के कथित अलगाव की भावना से प्रेरित हैं। ईरान अब कोई धार्मिक-फासीवादी मुल्क नहीं रहा। वह कमजोर होने के बावजूद, एक ऐसे साम्राज्यवादी के सामने डटकर खड़ा है, जो अपनी इज्जत बचाने के लिए बस एक दिखावे की आड़ ढूंढ रहा है। जीत के नारों के बीच ईरान को देखना कुछ लोगों को सुकून देता है, खासकर उन्हें, जो ट्रंप और नेतन्याहू की नीतियों को गलत मानते हैं। इसलिए अब वे चाहते हैं कि 'महान इस्लामी क्रांति' ही विजयी हो।

इस बात की संभावना कम ही है कि इन तीनों उदारवादी दृष्टिकोणों का गठबंधन ईरान को युद्ध जीतवा पाएगा। अगर ईरान ने कुछ हासिल किया है, तो वह यह है कि इसने दमन को प्रतिरोध की आड़ में छिपा दिया है। यह कुछ बेवकूफों द्वारा गढ़ा गया एक बेहतरीन कथा भ्रम है कि ईरान अब न तो 'आस्था का आखिरी साम्राज्य' रहा, और न ही 'क्षेत्रीय उथल-पुथल का केंद्र'। अब यह वह 'पुलिस राज' भी नहीं रहा, जो अपने ही लोगों से सबसे ज्यादा डरता हो, और जिसकी सड़कों पर 'ईश्वर की अपनी गोलीबारी करने वाली पुलिस' तैनात रहती हो, और अब यह वह क्रांतिकारी राज्य नहीं रहा, जो शहादत की भावना का इस्तेमाल खुद मरने और लोगों को मारने के लिए करता हो। ईरान अचानक ही 'पीड़ित' होने की उस स्वायत्त स्थिति में सुरक्षित महसूस करने लगा है और उसका अस्तित्व ही इस युद्ध का एकमात्र नैतिक उद्देश्य बन गया है।

edit@amarujala.com

## जीवन धारा



दलाई लामा

**यदि हम अपने संकल्पों को गंभीरता से नहीं लेंगे, तो उन्हें पूरा करने का समय कभी नहीं मिलेगा, क्योंकि हम हमेशा किसी न किसी काम में व्यस्त ही रहते हैं। इसलिए, प्रतिबद्धता के बिना किसी भी प्रयास में सफलता मुश्किल है।**

# प्रतिबद्धता के बिना प्रयास अधूरे हैं

*व्यक्ति के मानसिक सुधार के लिए सबसे पहली जरूरत है, किसी कार्य को लेकर गंभीरता और संकल्प। प्रतिबद्धता के बिना कोई भी प्रयास करना मुश्किल है। मैं कई बार टाल-मटोल की समस्या के संदर्भ में लोगों को एक कहानी सुनाता हूं। एक लामा ने अपने शिष्यों को प्रेरित करने के लिए उनसे वादा किया था कि वह उन्हें एक दिन घुमाने ले जाएगा। इस बात का बच्चों पर असर पड़ा और वे उस वादे को सच मानकर अपने अध्ययन में लगे रहते थे। लेकिन काफी समय बाद भी जब वह लामा उन बच्चों को घुमाने नहीं ले गया, तो उनमें सबसे छोटे शिष्य ने अवसर देखकर अपने गुरु को उसका वादा याद दिलाया। तब लामा ने कहा कि वह बहुत व्यस्त है, इसलिए थोड़ी और प्रतीक्षा करनी होगी। कुछ और समय बीता तथा गर्मियों के बाद सर्दी का मौसम भी शुरू हो गया।*



*एक बार फिर शिष्य ने लामा को याद दिलाते हुए पूछा, 'हम घूमने कब जाएंगे?' लामा ने फिर वही उत्तर दिया, 'मैं थोड़ा व्यस्त हूं।' कुछ समय बाद लामा ने बच्चों में कुछ हलचल देखी, तो पूछा, 'यह क्या हो रहा है?' उसने देखा, किसी मृत व्यक्ति का शव ले जाया जा रहा था। एक शिष्य ने कहा, 'बेचारा गरीब आदमी घूमने जा रहा है!' इस कहानी का आशय यही है कि यदि हम अपने संकल्पों को गंभीरता से नहीं लेंगे, तो उन्हें पूरा करने का समय कभी नहीं मिलेगा, क्योंकि हम हमेशा किसी न किसी काम में व्यस्त ही रहते हैं।*

*मैं सावधान करना चाहता हूं कि व्यक्ति जब शुरुआत में ध्यान लगाता है, तो उसे पता चलता है कि उसका मस्तिष्क जंगली घोड़े जैसा है। जंगली घोड़े को जिस तरह अपने घुड़सवार के साथ तालमेल बिठाने में थोड़ा समय लगता है, ठीक उसी तरह मस्तिष्क को साधने में भी थोड़ा वक्त लगता है। लंबे समय तक लगातार अभ्यास के बाद ही हमें ध्यान का वास्तविक लाभ नजर आता है। मानसिक प्रशिक्षण के किसी अल्पकालिक कार्यक्रम के लिए कुछ दिन निकालना ठीक है, लेकिन उसके परिणामों से तुरंत किसी निष्कर्ष पर पहुंचना गलत है, क्योंकि इसमें समय लगता है। इसका पूर्ण लाभ मिलने में कई महीने या कई वर्ष भी लग सकते हैं। इसलिए, मस्तिष्क की प्रक्रिया को समझना चाहिए, जिसे शांत भाव से ही किया जा सकता है। शुरू में हताशा जरूर हो सकती है, मगर निराश न होना बेहद जरूरी होता है। ध्यान की प्रक्रिया के आरंभ में इसके लाभ पर विचार करना जरूरी है। महज इसी अभ्यास से हमें तत्काल चिंता और भटकाव से मुक्ति मिलने लगती है। यह अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। इससे विवेक जागृत होता है और भावी परेशानियों से निपटने की समझ भी विकसित होती है। ध्यान न करने से हम विनाशकारी भावनाओं और विचारों का शिकार हो जाते हैं और हमारी मानसिक शांति नष्ट हो सकती है।*

*-बियॉन्ड रिलिजन: एथिक्स फॉर ए होल वर्ल्ड के अनूदित अंश*

## टाल-मटोल करना छोड़ें

सूत्र

*जीवन में शांति पाने के लिए सबसे जरूरी है-दृढ़ संकल्प, निरंतर अभ्यास और टाल-मटोल से बचना, क्योंकि बिना प्रतिबद्धता के कोई भी प्रयास सफल नहीं हो सकता। ध्यान की शुरुआत में मन भटकता है, लेकिन लगातार प्रयासों से धीरे-धीरे मन शांत होने लगता है, जिससे चिंता कम होती है और विवेक जागृत होता है।*

## दूसरा पहलू

'इनफिनिट स्क्रॉलिंग' एक भूलभुलैया बन गई है, जिसमें एक बार फोन पर स्क्रॉल शुरू करने के बाद खुद को रोकना मुश्किल हो जाता है।

# भूलभुलैया जिसका कोई अंत नहीं

**क्या** आपने कभी गौर किया है कि सोशल मीडिया देखते-देखते कब घंटों का समय बीत जाता है, पता ही नहीं चलता? दरअसल, इसे तकनीकी दुनिया में 'इनफिनिट स्क्रॉल' कहते हैं। यह डिजाइन जितना स्मार्ट है, उतना ही चालाक भी। यह फीचर शॉपिंग से लेकर वीडियो एप्स तक हर जगह मौजूद है, जो पेज खत्म होने ही नहीं देता और लगातार नया कंटेंट आपके सामने परोसता रहता है। यही वह कारण है कि एक बार स्क्रॉल शुरू करने के बाद उसे रोकना मुश्किल हो जाता है।



**शेरोन हॉरवुड**

एल्गोरिदम और इनफिनिट स्क्रॉल मिलकर ऐसा माहौल तैयार करते हैं, जहां कंटेंट कभी खत्म ही नहीं होता। और यह लत का रूप ले लेता है।

इस फीचर की असली ताकत इसके मनोविज्ञान में छिपी है। पहले ऐसा होता था कि जब आप अपने सभी फॉलो किए गए अकाउंट्स के पोस्ट देख लेते थे, तो एक साफ संकेत मिल जाता था कि आज के लिए इतना काफी है। पर अब एल्गोरिदम और इनफिनिट स्क्रॉल मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं, जहां कंटेंट कभी खत्म ही नहीं होता। दूसरा, यह आपको एक ऐसी उम्मीद में बांधे रखता है कि शायद अगला पोस्ट और भी मजेदार होगा। धीरे-धीरे यह लत का रूप ले लेता है। अच्छी बात यह है कि इससे बाहर निकलना मुश्किल जरूर है, पर नामुमकिन नहीं। सबसे पहले, अपने फोन के 'स्क्रीन टाइम' फीचर्स का इस्तेमाल करें-जैसे एंड्राइड का डिजिटल वेलबीइंग या एपल का स्क्रीन टाइम। कुछ थर्ड-पार्टी एप्स भी हैं, जो आपको बिना सोचे-समझे स्क्रॉल करने से रोकने में मदद करते हैं। एक और असरदार तरीका है-सोशल मीडिया एप्स को फोन से हटा देना। अगर पूरी तरह छोड़ना संभव नहीं है, तो स्क्रॉल करने के लिए एक तय समय निर्धारित करें। उस समय के अतिरिक्त सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखें। हालांकि, अक्सर ये तरीके कुछ वक्त बाद असर खो देते हैं, खासकर तब, जब जीवन में तनाव या व्यस्तता बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि आप खुद से ईमानदार सवाल पूछें कि आप इतना स्क्रॉल क्यों करते हैं? क्या यह सिर्फ आदत है, या आप किसी चीज से बचने की कोशिश कर रहे हैं? क्या यह किसी भावनात्मक दबाव या अधूरे कामों से भागने का तरीका है? स्क्रॉलिंग खुद समस्या नहीं है, बल्कि किसी बड़ी समस्या का लक्षण हो सकती है।



इससे बचने के लिए खुद से सवाल पूछें कि क्या आप सोशल मीडिया का उपयोग किसी उद्देश्य के लिए कर रहे हैं, जैसे सीखना, नेटवर्किंग या काम? या फिर यह बस एक आदत बन चुकी है?

एक और महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इससे फायदा किसे हो रहा है? क्या आप सोशल मीडिया का उपयोग किसी उद्देश्य के लिए कर रहे हैं, जैसे सीखना, नेटवर्किंग या काम? या फिर यह बस एक आदत बन चुकी है? अगर आपको इसका कोई ठोस लाभ नहीं दिखता, तो यह सोचने का सही समय है कि किन प्लेटफॉर्म्स को अलविदा कहना चाहिए। जब आप स्क्रीन से बाहर निकलते हैं, तभी असली जिंदगी आपके सामने खुलती है और वही सबसे ज्यादा मायने रखती है।

-द कन्वर्सेशन

## आंकड़े

### भारतीय हथियार

दुनिया भर में भारत में बने हथियारों की मांग बहुत बढ़ गई है, जिससे वह अंतरराष्ट्रीय हथियार बाजार में बड़े खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है।

| | |
|---|---|
| म्यांमार | 28 |
| फिलीपीन | 19 |
| आर्मेनिया | 15 |
| श्रीलंका | 13 |
| मॉरीशस | 8.3 |

आंकड़े भारत से हथियार खरीदने वाले देशों के, प्रतिशत में। | स्रोत : सिपरी (एसआईपीआरआई)

**अनजाने में किया गया छोटा-सा अन्याय भी बुरा परिणाम दे सकता है, इसलिए जीवन में सतर्कता अत्यंत आवश्यक है।**

# कर्मों का फल

**पौराणिक** कथाओं के अनुसार, नृग इक्ष्वाकु वंश के एक महान और दानी राजा थे। वह अपनी उदारता के लिए मशहूर थे और उन्होंने ब्राह्मणों को हजारों-लाखों गायें दान में दी थीं। उनका जीवन धर्म और सेवा का प्रतीक था।

एक दिन अनजाने में एक ब्राह्मण की गाय उनकी गायों के झुंड में आ गई। इस बात से अनभिज्ञ होकर राजा नृग ने वही गाय दूसरे ब्राह्मण को दान में दे दी। जब उस गाय के वास्तविक मालिक ने दूसरे ब्राह्मण को उस गाय को ले जाते देखा, तो उसने अपना दावा जताया और दूसरे ब्राह्मण से बहस करने लगा। मामला राजा नृग के पास पहुंचा। राजा ने अपनी गलती सुधारने के लिए दोनों से क्षमा मांगी और बदले में प्रत्येक को हजार गायें देने का प्रस्ताव रखा। लेकिन दोनों ब्राह्मण अपने-अपने अधिकार पर अड़े रहे और विवाद सुलझ नहीं पाया। इसके कुछ समय बाद राजा नृग की मृत्यु हो गई।



अंतर्यात्रा
संकलित

यमराज के सामने उन्हें अपने कर्मों का फल चुनने का अवसर मिला। उन्होंने पहले अपने पाप का फल भोगने का निर्णय लिया। परिणामस्वरूप, उन्हें छिपकली के रूप में जन्म लेना पड़ा और लंबे समय तक उन्हें कष्ट सहना पड़ा।

फिर, भगवान श्रीकृष्ण के स्पर्श से राजा नृग को मुक्ति मिली। अनजाने में किया गया छोटा-सा अन्याय भी बुरा परिणाम दे सकता है, इसलिए जीवन में सतर्कता अत्यंत आवश्यक है।

## अमर उजाला

पुराने पन्नों से — 7 अप्रैल, 1951

# हैजे की रोकथाम के लिए जरूरी आदेश


हैज़े की रोकथाम को जरूरी आदेश

म० गांधी पुत्र

**उत्तर प्रदेश में हैजा जैसे रोगों की रोकथाम के लिए राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने कई आदेश जारी किए हैं। इनकी अवहेलना करने वाले व्यक्ति को छह महीने की सख्त कैद और जुर्माने की सजा दी जाएगी। नालों के किनारे खाने-पीने की कोई भी वस्तु नहीं बेची जाएगी।**

# क्या डिजिटल ब्लैकआउट हो सकता है



**यदि पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण इंटरनेट की धारा बाधित होती है, तो न केवल अर्थव्यवस्था, बल्कि आधुनिक जीवन की गति भी थम सकती है।**

**योगेश कुमार गोयल** | मुद्दा

इतिहास गवाह है कि युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं, उन जीवन रेखाओं पर लड़े जाते हैं, जो किसी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था और समाज को जीवित रखती हैं। ऐसे में, ईरान-अमेरिका संघर्ष का खतरा अब केवल मिसाइलों, ड्रोनों या तेल के कुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उस अदृश्य धागे (इंटरनेट) पर है, जिसने पूरी दुनिया को 'ग्लोबल विलेज' बना रखा है।

लाल सागर और होर्मुज जलडमरूमध्य के नीचे बिछी सबमरीन केबल्स को काटने की ईरान की चेतावनी ने तकनीकी विशेषज्ञों और नीति-निर्धारकों की नींद उड़ा दी है। यदि यह 'डिजिटल लाइफलाइन' कटती है, तो इंटरनेट ब्लैकआउट के कारण दुनिया केवल अंधेरे में ही नहीं डूबेगी, बल्कि आधुनिक सभ्यता का पूरा ढांचा चरमरा जाएगा। समुद्र की गहराइयों में बिछी फाइबर-ऑप्टिक केबल आधुनिक सभ्यता की नसों की तरह हैं, जिनसे डाटा, संवाद, अर्थव्यवस्था और तकनीकी प्रगति का संचार होता है।



विश्व का लगभग 95-97 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय डाटा ट्रैफिक इन्हीं सबमरीन केबल्स के जरिये प्रवाहित होता है। हमारे दैनिक जीवन की लगभग हर डिजिटल गतिविधि (ई-मेल, वीडियो कॉल, बैंकिंग लेनदेन, क्लाउड कंप्यूटिंग, एआई, रक्षा एवं कूटनीतिक संचार) इन्हीं केबल्स पर निर्भर है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज एवं लाल सागर आज केवल समुद्री मार्ग नहीं, बल्कि डाटा प्रवाह की धुरी के रूप में उभर चुके हैं। अनुमानतः वैश्विक इंटरनेट डाटा का 15 से 30 प्रतिशत प्रवाह इसी से होकर गुजरता है। यदि किसी सैन्य तनाव, समुद्री दुर्घटना, लंगर गिरने या जानबूझकर किए गए हमले से ये केबल्स क्षतिग्रस्त होती हैं, तो उसका प्रभाव तत्काल वैश्विक स्तर पर महसूस किया जाता है। यदि कनेक्टिविटी बाधित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय भुगतान प्रणालियां ठहर जाएंगी, शेयर बाजारों में भारी गिरावट आ सकती है और बैंकिंग सेवाएं अचानक निष्क्रिय हो जाएंगी। सबसे गंभीर प्रभाव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और क्लाउड सेवाओं पर पड़ेगा। आज के एआई मॉडल और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर निरंतर डाटा प्रवाह पर निर्भर हैं। जैसे ही यह प्रवाह रुकता है, ये उन्नत प्रणालियां निष्क्रिय हो जाती हैं, चाहे वह रक्षा तंत्र हो, स्वास्थ्य सेवाएं हों या संचार नेटवर्क। दुनिया में गिने-चुने विशेष 'केबल रिपेयर शिप' ही उपलब्ध हैं। क्षतिग्रस्त केबल की पहचान और मरम्मत का काम सामान्य दिनों में भी आसान नहीं होता है। 2022 में टोंगा ज्वालामुखी विस्फोट के बाद एकमात्र केबल को ठीक करने में 37 दिन लग गए थे।

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था अपनी संरचना में जितनी सशक्त दिखती है, भौगोलिक रूप से उतनी ही संवेदनशील भी है। भारत का एक बड़ा डाटा ट्रैफिक पश्चिम एशिया के रास्ते यूरोप और अमेरिका तक जाता है। यदि होर्मुज या लाल सागर में केबल्स को नुकसान पहुंचता है, तो भारत में इंटरनेट स्पीड घट सकती है, नेटवर्क आउटेज हो सकते हैं और डिजिटल सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी व्यवधान का सबसे बड़ा आघात भारत के आईटी और सेवा क्षेत्र पर पड़ेगा, जो वैश्विक ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करता है। कनेक्टिविटी बाधित होने का अर्थ है, अरबों डॉलर का संभावित नुकसान, और विश्वसनीयता पर भी आघात। हालांकि, भारत के पास कुछ वैकल्पिक मार्ग मौजूद हैं, जैसे सिंगापुर और प्रशांत महासागर के रास्ते, लेकिन ये न तो पर्याप्त हैं और न ही पूरी क्षमता को संभाल सकते हैं।

वर्तमान संकट ने साफ कर दिया है कि भविष्य की वैश्विक स्थिरता केवल भौतिक सीमाओं से नहीं, बल्कि डिजिटल अवसंरचना की सुरक्षा से भी निर्धारित होगी। ऐसे में, 'डिजिटल डायवर्सिफिकेशन' अनिवार्य हो गया है। भारत जैसे उभरते डिजिटल शक्ति केंद्र के लिए वैकल्पिक डाटा मार्गों का विकास अत्यंत आवश्यक है। विशेषकर प्रशांत महासागर के रास्ते अमेरिका से कनेक्टिविटी जैसे विकल्प संकट के समय जीवनरेखा साबित हो सकते हैं। घरेलू डाटा सेंटरों को सुदृढ़ करना, नए केबल प्रोजेक्ट्स में निवेश बढ़ाना और बहुमार्गीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना जरूरी है। साथ ही कूटनीतिक प्रयास भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, ताकि अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्रों को 'डिजिटल युद्धक्षेत्र' बनने से रोका जा सके।

यदि ईरान-अमेरिका तनाव समुद्र की गहराइयों तक पहुंचकर डिजिटल अवसंरचना को निशाना बनाता है, तो यह केवल दो देशों का संघर्ष नहीं रहेगा, बल्कि पूरी मानवता के डिजिटल अस्तित्व पर आघात होगा। ऐसे में, सबमरीन केबल्स को 'क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर' घोषित कर युद्धकाल में भी इन्हें संरक्षित रखने हेतु सख्त वैश्विक नियम बनाने होंगे। यदि इंटरनेट की धारा बाधित होती है, तो न केवल अर्थव्यवस्था, बल्कि आधुनिक जीवन की गति भी थम सकती है और यही भविष्य के युद्धों का सबसे संवेदनशील मोर्चा बनता जा रहा है।

रुपये में मजबूती और बैंकिंग-आईटी शेयरों में खरीद से बाजार में तेजी

# क्रूड में नरमी से सेंसेक्स 787 अंक उछला, 5.13 लाख करोड़ बढ़ी पूंजी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार सोमवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त में बंद हुए। सेंसेक्स 787 अंक चढ़कर 74,000 के पार पहुंच गया। निफ्टी एक फीसदी से अधिक बढ़कर 23,000 के करीब पहुंच गया।

कारोबारियों ने कहा, पश्चिम एशिया में युद्धविराम के प्रयासों की रिपोर्ट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार बढ़त में तेज सुधार देखने को मिला। रुपये में मजबूती और बैंकिंग एवं आईटी कंपनियों के शेयरों में अच्छी खरीदारी से भी निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 787.30 अंक या 1.07 फीसदी चढ़कर 74,106.85 पर बंद हुआ। दिन में यह 887.91 अंक तक उछल गया था। निफ्टी 255.15 अंक या 1.12 फीसदी बढ़ोतरी के साथ 22,968.25 पर बंद हुआ।

सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 5.13 लाख करोड़ बढ़कर 427.51 लाख करोड़ रुपये रह गई। सेंसेक्स की 30 में से 28 कंपनियों के शेयर बढ़त में रहे। सिर्फ दो कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज और सनफार्मा के शेयर गिरावट में बंद हुए। रिलायंस सबसे ज्यादा 3.41 फीसदी नुकसान में रहा।

**74,000** के पार सेंसेक्स बंद

**887.91** अंक तक उछल गया था दिन के कारोबार में

**255.15** अंक चढ़कर निफ्टी 22,968.2 पर बंद

**8,167.17** करोड़ रुपये के शेयर बेचे विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को



**ये शेयर सर्वाधिक चढ़े**

| | |
|---|---|
| ट्रेंट | 7.89 फीसदी |
| एक्सिस बैंक | 3.94 फीसदी |
| टाइटन | 3.58 फीसदी |
| एलएंडटी | 3.19 फीसदी |
| अल्ट्राटेक | 3.06 फीसदी |

**सेक्टोरल इंडेक्स भी बढ़त में**

| | |
|---|---|
| पीएसयू बैंक | 2.37 फीसदी |
| कंज्यूमर ड्यूरेबल्स | 2.30 फीसदी |
| निजी बैंक्स | 2.15 फीसदी |
| वित्तीय सेवाएं | 2.12 फीसदी |
| आईटी | 0.59 फीसदी |

*तेल-गैस और ऊर्जा इंडेक्स में 1.03 फीसदी तक गिरावट रही।*

### रुपया 28 पैसे मजबूत

डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को 28 पैसे चढ़कर 92.90 पर बंद हुआ। आरबीआई के सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने और रुपये में अस्थिरता कम करने के लिए उठाए गए कदमों से स्थानीय मुद्रा थोड़ी संभली है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में 93.13 पर खुला। दिन में यह 92.79 के उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

### चांदी 5,000 रुपये महंगी, सोना भी चमका

क्रूड में नरमी और अमेरिकी डॉलर में कमजोरी से सोमवार को सोने एवं चांदी की कीमतें दो फीसदी से अधिक बढ़ गईं। चांदी 5,000 रुपये या 2.11 फीसदी महंगी होकर 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पहुंच गई। सोना 2,300 रुपये या 1.52 फीसदी बढ़कर 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया।



*■ विदेशी बाजार में सोना 4,682.8 डॉलर प्रति औंस पहुंच गया। चांदी भी 0.5 फीसदी चढ़कर 73.37 डॉलर प्रति औंस पहुंच गई।*

# सुस्त शुरुआत के बाद भी बिके रिकॉर्ड 2.96 करोड़ से अधिक वाहन

**फाडा के आंकड़े...**जीएसटी दरों में कटौती के बाद वित्त वर्ष 2025-26 में गाड़ियों की बिक्री को मिली रफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुस्त शुरुआत के बाद भी जीएसटी दरों में कटौती के दम पर वित्त वर्ष 2025-26 में देश में सभी श्रेणी के वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 13.3 फीसदी वृद्धि के साथ 2,96,71,064 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। 2024-25 में कुल 2,61,87,255 गाड़ियां बिकी थीं।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) के सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते वित्त वर्ष में देशभर में कुल 47,05,056 यात्री वाहन बिके। यह 2024-25 में बिके 41,63,927 यात्री वाहनों की तुलना में 13 फीसदी अधिक है। इस अवधि में **दोपहिया वाहनों** की बिक्री एक साल पहले के 1,88,89,595 से 13.4 फीसदी बढ़कर 2,14,20,386 इकाई पहुंच गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री में भी 11.68 फीसदी की तेजी दर्ज की गई और कुल 13,63,412 इकाइयां बिकीं। वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 11.74 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 10,60,906 इकाई पहुंच गई।



**47,05,056** यात्री वाहन बिके | **13%** की वृद्धि

**13.4%** बढ़ी दोपहिया वाहनों की बिक्री

**1,88,89,595** इकाई बिके 2025-26 में

### तीन करोड़ वाहनों का आंकड़ा दूर नहीं

*फाडा के अध्यक्ष सीएस विग्नेश्वर ने कहा, 2025-26 घरेलू मोटर वाहनों के खुदरा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक वर्ष रहा। छह में से पांच वाहन श्रेणियों में बिक्री के नए रिकॉर्ड बने। यह सिर्फ एक संख्या नहीं, बल्कि दर्शाता है कि उद्योग तीन करोड़ इकाइयों के स्तर के करीब पहुंच रहा है, जो दो वर्ष पहले तक दूर की बात लगती थी।*

### युद्ध का ग्राहकों के खरीद फैसले पर असर

*फाडा ने कहा, पश्चिम एशिया संघर्ष का ईंधन कीमतों, आपूर्ति उपलब्धता और उपभोक्ता भरोसे पर असर पड़ रहा है। एक सर्वे के हवाले से उद्योग निकाय ने कहा, 36.5 फीसदी डीलरों ने ईंधन कीमतों के संदर्भ में बताया कि बढ़ते या संभावित दाम ग्राहकों के खरीद निर्णयों को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं।*

# सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 14 महीनों में सबसे कम

**नए कारोबार और गतिविधियों में नरमी का असर, मार्च में घटकर 57.5 रह गया सेवा पीएमआई**

**नई दिल्ली।** नए कारोबार में नरमी के कारण देश के सेवा क्षेत्र के बढ़ने की रफ्तार मार्च, 2026 में 14 महीनों में सबसे धीमी रही। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक फरवरी के 58.1 से घटकर मार्च में 57.5 रह गया। यह जनवरी, 2025 के बाद से नए कारोबार एवं गतिविधियों में सबसे धीमी वृद्धि को दर्शाता है। उधर, एचएसबीसी इंडिया का समग्र पीएमआई उत्पादन सूचकांक फरवरी के 58.9 से घटकर मार्च में 57.0 पर आ गया, जो साढ़े तीन साल में सबसे धीमी वृद्धि दर है। यह सूचकांक विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के संयुक्त प्रदर्शन को दर्शाता है। एजेंसी



***एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजल भंडारी ने कहा,*** *मार्च में सेवा क्षेत्र की रफ्तार लगातार दूसरे महीने कम हुई। हालांकि, मांग मजबूत बनी रही। नए निर्यात ऑर्डर में अच्छी तेजी रही, जो 2024 के मध्य के बाद सबसे ज्यादा है। इससे कंपनियों के भविष्य को लेकर भरोसा बना हुआ है।*

### नौकरियों में लगातार तीसरे महीने बढ़ोतरी

सेवा क्षेत्र में नरमी के बावजूद मार्च में लगातार तीसरे महीने नौकरियों में बढ़ोतरी हुई और भर्ती की रफ्तार 2025 के मध्य के बाद सबसे तेज रही। कीमतों के मोर्चे पर दबाव बढ़ता दिखा। बिक्री महंगाई सात महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। कंपनियों ने बताया कि अफ्रीका, एशिया, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और पश्चिम एशिया से मांग में बढ़ोतरी हुई है, जिससे निर्यात को सहारा मिला।

## न्यूज डायरी

### सेवा क्षेत्र के सर्वे में 1.21 लाख कंपनियां होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** देश के सेवा क्षेत्र से जुड़े कॉरपोरेट उद्यमों पर व्यापक और विश्वसनीय आंकड़े जुटाने के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने पहली बार वार्षिक सर्वे शुरू करने की घोषणा की है, जो इसी माह से शुरू होगा। इस सर्वे में जीएसटी नेटवर्क के डाटा को नमूना संरचना के रूप में इस्तेमाल करते हुए 1.21 लाख से अधिक उद्यमों को शामिल किया जाएगा। एजेंसी

### अमूल ब्रांड का टर्नओवर एक लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लि. ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। अमूल ब्रांड ने 2025-26 में एक लाख करोड़ रुपये के टर्नओवर का आकड़ा पार कर लिया है। यह पिछले वित्त वर्ष के 90000 करोड़ रुपये के टर्नओवर पर 11 फीसदी की मजबूत बढ़ोतरी को दर्शाता है। ब्यूरो

### यूको बैंक का कर्ज 19% बढ़कर 2.62 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** यूको बैंक का कर्ज 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में 19 फीसदी बढ़कर 2.62 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। बैंक ने सोमवार को बताया, 2024-25 की समान तिमाही में उसका कुल अग्रिम 2.20 लाख करोड़ रुपये था। वहीं, कुल जमा राशि 11 फीसदी बढ़कर 3.27 लाख करोड़ पहुंच गई। एजेंसी

# खरीफ सीजन से पहले 25 लाख टन यूरिया आयात करेगा भारत

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया युद्ध से उर्वरक की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंकाओं के बीच भारत ने खरीफ सीजन से पहले यूरिया आयात बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। भारत ने करीब 25 लाख टन यूरिया खरीदने के लिए वैश्विक निविदा जारी की है, ताकि बुआई के समय किसानों को किसी कमी का सामना न करना पड़े।

सरकार की ओर से उर्वरक खरीद का जिम्मा संभालने वाली इंडियन पोटाश लि. ने शनिवार को यह टेंडर जारी किया। इसके तहत 15 लाख टन यूरिया पश्चिमी तट के जरिये और शेष मात्रा पूर्वी तट के माध्यम से मंगाई जाएगी। निविदा में भाग लेने के लिए बोली जमा करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल है। सभी खेपों को 14 जून तक लोडिंग पोर्ट से रवाना करना होगा। दरअसल, आगामी कुछ महीनों में धान, मक्का और सोयाबीन जैसी खरीफ फसलों की बुआई शुरू होगी। ऐसे में उर्वरकों की मांग तेजी से बढ़ेगी। इसे देखते हुए भारतीय अधिकारी नाइट्रोजन आधारित और फॉस्फेट उर्वरक के प्रमुख वैश्विक उत्पादकों एवं निर्यातकों के साथ सीधे आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार बातचीत कर रहे हैं। एजेंसी

**भारतीय अधिकारी वैश्विक उत्पादकों से सीधे आपूर्ति के लिए कर रहे लगातार बातचीत**

## जिन्दल स्टील : कोयला गैसीफिकेशन से ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती

**नई दिल्ली।** जिन्दल स्टील ने उन्नत कोयला गैसीफिकेशन के जरिये स्वदेशी कोयले के बेहतरीन उपयोग का मार्ग प्रशस्त किया है। इससे कम कार्बन वाले स्टील के उत्पादन के साथ भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती मिली है।

जिन्दल स्टील, अंगुल के कार्यकारी निदेशक पीके बीजू नायर ने कहा, कंपनी ने विदेशी गैस या महंगे आयातित कोयले के बजाय अपने देश के कोयले को साफ-सुथरी गैस में बदलकर स्टील बनाने की बड़ी कामयाबी हासिल की है। स्वदेशी कोयले से बनी यह गैस महंगी विदेशी मेथनॉल, अमोनिया और एलएनजी की जगह ले सकती है। ब्यूरो

# दावा...संघर्ष लंबा चला तो 140 डॉलर पहुंच सकता है तेल, छह फीसदी के नीचे आ सकती है वृद्धि दर

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में गहराते युद्ध के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल की आशंका जताई जा रही है। ब्रोकरेज फर्म कोटक सिक्योरिटीज का कहना है कि अगर संघर्ष लंबा चलता है, तो ब्रेंट क्रूड की कीमतें 130 से 140 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं।

फर्म के कमोडिटीज एवं करेंसी रिसर्च प्रमुख अनिंद्य बनर्जी ने कहा, मौजूदा समय में ब्रेंट क्रूड करीब 109 डॉलर प्रति बैरल के आसपास है, लेकिन हर गुजरते सप्ताह के साथ कीमतों पर दबाव बढ़ रहा है। हालांकि, अगर 45 दिनों का युद्धविराम होता है, तो ब्रेंट क्रूड की कीमतें घटकर 80-85 डॉलर प्रति बैरल तक भी आ सकती हैं। बनर्जी ने कहा, युद्ध से 8 से 10 फीसदी तेल और 15 से 20 फीसदी गैस आपूर्ति प्रभावित हो रही है। भंडार घट रहे हैं और हाजिर कीमतें वायदा कीमतों की तुलना में 20-30 डॉलर अधिक चल रही हैं। अगर तेल-गैस की आपूर्ति अगले 2-3 माह तक बाधित रहती है, तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था गहरे मंदी के दौर में जा सकती है। भारतीय अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर कोटक सिक्योरिटीज ने कहा, इस संकट का असर भारत पर भी देखने को मिल सकता है। महंगाई बढ़ना लगभग तय है और निकट अवधि में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति बढ़कर 5 फीसदी से ऊपर जा सकती है। संकट अगले छह महीने तक जारी रहा, तो मुख्य महंगाई में बढ़ोतरी और मांग में कमी देखी जा सकती है। इससे देश की वृद्धि दर 7 फीसदी से घटकर 6 या 5.8 फीसदी तक आ सकती है। एजेंसी





## जेम पोर्टल पर 18.4 लाख करोड़ रुपये का कारोबार, यूपी शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस यानी जेम पोर्टल के जरिये अब तक देश में 18.4 लाख करोड़ का सामान बेचा गया। इसमें वित्त वर्ष 2025-26 में ही 5 लाख करोड़ रुपये जीएमवी का आंकड़ा पार किया गया। 22,645 करोड़ के सामान बिक्री के साथ यूपी नंबर एक पर है। गुजरात दूसरे, महाराष्ट्र तीसरे व दिल्ली चौथे स्थान पर है।

जेम पोर्टल के सीईओ मिहिर कुमार ने सोमवार को बताया कि सार्वजनिक खरीद में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। 2025-26 में कुल ऑर्डरों में से 68 फीसदी एमएसई ने किए, जो सकल बाजार मूल्य का 47.1 फीसदी था। ब्यूरो

अमर उजाला **Job Alert**
Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

### बिहार तकनीकी सेवा आयोग

प्रयोगशाला सहायक के पदों पर मौके





**1091 पद**

आवेदन की अंतिम तिथि : 06 मई, 2026
योग्यताएं : बारहवीं, डिग्री व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : btsc.bihar.gov.in

### एमपी पुलिस में भर्ती ■ 679 पद

होम गार्ड व अन्य पदों पर रिक्तियां
आवेदन की अंतिम तिथि : 19 अप्रैल, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 33/38 वर्ष
यहां आवेदन करें : mppolice.gov.in/en

### राष्ट्रीय जांच एजेंसी ■ 29 पद

अनुभाग अधिकारी आदि पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि : 18 मई, 2026
वेतनमान : रुपये 19,900 से लेकर रुपये 1,42,400 प्रतिमाह
यहां आवेदन करें : nia.gov.in

### भारतीय रेलवे वित्त निगम ■ 23 पद

सहायक व सहायक प्रबंधक के पदों पर रिक्तियां
आवेदन की अंतिम तिथि : 01 मई, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 30 वर्ष
यहां आवेदन करें : irfc.co.in

### ईएसआईसी, दिल्ली में मौके ■ 17 पद

सीनियर रेजिडेंट के पदों पर संभावनाएं
आवेदन की अंतिम तिथि : 13 अप्रैल, 2026
पात्रताएं : एमबीबीएस डिग्री व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें : esic.gov.in

### सचिवालय सुरक्षा बल ■ 10 पद

कॉन्स्टेबल के पदों पर आवेदन आमंत्रित
आवेदन की अंतिम तिथि : 28 अप्रैल, 2026
वेतनमान : रुपये 19,900 से लेकर रुपये 63,200 तक प्रतिमाह
यहां आवेदन करें : itbpolice.nic.in

### योग्य अभ्यर्थी करें अप्लाई...

रेल इंडिया तकनीकी और आर्थिक सेवा : असिस्टेंट मैनेजर के पदों पर रिक्तियां।
■ आवेदन की अंतिम तिथि : 27 अप्रैल, 2026
■ rites.com
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की : सीनियर रिसर्च, जूनियर रिसर्च फेलो व अन्य पद खाली।
■ वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि : 24 अप्रैल, 2026
■ iitr.ac.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

# एजुकेशन & कॅरिअर

अपनी समस्याओं को समझें और अपनी ऊर्जा उनके समाधान खोजने में लगाएं।

**एग्जाम टिप्स :** *यूपीएससी एनडीए व सीडीएस परीक्षा-2026*

## हर प्रश्न का उत्तर देने की कोशिश न करें



**डॉ. श्याम सुंदर पाठक**
एग्जाम एक्सपर्ट

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा सिविल सेवा परीक्षा के बाद आयोजित की जाने वाली प्रमुख परीक्षाओं में नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) और कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज (सीडीएस) का विशेष महत्व है। ये दोनों परीक्षाएं 12 अप्रैल, 2026 को आयोजित होने जा रही हैं। सिलेबस में कुछ अंतर होने के बावजूद दोनों परीक्षाओं का पैटर्न काफी हद तक समान है, इसलिए सही रणनीति अपनाकर इनकी तैयारी एक साथ की जा सकती है। अब बचे हुए समय का सही उपयोग करना बेहद जरूरी है, ताकि नियमित अभ्यास, समय प्रबंधन और महत्वपूर्ण विषयों पर फोकस करके बेहतर प्रदर्शन किया जा सके।

**■ स्पीड और एक्यूरेसी बनाए रखें**
एनडीए में गणित 300 अंक का होता है, जबकि सीडीएस में 100 अंक का, इसलिए इसमें अच्छी पकड़ बेहद जरूरी है। सफलता के लिए अधिक अभ्यास, पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र और नियमित मॉक टेस्ट बहुत सहायक होते हैं। कैलकुलस, वेक्टर और प्रायिकता जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दें। परीक्षा में पहले आसान प्रश्न हल करें, हर प्रश्न को ध्यान से पढ़ें और कठिन सवालों में समय न गंवाएं।

**■ अंग्रेजी में हो अच्छी पकड़**
एनडीए में अंग्रेजी 200 अंक की और सीडीएस में 100 अंक की होती है, इसलिए इसमें अच्छी पकड़ बेहद जरूरी है, खासकर हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों के लिए। ग्रामर, वोकैबलरी और कॉम्प्रिहेंशन पर ध्यान देते हुए पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का नियमित अभ्यास करें। कॉम्प्रिहेंशन के उत्तर केवल दिए गए गद्यांश पर आधारित हों, अपनी राय न जोड़ें। साथ ही, साक्षात्कार में बेहतर प्रदर्शन के लिए अंग्रेजी पर मजबूत पकड़ बनाना जरूरी है।

**■ सामान्य ज्ञान में विज्ञान की भूमिका**
एनडीए में सामान्य ज्ञान 400 अंक का और सीडीएस में 100 अंक का होता है, जिसमें विशेषकर भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीवविज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इसलिए इन विषयों की अवधारणाओं को अच्छी तरह समझकर अभ्यास करें। इतिहास की तुलना में विज्ञान पर अधिक ध्यान देना फायदेमंद होगा। साथ ही, परीक्षा से पहले करंट अफेअर्स का नियमित अभ्यास करें। समय प्रबंधन के साथ संतुलित तैयारी सफलता में अहम भूमिका निभाती है।

- *हर प्रश्न महत्वपूर्ण है, लेकिन सभी प्रश्नों का उत्तर देना आवश्यक नहीं है।*
- *जिन प्रश्नों पर थोड़ी भी शंका हो, उन्हें छोड़ देना ही बेहतर है।*
- *परीक्षा कक्ष में न तो निराश हों और न ही अति-आत्मविश्वास में आएं।*
- *शांत और एकाग्र मन से प्रश्नों को हल करें, दिमाग पर दबाव हावी न होने दें।*

**■ तुक्का मारने से बचें**
प्रत्येक प्रश्न महत्वपूर्ण होता है, लेकिन हर प्रश्न का उत्तर देना जरूरी नहीं है। जिन प्रश्नों में थोड़ी भी शंका हो, उन्हें छोड़ देना बेहतर है। परीक्षा कक्ष में स्वयं पर नियंत्रण रखें, शांत और एकाग्र मन से प्रश्न हल करें तथा दबाव को हावी न होने दें। संतुलित तैयारी और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने पर आप निश्चित ही सफलता प्राप्त कर अगले चरण में प्रवेश कर सकते हैं।

**आवेदन आमंत्रित**

### समर इंटर्नशिप प्रोग्राम-2026

- **संस्थान :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इंदौर
- **अवधि :** न्यूनतम एक माह और अधिकतम दो माह।
- **पात्रताएं :** स्नातक प्रोग्राम में अध्ययनरत व अन्य निर्धारित योग्यताएं।
- **अंतिम तिथि :** 20 अप्रैल, 2026
- **आधिकारिक लिंक :** tinyurl.com/2cts34ca

**फेलोशिप बुलेटिन**

### साइंटिस्ट फेलोशिप प्रोग्राम

- **संस्थान :** बायर फाउंडेशन
- **पात्रताएं :** वर्तमान में छात्र एमएससी, पीएचडी, मेडिकल डिग्री या समकक्ष डिग्री प्राप्त कर रहे हों।
- **अवधि :** छह माह
- **राशि :** 10,000 यूरो तक।
- **आवेदन लिंक :** tinyurl.com/4txyy6b6
- **अंतिम तिथि :** 15 अप्रैल, 2026

**एग्जाम अलर्ट**

### एसएससी सीएचएसएल टियर-II परीक्षा

- **परीक्षा की तिथि :** 10 अप्रैल, 2026
- इस परीक्षा के भाग-एक में गणितीय योग्यता, तर्कशक्ति, अंग्रेजी, सामान्य जागरूकता और कंप्यूटर ज्ञान से 135 प्रश्न (405 अंक) पूछे जाएंगे, जिसकी अवधि दो घंटे 15 मिनट होगी। भाग-दो में स्किल व टाइपिंग टेस्ट आयोजित किया जाएगा।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** ssc.gov.in/login

### एक्जिम बैंक उप-प्रबंधक व मैनेजमेंट ट्रेनी परीक्षा

- **परीक्षा की तिथि :** 12 अप्रैल, 2026
- इस परीक्षा में फाइनेंशियल स्टेटमेंट से पार्ट-वन में 40 अंकों के प्रश्न व पार्ट-टू में 60 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा के लिए दो घंटे तीस मिनट का समय दिया जाएगा।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** tinyurl.com/3e64xtyu

**सामान्य ज्ञान**

### संपन्न प्लेटफॉर्म

■ **क्या है :** यह डिजिटल इंडिया मिशन के तहत विकसित एक सरल और ऑनलाइन पेंशन प्रबंधन प्रणाली है। इसको 29 दिसंबर, 2018 को लॉन्च किया गया था। यह क्लाउड-आधारित प्लेटफॉर्म पेंशन से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं को संभालता है।

■ **चर्चा में क्यों :** भारत सरकार ने अपने डिजिटल पेंशन प्लेटफॉर्म 'संपन्न' को प्लेटफॉर्म-एज-ए-सर्विस के रूप में उपलब्ध कराने के लिए गोवा सरकार और कोचीन बंदरगाह प्राधिकरण के साथ समझौता किया है।

### ईक्यूएल

■ **क्या है :** ईक्यूएल यानी भूकंपीय प्रकाश ऐसी दुर्लभ चमक होती है, जो भूकंप से पहले, उसके दौरान या बाद में आसमान में दिखाई देती है।

■ **चर्चा में क्यों :** तुर्किये में आए एक भूकंपीय घटनाक्रम के बाद, आकाश में तैरती और चमकती रोशनी की कई रिपोर्टें सामने आईं, जिससे यह विषय लोककथाओं से आगे बढ़कर गंभीर वैज्ञानिक जांच का केंद्र बन गया है।

7 अप्रैल, 1948

## आज का दिन

संयुक्त राष्ट्र ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना हुई थी। यह संस्था वैश्विक स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान और सहयोग को बढ़ावा देती है।





- ■ 1920 : प्रसिद्ध सितार वादक पंडित रवि शंकर का जन्म हुआ था।
- ■ 1963 : अमेरिकी गोल्फ खिलाड़ी जैक निकोलस ने मास्टर्स टूर्नामेंट जीता था।
- ■ 2001 : नासा ने 'मार्स ओडिसी' अंतरिक्ष यान लॉन्च किया था।
- ■ 2011 : प्रसिद्ध कवि जानकी वल्लभ शास्त्री की मृत्यु हुई।

**व्रत त्योहार**

**आज :** वैशाख कृष्ण पक्ष पंचमी।
**कल :** बसंत ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, उत्तर गोले।
**राहुकाल :** दिन में 12.00 से 13.30 तक

■ सूर्योदय : 06.07
■ सूर्यास्त : 18.37
(भारतीय मानक समयानुसार)

### कल का पंचांग

**विक्रमी संवत** 2083, 18 चैत्र मास शक 1948, चैत्र मास 26 प्रविष्टे, 19 सव्वाल हिजरी 1447, वैशाख कृष्ण पक्ष षष्ठी 19.01 तक उपरांत सप्तमी, मूल नक्षत्र दिन रात, वरियान योग 17.09 तक उपरांत परिध योग, वणिज करण 19.01 तक उपरांत विष्टि (भद्रा) करण, चंद्रमा धनु राशि में दिन-रात।

## राशिफल

amarujala.com/astrology
■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** भाग्य सहायक रहेगा। अटका कार्य पूर्ण होगा। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृष :** स्वास्थ्य में सुधार आएगा। नौकरी में उन्नति के संकेत मिल सकते हैं। अर्थ प्राप्ति संभव है।

**मिथुन :** मानसिक उलझन बनी रहेगी। नौकरी में अनुकूल तबादला हो सकता है। विरोधी से सचेत रहें।

**कर्क :** स्वजन सहयोग मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में सचेत रहें। व्यवसाय में आय कम व्यय अधिक होगा।

**सिंह :** बल और साहस में वृद्धि होगी। उद्देश्य प्राप्ति में सफल रहेंगे। व्यवसाय में लाभ होगा।

**कन्या :** परिश्रम के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नई योजना सफल होगी। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा।

**तुला :** आत्मबल बना रहेगा। नौकरी में अधिकारी अनुकूल रहेंगे। नई नौकरी का अवसर मिल सकता है।

**वृश्चिक :** दिनमान सहायक रहेगा। नौकरी में पद प्रतिष्ठा का लाभ संभव है। अटका धन मिल सकता है।

**धनु :** आरोग्य सुख मध्यम रहेगा। कार्यक्षेत्र में स्थिति यथावत रहेगी। आर्थिक दबाव बढ़ सकता है।

**मकर :** लोकप्रियता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति अनुकूल रहेगी। व्यवसाय में उत्तम लाभ होगा।

**कुंभ :** मानसिक तनाव से बचें। योजना में अवरोध आ सकते हैं। नौकरी में मान सम्मान बना रहेगा।

**मीन :** मित्र सहायक रहेंगे। कार्य विशेष में आंशिक सफलता मिलेगी। व्यवसाय में लाभ होगा।

**सुडोकू**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | 7 | 2 | | |
| | | 2 | | | 1 | | | 9 |
| 4 | 9 | | | 2 | | | | |
| | 3 | 4 | | | | | 8 | 1 |
| | 7 | | | | | | 2 | |
| 8 | 2 | | | | | 4 | 5 | |
| | | | | 5 | | | 3 | 6 |
| 2 | | | 7 | | | 5 | | |
| | | 3 | 1 | | 9 | | | |

**उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 8 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 7 | 5 | 2 | 8 | 4 | 1 | 3 | 6 | 9 |
| 4 | 9 | 6 | 5 | 2 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 7 | 5 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 | 3 |
| 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 6 | 4 | 5 | 7 |
| 9 | 8 | 7 | 4 | 5 | 2 | 1 | 3 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 3 | 1 | 6 | 9 | 8 | 7 | 2 |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# सत्ताधीशों की मर्यादा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुख से निकले अपशब्दों की भर्त्सना होनी ही चाहिए। ऐसे शब्दों को नजरंदाज करना मुश्किल है। उन्होंने सत्ता नायक की मर्यादा का उल्लंघन किया है। दुनिया में अनेक नेता हैं, जो निजी तौर पर बहुत अपशब्द कहते हैं, किंतु जब वे सार्वजनिक बयान देते हैं, तब शब्दों का चयन बहुत सोच-समझकर करते हैं। अच्छे शब्द खुशी और आशा से भर देते हैं, जबकि बुरे शब्द घाव करते हैं। ट्रंप ने जो अपशब्द कहे हैं, उनसे न केवल ईरान, बल्कि अन्य तमाम संवेदनशील लोगों को दुख पहुंचा है। उनके अपशब्दों से ईरान के सम्मान को ठेस लगी है और इसका असर युद्ध-विराम के लिए होने वाली किसी भी वार्ता पर अवश्य पड़ेगा। फौरी नतीजा देखिए, ईरान के एक आला अधिकारी ने तल्खी से जवाब दिया है- ईरान अस्थायी युद्ध--विराम के लिए होर्मुज मार्ग को नहीं खोलेगा। क्या किसी अमेरिकी राष्ट्रपति को यह कहना शोभा देता है कि होर्मुज जलडमरूमध्य खोलो, पागलो, वरना तुम नरक में पहुंच जाओगे?

ईरान के अनेक नेताओं को अमेरिका और इजरायल ने मिलकर मारा है। ईरान के खुफिया प्रमुख भी मारे गए हैं, ऐसे में, तेहरान को न सिर्फ अपमानित किया जा रहा है, धमकाया भी जा रहा है। हालांकि, ट्रंप के गलत या हल्के बोल का असर यह हुआ है कि ईरान निडर होता जा रहा है। अमेरिका को यह ध्यान रखना चाहिए कि वह जिस तरह से ईरान को नुकसान पहुंचा रहा है, उसकी वजह से दोनों देशों के बीच लंबे समय तक दुश्मनी का माहौल बना रहेगा। डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर खुद अमेरिका में ही रहने वाले ईरानियों या ईरानी मूल के लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। इससे ईरान के उदारवादी लोगों में भी नाराजगी बढ़ रही है। कोई संदेह नहीं, नाराजगी की इस धधकती आग में ट्रंप के अपशब्द घी का काम करेंगे। आज दुनिया को आग बुझाने वाले नेता चाहिए, आग लगाने या उसमें घी डालने वाले नेताओं की हर हाल में मजम्मत होनी चाहिए।

**बेशक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब अमेरिका को महान नहीं बना रहे हैं, उसकी स्थापित छवि को बर्बाद कर रहे हैं। वह अपने वादे के खिलाफ जा रहे हैं।**

आश्चर्य नहीं, ट्रंप के अपशब्दों और दुर्व्यवहार की खुद अमेरिका में निंदा हो रही है। अमेरिकी नेता मार्जोरी टेलर ग्रीन ने, जो कभी ट्रंप की कट्टर समर्थक थीं, दोटूक कहा है - वह पागल हो गए हैं और आप सभी इसमें भागीदार हैं।

बेशक, ट्रंप अब अमेरिका को महान नहीं बना रहे हैं, उसकी स्थापित छवि को बर्बाद कर रहे हैं। वह अपने वादे के खिलाफ जा रहे हैं। शायद इस कुंठा की वजह से भी उनकी भाषा बिगड़ रही है। स्वतंत्र अमेरिकी सीनेटर बर्नी सैंडर्स ने ट्रंप के अपशब्दों पर कहा है कि यह एक खतरनाक और मानसिक रूप से असंतुलित व्यक्ति की बकवास है। लोग याद कर रहे हैं कि लगभग छह दशक पहले अमेरिका में एक राष्ट्रपति लिंडन बेंस जॉनसन हुए थे, जो अक्सर अपशब्दों का इस्तेमाल करते थे। वैसे, आज के समय में अनेक देशों के राजनीतिज्ञों की भाषा चिंताजनक है। निजी तौर पर ही नहीं, सार्वजनिक रूप से भी एक-दूसरे के लिए गलत शब्दों का इस्तेमाल बढ़ रहा है। यहां संभलकर रहना होगा, सत्ता नायकों के बुरे बोल केवल बर्बादी लाएंगे। अपशब्दों से खटास बढ़ेगी और मेल-जोल की उम्मीदों पर पानी फिरेगा। अपशब्द कहने में यूरोप, रूस और अरब दुनिया के नेता कम नहीं हैं, लेकिन युद्ध के अंत के लिए, विश्व में शांति के लिए, दुनिया में समावेशी विकास के लिए शब्दों या जुबान पर अंकुश रखना जरूरी है। दुनिया के विकास के लिए राजनेताओं को अपनी भाषा पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। सत्ताधीशों में मर्यादा रहेगी, तो ही अमन-चैन का माहौल रहेगा।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 07 अप्रैल, 1951

## विस्तार का भय

जब से कोरिया में युद्ध शुरू हुआ है, तब से हमेशा कम या अधिक मात्रा में भय है कि कहीं यह छोटा युद्ध फैलते-फैलते तीसरे विश्व युद्ध का रूप धारण न कर ले। एशियाई देशों ने भारत के नेतृत्व में कोरिया के युद्ध को समाप्त करवाने और पूर्व की सभी समस्याओं को शान्ति-पूर्वक निपटाने के लिए एक उद्योग किया था। यह उद्योग सफलता के बहुत निकट आया था। चीन की साम्यवादी सरकार पूर्व में युद्ध बन्द करने और एक तरह से दूरपूर्व की समस्याओं पर विचार करने के लिए प्रायः रजामंद हो गयी थी, लेकिन कुछ राष्ट्रों की अदूरदर्शिता और आनाकानी के कारण समझौते का यह अवसर निकल जाने दिया गया। संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेम्बली में साम्यवादी को आक्रमणकारी घोषित करने वाला प्रस्ताव मंजूर करवाया गया और इस प्रस्ताव के स्वीकार होते ही समझौते की आशायें मंद पड़ गयीं। इस प्रस्ताव का संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा स्वीकार किया जाना एक बहुत बड़ी राजनीतिक भूल थी...। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र सद्भावना समिति की ओर से सरकार के साथ सम्पर्क स्थापित किया गया और समझौते की बातचीत शुरू करने के जो भी प्रयत्न किये गये, उनको साम्यवादी चीन की सरकार ने उपेक्षा की दृष्टि से देखा है। संयुक्त राष्ट्रीय सेनायें 38वीं अक्षांश रेखा के निकट पहुंच गयीं, तब जनरल मेकार्थर ने साम्यवादी सेनापति को युद्धविराम की बातचीत शुरू करने के लिए आमंत्रित किया था, किन्तु आमंत्रण के साथ यह धमकी भी थी कि उनका यह आमंत्रण स्वीकार नहीं किया, तो खुद चीन को युद्ध का अखाड़ा बना दिया जायेगा। साम्यवादी चीन ने मेकार्थर के आमंत्रण का कोई सीधा उत्तर नहीं दिया, किन्तु पेकिंग रेडियो ब्राडकास्ट से यही समझा जा सकता है कि उसने उसे ठुकरा दिया है।

संयुक्त राष्ट्रीय सेनाओं ने एक बार समूह रूप में 38 अक्षांश रेखा को पार कर लिया है और वे उत्तरी कोरिया में बढ़ रही हैं। अवश्य ही उन्हें साम्यवादी चीन के कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। साम्यवादी सेनायें किस हद तक कोरिया में आगे बढ़ने का इरादा रखती हैं, कोई नहीं कह सकता। इसमें संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से कोरिया में लड़ने वाले राष्ट्रों के राजनीतिज्ञों ने जो विचार अपने वक्तव्यों में प्रकट किये हैं, उनसे तो यही नतीजा निकलता है कि संयुक्त राष्ट्रीय सेनाओं का मंचुरिया की सीमा तक जाने का कोई इरादा नहीं है।

# पुलिस की भी परीक्षा लेते चुनाव

राय की राय
यहां स्कैन करें



विभूति नारायण राय | पूर्व आईपीएस अधिकारी

**पुलिस ऐक्ट और राज्यों की पुलिस नियमावली में ऐसे संशोधनों की फौरी जरूरत है, जिनके चलते चुनाव के दौरान कोई गंभीर चूक या किसी तरह का पक्षपात एक गंभीर दोष माना जाए।**

एक बार फिर जिन्न बोतल के बाहर आ गया है। पिछले चुनावों की तरह इस बार भी सबसे अधिक उंगलियां पुलिस पर ही उठ रही हैं। पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरलम और पुडुचेरी में आम चुनावों की प्रक्रिया शुरू हो गई है और हस्बे-मामूल सत्ता पक्ष द्वारा सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की शिकायतें आने लगी हैं। इस मामले में सबसे अधिक हमले पुलिस पर होते हैं और इस बार भी वही हो रहा है। खास तौर से पश्चिम बंगाल में, जहां मुकाबला ज्यादा कांटे का लग रहा है, शिकायतें भी ज्यादा हैं। चुनावों में हिंसा की सर्वाधिक घटनाएं वहीं होती रही हैं, इसलिए स्वाभाविक है कि इस बार भी अपनी निष्पक्ष छवि बनाए रखने की सबसे बड़ी चुनौती बंगाल पुलिस के सामने ही है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजादी के बाद से ही सत्ताधारियों द्वारा अपने हित में पुलिस के इस्तेमाल की कोशिशें शुरू हो गई थीं और इनका सबसे घातक प्रदर्शन आम चुनाव के दौरान होता था। सन् 1967 के बाद, जब राष्ट्रीय फलक पर कांग्रेस का एकाधिकार टूटा, तब भी इस स्थिति में बहुत परिवर्तन नहीं आया।

मैंने अपनी सक्रिय पुलिस सेवा में पहली बार 1977 के चुनाव देखे थे। वे इस अर्थ में अभूतपूर्व थे कि हाल ही में आपातकाल खत्म हुआ था और उसे लेकर जनता के मन में जबर्दस्त आक्रोश था। आक्रोशित समुदायों में पुलिसकर्मियों समेत सरकारी मशीनरी के सदस्य भी शामिल थे। उन चुनावों में अगर इस तंत्र ने कोई हस्तक्षेप किया होगा, तो वह सत्ता पार्टी के खिलाफ ही गया होगा। बाद के चुनावों में बहुत सी चीजें बदलीं, नहीं बदलीं तो सिर्फ वह कामना, जो हरेक राजनीतिक दल के मन में कुलबुलाती रही कि कैसे पुलिस बलों का चुनाव जीतने के लिए इस्तेमाल किया जाए।

आपातकाल हटने के बाद के दो दशक घनघोर चुनावी अराजकता के रहे, जिनमें पुलिस का खुलकर दुरुपयोग किया गया। इस दौर में 'बूथ कैप्चरिंग' या 'बूथ लुटेरे' जैसे शब्द हमारी भाषा को मिले और चुनावी विमर्श का हिस्सा बने। मैंने इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के आधा दर्जन मुख्यमंत्रियों के साथ काम किया और दिमाग पर बहुत जोर डालने के बाद मुझे एक भी नाम ऐसा याद नहीं आ रहा, जिसके आचरण में पुलिस की मदद से चुनाव जीतने में कोई स्पष्ट हिचक दिखाई दी हो। शायद यह किसी राजनेता की मजबूरी ही है कि वह किसी भी तरह से चुनाव जीतना चाहता है, भले ही उसे इसके लिए तंत्र का दुरुपयोग ही क्यों न करना पड़े।



चुनाव में पुलिस के दुरुपयोग की शिकायतें काफी हद तक दिसंबर 1990 से कम होनी शुरू हुईं, जब टीएन शेषन मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त हुए। वह दिसंबर 1996 तक इस पद पर रहे और इन छह वर्षों में उन्होंने आयोग के प्रदर्शन में आमूल-चूल परिवर्तन कर दिया। इस अवधि में लागू बहुत सारे सुधारों में एक यह भी था कि मतदान केंद्रों के अंदर की जिम्मेदारी राज्य पुलिस से लेकर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को सौंपी जाने लगी। हर बूथ पर इन बलों की पर्याप्त नफरी तैनात होने लगी। राज्य पुलिस का काम बाहरी शांति-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित हो गया। इसके फौरी परिणाम भी दिखे। बूथ पर कब्जा करने या बक्से लूटने जैसी घटनाएं लगभग समाप्त हो गईं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या व्यवस्था के इस परिवर्तन से चुनावों में पुलिस दुरुपयोग की घटनाएं पूरी तरह से समाप्त हो पाईं?

बूथ के अंदर केंद्रीय कर्मियों की नियुक्ति और बाहर सुरक्षा के लिए अर्द्धसैनिक बलों की नियुक्ति से कुछ फौरी राहत तो जरूर मिली, पर शिकायतें पूरी तरह से खत्म नहीं हुईं। एक कारण तो यह था कि शेषन के किए के चलते कुछ वर्षों तक चुनाव आयोग का भय बना रहा, पर उनके बाद के ज्यादातर आयुक्तों ने अपनी ढिलाई के चलते यह बढ़त खो दी और फिर से शिकायतों का पिटारा खुल गया।

इसका दूसरा और ज्यादा बड़ा कारण यह है कि आयोग का सरकारी मशीनरी पर नियंत्रण केवल चुनाव की तारीखों की घोषणा से नए सदन के लिए अधिसूचना जारी होने तक ही रहता है। राज्य सरकारें चुनाव घोषित होने के बहुत पहले से पुलिस का दुरुपयोग शुरू कर देती हैं। अपने विरोधियों के खिलाफ फर्जी मुकदमे कायम कराने से लेकर समर्थकों को पुलिस सुरक्षा में चुनाव प्रचार की सुविधा प्रदान करने जैसी कार्रवाइयां आचार संहिता लागू होने के बहुत पहले शुरू हो जाती हैं। चुनाव घोषणा के पहले 'हेट स्पीच' की बाढ़ आ जाती है और राजनीतिक कारणों से पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। ज्यादातर मामलों में वह कार्रवाई नहीं करती, जिसकी अपेक्षा कानून उससे करता है। पश्चिम बंगाल और असम में हमें यह दिख रहा है। चुनाव आयोग ने इन दोनों प्रदेशों में कुछ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाइयां की भी हैं। इनका वक्ती असर तो पड़ेगा, पर जल्द ही ये अधिकारी धूल झाड़कर खड़े हो जाएंगे। आचार संहिता के हटते ही ये वापस अपनी जगहों पर होंगे और यदि वर्तमान शासक दल वापस सत्ता में लौटा, तो इन्हें इनाम अलग से मिलेगा।

ऐसा नहीं है कि राजनीतिक दल पुलिस का दुरुपयोग बलात ही करते हैं, बहुत से पुलिसकर्मी इनाम के लालच में खुद को इस्तेमाल होने के लिए पेश करते रहते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में तो आईपीएस समेत पुलिस की तमाम कतारें जातियों के आधार पर बंट गई हैं और क्योंकि वहां चुनाव जाति के आधार पर होने लगे हैं, इसलिए बहुत से मामलों में पुलिसकर्मी अपनी जाति के उम्मीदवारों की मदद करते देखे गए हैं।

पूरा मसला व्यापक पुलिस सुधारों से जुड़ा हुआ है और छोटी-मोटी कार्रवाइयों से बहुत फर्क नहीं पड़ेगा। पुलिस ऐक्ट और राज्यों की पुलिस नियमावली में ऐसे संशोधनों की फौरी जरूरत है, जिनके चलते चुनाव के दौरान किसी तरह का पक्षपात या जान-बूझकर की गई कोई चूक एक गंभीर त्रुटि मानी जाए और इनमें लिप्त पुलिसकर्मियों के विरुद्ध ऐसे दंड की व्यवस्था होनी चाहिए, जो भविष्य के लिए नजीर बन सके।

अपनी निष्पक्ष छवि बनाए रखने की जितनी बड़ी चुनौती राज्य पुलिस संगठनों के सामने है, उतनी ही चुनाव आयोग के सामने भी है। केवल विरोधी दलों द्वारा शासित राज्यों से पुलिस के दुरुपयोग की शिकायतें नहीं आ रहीं, असम में भी वही सब सुनने को मिल रहा है। जाहिर है, निर्वाचन आयोग की सख्ती से ही जिन्न को वापस बोतल मे बंद किया जा सकेगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# आंतरिक असहमति से इतना असहज क्यों 'आप' नेतृत्व



यहां स्कैन करें

राज कुमार सिंह | वरिष्ठ पत्रकार

भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना आंदोलन से जन्मी आम आदमी पार्टी (आप) ने सत्ता की राजनीति में जितनी चमत्कारिक सफलता हासिल की, उसमें मुखर होता आंतरिक असंतोष भी उतना ही आश्चर्यजनक है। बेशक, किसी भी संगठन में वैचारिक मतभेद उभर सकते हैं, पर देशवासियों को वैकल्पिक राजनीति का सपना दिखाने वाली आप का आंतरिक असंतोष व्यक्तिगत अहं और महत्वाकांक्षाओं का टकराव ज्यादा नजर आता है।

कभी पार्टी के चर्चित चेहरों में शुमार रहे राघव चड्ढा और आप नेताओं के बीच तल्ख आरोप-प्रत्यारोपों से किसी वैचारिक मतभेद के संकेत हरगिज नहीं मिलते। जिस तरह चड्ढा को राज्य सभा में उप-नेता पद से हटाते हुए पत्र लिखा गया कि उन्हें पार्टी की ओर से बोलने का समय न दिया जाए- वह नेतृत्व से बढ़ती दूरियों के साथ ही परस्पर कटुता का प्रमाण है। पहले दिल्ली से विधायक और फिर पंजाब से राज्य सभा सदस्य बनाए गए राघव चड्ढा को (इतनी कम उम्र में) उप-नेता नियुक्त किए जाने का आधार आप संयोजक अरविंद केजरीवाल से निकटता के अलावा और क्या रहा होगा? मात्र 26 साल की उम्र में पार्टी का कोषाध्यक्ष बना दिए जाने का कारण भी पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट चड्ढा पर भारी भरोसा ही रहा होगा। उसी भरोसे के चलते वह पंजाब में 'सुपर सीएम' की भूमिका में भी नजर आए। अब जब उनकी राज्य सभा में उप नेता पद से अपमानजनक विदाई हो गई है, उनसे केजरीवाल का विश्वास भंग हो जाना तो साफ है, लेकिन दोनों ओर से जैसी तल्ख टिप्पणियां कर कुछ संदेश देने की कोशिश की जा रही है, उससे सवालों और संदेह को ही बल मिल रहा है।

**वैकल्पिक राजनीति की संवाहक बताई गई आम आदमी पार्टी इस तरह क्यों चल रही है कि एक-एक कर नींव के पत्थर ही जगह छोड़ रहे हैं?**

बेशक, राघव चड्ढा ने आम आदमी से जुड़े कई मुद्दे संसद में उठाए, लेकिन सच यह भी है कि वह आप के राजनीतिक मुद्दों से लगातार दूर होते चले गए। सोशल मीडिया के दौर में नेता व्यक्तिगत छवि निखारने को प्रयासरत ज्यादा रहते हैं। इसलिए चड्ढा ने सोशल मीडिया पर वायरल होकर छवि निखारने वाले मुद्दे ही संसद में सवाल पूछने के लिए चुने, तो समझा जा सकता है, लेकिन जिस पार्टी की बदौलत वह वहां पहुंचे, उसी को दरकिनार कर देना राजनीतिक अलगाव की पटकथा का भी संकेतक है। चड्ढा की राज्य सभा सदस्यता वर्ष 2028 तक है। उन्हें आप से निकालने का अर्थ होगा कि सदस्यता बची रहेगी। स्वाति मालीवाल के मामले में भी यही मजबूरी रही। दल से अलगाव पर खुद सांसदी छोड़ने की नैतिकता की अपेक्षा अब नेताओं से बहुत व्यावहारिक नहीं लगती। ऐसे में, स्वाति मालीवाल की तरह चड्ढा के साथ भी आप की नोक-झोंक चलती ही रहेगी।

यह व्यावहारिक सच है कि जब राजनेता अपने दल से दूर जा रहा होता है, तब किसी दूसरे दल के नजदीक भी जा रहा होता है। 36 साल के राघव चड्ढा की राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं रहस्य नहीं हैं। जब कांग्रेसियों में ही पार्टी छोड़ने की होड़ लगी है, तब कोई और उसे अपनी मंजिल क्यों बनाएगा? ऐसे में, चड्ढा की अगली मंजिल भाजपा हो सकती है, लेकिन जब कैप्टन अमरिंदर सिंह और सुनील जाखड़ सरीखे जमीनी नेता पंजाब की उर्वरा भूमि पर कमल नहीं खिला पाए, तो चड्ढा क्या कर पाएंगे- यह देखना दिलचस्प होगा। आप के लिए अगले साल पंजाब की सत्ता बचाना बड़ी चुनौती होगी, और राजनीतिक भविष्य के लिए जरूरी भी। बेशक, एक सेलेब्रिटी सा आचरण करने वाले चड्ढा आप को ज्यादा जमीनी नुकसान नहीं पहुंचा सकते, लेकिन जिस तरह एक के बाद एक पुराने नेता पार्टी से किनारा कर रहे हैं और हरेक के निशाने पर केजरीवाल ही नजर आते हैं, उस पर पार्टी को विश्लेषण अवश्य करना चाहिए।

खुद को 'ईमानदार' व परंपरागत राजनीतिक दलों-नेताओं को भ्रष्ट बताते हुए आम आदमी पार्टी बनाने वाले अरविंद केजरीवाल की साख को सबसे ज्यादा चोट कथित शराब नीति घोटाले से पहुंची। वह मामला अब दिल्ली उच्च न्यायालय में है। यह अदालती लड़ाई लंबी चल सकती है, लेकिन वैकल्पिक राजनीति की संवाहक बताई गई आप इस तरह क्यों चल रही है कि एक-एक कर नींव के पत्थर ही जगह छोड़ रहे हैं? इस स्वाभाविक, पर अनुत्तरित प्रश्न से केजरीवाल जितना मुंह चुराएंगे, आप की साख का क्षरण उतना ही तेज होता जाएगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# वैराग्य का असली अर्थ

मानव जीवन एक अदृश्य, लेकिन अत्यंत सक्रिय तत्व के इर्द-गिर्द घूमता है, और वह है मन। मन हमेशा किसी न किसी वस्तु, विचार या अनुभव से जुड़ा रहता है। हम जो देखते हैं, जो सुनते हैं, जो चाहते हैं या जो कुछ छोड़ देते हैं, उन सबका प्रभाव हमारे भीतर संचित होता रहता है। बाहरी दुनिया की वस्तुएं भले भौतिक हों, लेकिन उनका वास्तविक अनुभव मानसिक होता है। सुख, दुख, आकर्षण या विरक्ति, सब के सब मन के स्तर पर ही घटित होते हैं।

मन की एक विशेषता है, यह स्थिर नहीं रह सकता। आज जो वस्तु हमें अत्यधिक आनंद देती है, वही कुछ समय बाद सामान्य लगने लगती है और मन किसी नए आकर्षण की ओर बढ़ जाता है। यह निरंतर परिवर्तन ही मन की प्रकृति है। संसार की हरेक वस्तु सीमित है। जिसका आरंभ है, उसका अंत निश्चित है। इसलिए कोई भी भौतिक वस्तु स्थायी सुख नहीं दे सकती।

फिर भी मनुष्य इस सच्चाई को अनदेखा कर देता है। वह उन्हीं वस्तुओं को अपने जीवन का आधार बना लेता है, जो क्षणिक हैं। कोई धन के पीछे भागता है, कोई प्रसिद्धि के, तो कोई संतान या संबंधों में अपने अस्तित्व का अर्थ खोजता है। ये सभी प्रयास मन को कुछ समय के लिए तो तृप्त कर सकते हैं, लेकिन अंततः खालीपन ही छोड़ जाते हैं। जब मन किसी वस्तु का लंबे समय तक आनंद नहीं ले पाता या उसे खोने का भय बढ़ जाता है, तो वह अनुभव पीड़ा में बदल जाता है।

मनुष्य के भीतर एक गहरी चाह होती है, सुरक्षा और स्थायित्व की। जैसे कोई भी व्यक्ति रेत पर घर नहीं बनाना चाहता, वैसे ही मन भी किसी अस्थिर आधार पर टिकना नहीं चाहता। वह ऐसी नींव चाहता है, जो अडिग हो और समय के साथ न बदले। प्रश्न यह है कि क्या इस संसार में ऐसा कोई आधार है? उत्तर है-नहीं। एक पिता अपने पुत्र से अत्यंत प्रेम करता है। पुत्र एक सीमित अस्तित्व है। एक दिन उसे इस संसार से जाना ही है। यह विचार दुख का कारण बनता है, लेकिन वही पिता यदि अपने पुत्र को अनंत सत्ता की अभिव्यक्ति के रूप में देखने लगे, तो उसके प्रेम में गहराई तो होगी, पर भय कम हो जाएगा, क्योंकि अनंत को खोया नहीं जा सकता।

**मन की विशेषता है, यह स्थिर नहीं रह सकता। आज जो वस्तु हमें अत्यधिक आनंद देती है, वही कुछ समय बाद सामान्य लगने लगती है और मन किसी नए आकर्षण की ओर बढ़ जाता है।**

जब यह दृष्टि विकसित होती है, तब मन धीरे-धीरे सीमित वस्तुओं के प्रभाव से मुक्त होने लगता है। इसका अर्थ यह नहीं कि हम संसार से दूर हो जाएं या अपने कर्तव्यों को छोड़ दें। इसका अर्थ है- हर वस्तु व संबंध के साथ संतुलित और सजग व्यवहार करना। यह दृष्टिकोण हमें जीवन के प्रति एक गहरी समझ देता है। तब कोई भी वस्तु या घटना हमारे मन को विचलित नहीं कर पाती। यही संतुलन, यही आंतरिक स्वतंत्रता वास्तव में सच्चा वैराग्य है।

**श्रीश्री आनंदमूर्ति**

जॉर्जिया मेलोनी | प्रधानमंत्री, इटली



**आजादी का मतलब यह नहीं है कि आप आसान और आरामदायक रास्ता चुनें। इसका मतलब है वह करने का जज्बा, जो आपको सही लगता है। चाहे इसकी जो कीमत चुकानी पड़े। चाहे यह कितना भी कठिन क्यों न हो।**

# अब भी स्वास्थ्य अधिकार नहीं बन सका

हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन एक नई थीम के साथ विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाता है, पर विडंबना है कि दशकों से स्वास्थ्य का नारा बुलंद करने के बावजूद, दुनिया आज भी एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां स्वास्थ्य सेवाएं व्यक्ति की आय से तय होती हैं, उसके अधिकार से नहीं। आज चिकित्सा संस्थानों में मरीज इंसान नहीं, बल्कि एक ग्राहक बन गया है। स्वास्थ्य अब सेवा क्षेत्र से निकलकर निवेश क्षेत्र में तब्दील हो चुका है। निजी अस्पतालों की भव्य इमारतें और पांच सितारा सुविधाएं बुनियादी इलाज को इतना महंगा बना चुकी हैं कि एक मध्यवर्गीय परिवार गंभीर बीमारी के खर्च से गरीबी रेखा के नीचे चला जाता है।

वास्तव में, साल 2019 में कोविड महामारी ने वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा के दावों की पोल खोल दी। हमने देखा कि कैसे विकसित देशों की व्यवस्थाएं भी ताश के पत्तों की तरह ढह गईं। वैक्सीन राष्ट्रवाद ने स्पष्ट कर दिया कि संकट के समय संपन्न देशों की प्राथमिकता मानवता नहीं, बल्कि अपना हित होती है। भारत में ऑक्सीजन की किल्लत और बेड के लिए मची हाहाकार ने यह साबित किया कि हमारा निवेश भवनों में अधिक और जीवन रक्षक तंत्र में कम रहा है। भारत में आयुष्मान भारत जैसी बीमा आधारित योजनाएं एक राहत तो देती हैं, लेकिन वे 'क्यूरेटिव' (उपचारपरक) हैं, असली चुनौती तो 'प्रिवेंटिव हेल्थकेयर' (निवारक स्वास्थ्य सेवा) की है।

भारत का स्वास्थ्य बजट जीडीपी के 2.5 प्रतिशत के लक्ष्य से अब भी दूर है। आज भी अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए ग्रामीण आबादी को शहरों की ओर भागना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों और विशेषज्ञों की भारी कमी व्यवस्थागत उदासीनता का प्रमाण है। हम अक्सर स्वास्थ्य को केवल शारीरिक व्याधि तक सीमित रखते हैं, लेकिन बढ़ता प्रदूषण आज सबसे बड़ा 'साइलेंट किलर' है। फेफड़ों की बीमारियां और कैंसर का बढ़ता ग्राफ हमारी नीतिगत विफलता है। यदि हम वास्तव में स्वास्थ्य के प्रति गंभीर हैं, तो हमें बीमारी के उद्योग को स्वास्थ्य की सेवा में बदलना होगा। आज दवाइयों की कीमतें आसमान छू रही हैं। भारत जैसे देश में, जहां स्वास्थ्य पर होने वाले कुल खर्च का लगभग 60-70 प्रतिशत हिस्सा दवाइयों पर खर्च होता है, वहां इनकी महंगाई किसी त्रासदी से कम नहीं है। स्वास्थ्य के अधिकार का मतलब उन दवाओं को किफायती बनाना भी है, जो जीवन बचाती हैं। इसलिए, वास्तविक उत्सव उस दिन होगा, जब अस्पताल के गेट पर खड़ा व्यक्ति अपनी जेब नहीं, बल्कि अपनी सांसों पर भरोसा कर सकेगा।

युगल किशोर राही, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम
विश्व स्वास्थ्य दिवस



# अनवरत जागरूकता बढ़ा रहा यह दिवस

सारी दुनिया में स्वास्थ्य सेवाओं, वैश्विक महामारियों से बचाव और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की स्थापना 7 अप्रैल, 1948 को हुई थी। इसी दिन को विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। यह संगठन समय-समय पर दुनिया के विभिन्न देशों के स्वास्थ्य के आंकड़े जारी करता है, जिससे देशों को पता चलता है कि उनके नागरिक कितने स्वस्थ हैं? इन आंकड़ों से देशों की सरकारें अपने यहां स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार करती हैं। स्वस्थ नागरिक ही देश के विकास में अपना योगदान अच्छी तरह दे सकते हैं, और देश स्वस्थ तभी होगा, जब उसके हरेक नागरिक को सस्ता और उचित इलाज मिलेगा। इस मामले में कई चुनौतियां अभी कायम हैं, लेकिन इस दिशा में काम भी काफी हुआ है। कुछ अच्छे अस्पताल बने हैं, डॉक्टरों की पहुंच गांवों तक होने लगी है और स्वास्थ्यकर्मी मुस्तैदी दिखाने लगे हैं। फिर भी, हमारे देश में बहुत सी जानलेवा बीमारियों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है, छोटी उम्र में ही युवा भी जानलेवा बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। भूखे पेट मरने वालों से कहीं ज्यादा बड़ा आंकड़ा उनका होता है, जो पेट की क्षमता से अधिक अन्न उसमें डालते हैं, क्योंकि अधिक खाने से शरीर को बीमारियां लग जाती हैं। इसलिए अगर अपने तन, मन, धन को कोई नुकसान नहीं पहुंचाना है, तो अन्न उतना ही खाएं, जितनी भूख है, और अन्न के अलावा दूसरी चीजों का सेवन भी उचित मात्रा में ही करें। हमें भविष्य में जानलेवा महामारियों, बीमारियों से बचना है, तो कुदरत को संभालने और इसके अनुकूल खान-पान व जीवनशैली अपनानी होगी। अच्छी बात है कि लोग अपने खान-पान को लेकर अब पहले की तुलना में अधिक सजग होने लगे हैं।

राजेश कुमार चौहान, टिप्पणीकार

**विश्व** स्वास्थ्य दिवस हमें बताता है कि सेहत को लेकर सजगता कितनी जरूरी है। यह दिन हमें इस बात को लेकर भी जागरूक करता है कि ऐसा-वैसा काम नहीं करना चाहिए, जिससे सेहत को नुकसान हो, फिर चाहे वह नशा का सेवन हो या जंक फूड का। यह दिवस हमें अपने स्वास्थ्य को लेकर सावधान करता है और यह संदेश देता है कि अच्छा स्वास्थ्य ही हमारे लिए सबसे बड़ा धन है। अगर इस धन में कमी हुई, तो हमारे लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इसीलिए हमें ऐसे प्रयास करने चाहिए, जिससे हमारी सेहत बेहतर हो। इस दिवस का यही संदेश है।

कृतिका, टिप्पणीकार

# लक्ष्य तय कीजिए और बढ़े चलिए

**हमारा जीवन कर्मों की शृंखला है। इसमें कर्ता, कर्म, परिणाम और संकल्प सब एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। जब लक्ष्य सामने दिखाई देता है, तो कर्म करने की प्रेरणा मिलती है। कर्म करने की प्रेरणा से कार्य करने वाले कर्ता की उपस्थिति जन्म लेती है। जब लक्ष्य, कर्म और कर्ता तीनों आपस में मिलते हैं, तो जीवन आगे बढ़ता है।**



अध्यात्म



जे. कृष्णमूर्ति

हमारा सारा जीवन कर्म की ही प्रक्रिया है। हममें से ज्यादातर व्यक्ति कर्मों की एक शृंखला के बीच जीते हैं। वे कर्म कहीं से भी आपस में जुड़े हुए या संबंधित नहीं लगते, इसलिए विघटन व कुंठा की ओर ले जाते हैं। यह एक ऐसा प्रश्न है, जिसका हममें से प्रत्येक के साथ संबंध है, क्योंकि हम कर्म से ही जीवित रहते हैं। बिना कर्म के न तो कोई जीवन है, न कोई अनुभव और न कोई चिंतन।

## जीवन : कर्मों की शृंखला

हमारा जीवन कर्मों की शृंखला है। ऐसा कहें कि चेतना के विभिन्न स्तरों पर कर्म की प्रक्रिया है। चेतना का अर्थ है- अनुभव करना, नामांकित करना और स्मृति के रूप में लेखा-जोखा रखना।

कर्म कर्ता को निर्मित करता है। कर्ता का अस्तित्व तभी होता है, जब कर्म के सामने कोई परिणाम, कोई लक्ष्य हो। यदि कर्म में परिणाम का कोई सरोकार न हो, तो कर्ता भी नहीं होगा, लेकिन यदि कोई लक्ष्य या परिणाम सामने है, तो कर्म कर्ता को निर्मित कर देगा। इस तरह कर्ता, कर्म और लक्ष्य या परिणाम एक ही प्रक्रिया है, जो तभी अस्तित्व में आती है, जब कर्म का कोई दृष्टिगत लक्ष्य होता है। किसी परिणाम के लिए कर्म करना ही संकल्प है, अन्यथा संकल्प का प्रश्न ही कहां है? किसी लक्ष्य को पाने की इच्छा संकल्प है और यही कर्ता है, यानी मैं कुछ हासिल करना चाहता हूं।

## कर्ता, कर्म और लक्ष्य

हम इन तीनों स्थितियों से, यानी कर्ता, कर्म और लक्ष्य से परिचित हैं। यही हमारा नित्य-प्रति का जीवन है। 'जो है', मैं उसकी ही बात कर रहा हूं, लेकिन 'जो है' उसे कैसे बदला जाए। यह हमारी समझ में तभी आएगा, जब हम उसकी बारीकी से पड़ताल करेंगे, ताकि उस बारे में कोई भ्रम, पूर्वाग्रह या पक्षपात न रह जाए। अब ये तीन स्थितियां कर्ता, कर्म और परिणाम- जिनसे हमारा अनुभव निर्मित होता है, निस्संदेह कुछ बनने की प्रक्रिया हैं, अन्यथा बनने जैसा कुछ नहीं होता या होता है? यदि कोई कर्ता न हो और किसी लक्ष्य के लिए कोई कर्म न हो, तो कुछ बनना नहीं हो सकता। जो जीवन हम जीते हैं, हमारा नित्य-प्रति का जीवन, कुछ बनने की ही प्रक्रिया होता है। मैं निर्धन हूं और धनी होने का लक्ष्य रखकर अपने क्रियाकलाप करता हूं। मैं कुरूप हूं और मैं सुंदर बनना चाहता हूं, इसलिए मेरा जीवन कुछ बनते रहने की प्रक्रिया है।

## फल की इच्छा से प्रेरित कर्म

चेतना के अलग-अलग स्तरों पर, अलग-अलग अवस्थाओं में, जहां चुनौतियां हैं, प्रत्युत्तर हैं, नामांकन व अभिलेखन की क्रियाएं हैं, वहां जीवित रहने की चाह कुछ बनने की चाह से भिन्न नहीं है। इस बनने में संघर्ष है, पीड़ा है, क्या ऐसा नहीं है? यह एक अनवरत संघर्ष है : मैं यह हूं, और मैं वह बन जाना चाहता हूं।

समस्या यह है कि क्या इस बनने की प्रक्रिया के बिना भी कर्म संभव है? क्या बिना इस पीड़ा के, बिना इस सतत संघर्ष के कर्म नहीं हो सकता? यदि कोई लक्ष्य नहीं है, तो कर्ता भी नहीं है, क्योंकि लक्ष्य के साथ कर्ता भी आ जाता है। अतः बिना किसी लक्ष्य के, और इस प्रकार बिना किसी कर्ता के, क्या कोई कर्म हो सकता है- यानी किसी भी परिणाम की इच्छा के बिना? ऐसा कर्म कुछ बनना नहीं होगा और इसलिए वह किसी प्रकार का संघर्ष नहीं होगा। अनुभवकर्ता और अनुभव के बिना भी कर्म की, अनुभूति की स्थिति होती है।

अनुभव करने के क्षणों में आपको अनुभव से अलग किसी अनुभवकर्ता का बोध नहीं होता। वहां आप बस अनुभव करने की अवस्था में होते हैं। एक बड़ा सरल उदाहरण लीजिए : आप क्रोध में हैं, क्रोध के उस क्षण में न तो अनुभवकर्ता है न अनुभव, केवल अनुभूति है, बस अनुभव करना है, लेकिन जैसे ही उस क्षण से आप बाहर आते हैं, अर्थात अनुभव करने के तुरंत बाद, तो अनुभवकर्ता भी होता है और अनुभव भी। कर्ता भी होता है और फल की अभिलाषा से किया गया कर्म भी। इसका मतलब है, क्रोध को आप दबाना चाहेंगे या उससे छुटकारा पाना चाहेंगे। हम इस अवस्था में, अनुभूति की इस स्थिति में बार-बार लौटते हैं, लेकिन हर बार हम उससे बाहर चले आते हैं और उसे कोई शब्द, कोई नाम देकर स्मृति में बिठा लेते हैं। इस प्रकार कुछ बनना जारी रखते हैं।

## विचार और कर्म का द्वंद्व

यदि हम कर्म को उस शब्द के मूलभूत अर्थ में समझ पाएं, तो यह गहरी समझ हमारी सतही क्रियाओं को भी प्रभावित करेगी, लेकिन पहले हमारे लिए कर्म की मूलभूत प्रकृति को समझना आवश्यक है। क्या कर्म किसी मत या अवधारणा के द्वारा, विचार के द्वारा पैदा होता है? क्या आपको विचार पहले आता है और तब क्रिया होती है अथवा कर्म पहले होता है और चूंकि वह द्वंद्व ले आता है, आप उसके ईद-गिर्द एक विचार बना लेते हैं? क्या कर्म कर्ता को निर्मित करता है या कर्ता पहले आता है?

यह समझना बड़ा आवश्यक है कि इनमें से कौन पहले आता है। यदि विचार पहले होता है, तो कर्म उस विचार का अनुसरण भर होता है और इसीलिए वह कर्म नहीं होता बल्कि अनुकरण, विचार का प्रभाव होता है। इस बात का समझ में आना बड़ा जरूरी है। चूंकि हमारा समाज मुख्यतः बौद्धिक या शाब्दिक स्तर पर रचित है, हम सभी में विचार ही पहले आता है और तब कर्म उसका अनुगमन करता है। उस अवस्था में कर्म किसी विचार का सेवक रह जाता है।

## सप्ताह के व्रत-त्योहार

### 07 अप्रैल से 13 अप्रैल 2026

07 अप्रैल (मंगलवार) : वैशाख कृष्ण पंचमी तिथि सायं 04.35 मिनट तक। श्री गुरु तेगबहादुर जयंती। गंडमूल विचार।

08 अप्रैल (बुधवार) : वैशाख कृष्ण षष्ठी तिथि सायं 07.02 मिनट तक। भद्रा सायं 07.02 मिनट से। गंडमूल विचार।

09 अप्रैल (गुरुवार) : वैशाख कृष्ण सप्तमी तिथि रात्रि 09.20 मिनट तक पश्चात अष्टमी तिथि। भद्रा प्रात: 08.11 मिनट तक। श्री शीतला सप्तमी व्रत। कालाष्टमी। श्री गुरु अर्जुनदेव जयंती। गंडमूल प्रात: 08.49 मिनट तक।

10 अप्रैल (शुक्रवार) : वैशाख कृष्ण अष्टमी तिथि रात्रि 11.16 मिनट तक। श्री शीतलाष्टमी व्रत।

11 अप्रैल (शनिवार) : वैशाख कृष्ण नवमी तिथि रात्रि 12.38 मिनट तक।

12 अप्रैल (रविवार) : वैशाख कृष्ण दशमी तिथि रात्रि 01.17 मिनट तक। पंचक प्रारंभ रात्रि 03.45 मिनट से।

13 अप्रैल (सोमवार) : वैशाख कृष्ण एकादशी तिथि रात्रि 01.09 मिनट तक पश्चात द्वादशी तिथि। वरुथिनी एकादशी व्रत। श्री वल्लभाचार्य जयंती। पंचक।

-पं. ऋभुकांत गोस्वामी

## आस्था-अनास्था

डॉ. एम. आर. राजेश्वरी

# भगवान दिखावे से नहीं श्रद्धा से होंगे प्रसन्न

**भगवान कैसे प्रसन्न होते हैं?**

-हरित कुमार, गाजियाबाद



**एक** बार दुर्वासा मुनि, देवताओं की नगरी अमरावती में गए। पूरा शहर उत्सव की शोभा से दमक रहा था।

दुर्वासा ने वहां उपस्थित नारद से इसके बारे में पूछा, 'इस उत्सव का क्या कारण है?'

देवर्षि नारद ने जवाब दिया, 'आज पूर्णिमा का दिन है। देवताओं के राजा इंद्र, माता अदिति की पूजा कर रहे हैं।' उत्सव की वैभवपूर्ण तैयारियों को देखकर दुर्वासा मुनि आश्चर्य चकित हुए। सैकड़ों सुवर्ण थालियों में फूलों को सजाकर मां की पूजा के लिए रखे जा रहे थे। दुर्वासा मुनि इन तैयारियों के बारे में मां को स्वयं बताना चाह रहे थे। वे मां के द्वार पर गए। द्वारपालकों ने मुनि से कहा 'हे मुनिवर! मां बीमार हैं। आप उनसे अभी मिल नहीं सकते।' द्वारपालकों की बातों को नजरंदाज कर मुनि सीधे मां के कक्ष में गए, जहां देव माता अदिति शैय्या पर लेटी हुई थीं।

मुनि ने देवी से पूछा, 'मां! आप अस्वस्थ क्यों हैं? आप तो इससे परे हैं न?' देव माता ने नारद के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा, 'यह सब देवेंद्र के कारण हुआ है, जो अपनी संपदा के दिखावे के लिए मेरी पूजा स्वर्ण पुष्पों से कर रहा है। उन स्वर्ण पुष्पों से ही मेरे शरीर पर घाव हो रहे हैं।'

दुर्वासा ने देवी से फिर पूछा, 'यह बताइए मां, आपका यह रोग कैसे ठीक होगा?' मां ने जवाब दिया, 'वाराणसी के विशालाक्षी मंदिर में एक व्यक्ति है, जो मेरी चिकित्सा करने में समर्थ है।'

दुर्वासा तुरंत वाराणसी गए। वहां उन्होंने मंदिर में एक व्यक्ति को रोते हुए देखा। वह व्यक्ति मां के चरणों पर अश्रु बरसा रहा था। मुनि ने उससे पूछा कि यहां कहीं कोई चिकित्सक मिल सकता है क्या? लेकिन, उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। मुनि ने वाराणसी में कई जगहों पर चिकित्सक के बारे में पूछताछ की, लेकिन उनके सारे प्रयास व्यर्थ गए।

दुर्वासा मुनि देवमाता के पास लौट आए। आश्चर्य की बात थी कि देवमाता प्रसन्नचित्त अपने सिंहासन पर विराजमान थीं। मां ने मुनि से प्रश्न किया, 'क्या आपको चिकित्सक मिला?' दुर्वासा ने कहा, 'नहीं मां, मुझे मंदिर में कोई नहीं मिला। केवल एक वृद्ध व्यक्ति उस मंदिर की देवी के चरणों में अश्रु बहा रहा था।'

देवमाता ने मुस्कराकर दुर्वासा से कहा, 'जो वृद्ध तुम्हें दिखाई दिया, वही मेरा चिकित्सक है। उसके द्वारा बहाए गए अश्रु की हर बूंद ने मेरे शरीर के हर घाव को भर दिया।'

दुर्वासा मुनि को यह समझ आ गया कि जो उत्सव संपदा एवं वैभव के साथ मनाए जाते हैं, उनसे भगवान संतुष्ट नहीं होते, बल्कि जो व्यक्ति प्रेम तथा श्रद्धापूर्वक अश्रु बहाता है, वही भगवान को प्रसन्न कर सकता है।

*(साभार : तिरुमल तिरुपति देवस्थानम, तिरुपति)*

## भेजें अपने सवाल

### स्वर्ग-नरक की कल्पना का आधार क्या है?

पाप क्या है, पुण्य क्या है? धर्म क्या है, अधर्म क्या है? ईश्वर की आराधना कैसे करें? ऐसे सवाल अकसर हमारे मन में उठते हैं, पर इनका जवाब हमारे पास नहीं होता। मन-मस्तिष्क में आने वाले ऐसे ही सवालों के जवाब हमारे पैनल में शामिल धर्माचार्य आपको देंगे।

**अपने सवाल हमें इस पते पर भेजें :**
धर्मक्षेत्रे, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301 (उत्तर प्रदेश)

## भक्ति और सेवा

# नंदी ने भी किया विषपान



**एक** दिन पार्वती ने महादेव से पूछा, 'आपको नंदी इतना प्रिय क्यों है?' महादेव ने कहा, 'नंदी में सेवा और भक्ति दोनों का समन्वय है। उसके सेवा-कर्म में शौर्य है। उसकी भक्ति में तप है, समर्पण है, निरंतर सुमिरन है, इसलिए नंदी मुझे प्राणवत प्रिय है।'

पार्वती ने शिव से फिर पूछा, 'प्रभु! भक्ति-भाव और समर्पण तो आपके सभी भक्तों और गणों में है। फिर नंदी की भक्ति में ऐसा क्या विशेष है?'

महादेव ने पार्वती को उत्तर देते हुए कहा, 'नंदी को अपने पिता ऋषि शिलाद से यह पता चला कि वह अल्पायु है। यह विचार कर नंदी भुवन नदी के किनारे साधना करने लगा। उसके सुमिरन में अटूट लगन और एकचित्तता थी। जब एक कोटि सुमिरन पूर्ण हुए, तो मैं प्रकट होकर दर्शन देने को विवश हो गया। जानती हो, वह साधना-सुमिरन में इतना मग्न था कि मुझसे वर मांगने का उसे ध्यान ही नहीं रहा। उसे साधनारत छोड़कर मैं अंतर्धान हो गया। ऐसा ही एक बार और हुआ। तीसरी बार जब मैं प्रकट हुआ, तो मैंने ही अपना वरद हस्त उठाकर उसे वर-प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। जानती हो देवी, तब भी नंदी ने दीर्घ आयु का वर नहीं मांगा। अपनी अखंड साधना का एक ही फल चाहा। उसकी चाह थी- केवल मेरा सान्निध्य!' नंदी ने मुझसे मांगा, 'हे महादेव! मुझे अपनी अलौकिक संगति का वर दो। अपना प्रेममय सान्निध्य और स्वामित्व दो। मैं दास भाव से आपके संग रहना चाहता हूं। मेरा हृदय अन्य कोई अभीप्सा नहीं रखता।'

'मैंने प्रसन्न होकर उसे अपना अविनाशी वाहन और परम गण घोषित कर दिया।' पार्वती ने जिज्ञासावश फिर प्रश्न किया, 'किंतु वाहन ही क्यों, महादेव? कोई अन्य भूमिका क्यों नहीं?'

महादेव ने मुस्कराते हुए कहा, 'देवी! वाहन का समर्पण अद्वितीय होता है। नंदी का मन इतना समर्पित है कि मैं सदा उस पर आरूढ़ रहता हूं। उसकी अपनी कोई इच्छा, कोई मति, कोई आकांक्षा नहीं। नंदी मेरी इच्छा, मेरी आज्ञा, मेरे आदर्शों का वाहक बन गया है, इसलिए वह मेरा वाहन है।'

पार्वती ने कहा, 'सत्य है प्रभु! नंदी की भक्ति-साधना और समर्पण तो अनुपम है। अब उसके सेवा या कर्म-शौर्य की भी तो विशेषता बताइए।'

महादेव ने कहा, 'तुम्हें स्मरण है देवी, समुद्र-मंथन की वह असाधारण घटना! समुद्र को मथते-मथते अमृत से पहले हलाहल विष निकला था। संसार के त्राण के लिए मुझे उसका पान करना पड़ा, परंतु विषपान करते हुए विष की कुछ बूंदें धरा पर गिर गईं। इन बूंदों के कुप्रभाव से पृथ्वी त्राहि-त्राहि करने लगी थी। तभी मेरे नंदी ने अपनी जिह्वा से उन विष-बिंदुओं को चाट लिया।' देवों ने व्यग्र होकर कारण पूछा। नंदी ने कहा, 'मेरे स्वामी ने प्यालाभर विष पान किया। क्या मैं सेवक होकर कुछ बूंदें ग्रहण नहीं कर सकता?' सो, ऐसा है नंदी का कर्म-शौर्य!

**(साभार : 'दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान')**

# जीवन का शाश्वत सत्य जानें

## विचार



श्री श्री आनंदमूर्ति

**एक** बार एक शिष्य ने जिज्ञासा व्यक्त की, मानव जीवन की सबसे बड़ी खोज क्या है? यदि इस प्रश्न का सरल उत्तर खोजें, तो वह है- दुखों से पूर्ण मुक्ति और स्थायी शांति की प्राप्ति। इसी अवस्था को 'परमार्थ' कहा जाता है। अर्थात वह स्थिति, जहां जीवन के सभी क्लेश समाप्त हो जाएं। इस अवस्था तक पहुंचने की जो प्रक्रिया है, वही साधना कहलाती है।

हम सामान्यतः अपने आपको एक सीमित अस्तित्व के रूप में देखते हैं- एक ऐसा 'मैं' जो इच्छाओं, भावनाओं और परिस्थितियों से घिरा हुआ है। यही 'मैं' जब तक संसार के सुख-दुख में उलझा रहता है, तब तक उसे अपनी असली पहचान का बोध नहीं हो पाता। इस सीमित चेतना को ही जीवात्मा कहा गया है। इसके विपरीत, जब यही चेतना सभी बंधनों से मुक्त हो जाती है, तब उसे परमात्मा का स्वरूप माना जाता है।

अक्सर लोग सोचते हैं कि आत्मा और परमात्मा दो अलग-अलग सत्ता हैं, जिन्हें साधना के माध्यम से मिलाया जाता है, लेकिन गहराई से देखें, तो यह अंतर वास्तविक नहीं, केवल अनुभव का अंतर है। जीवात्मा और परमात्मा के बीच जो दूरी प्रतीत होती है, उसका कारण केवल संस्कार अर्थात हमारे पिछले अनुभवों और प्रवृत्तियों का प्रभाव है। जैसे ही ये संस्कार समाप्त होते हैं, वही जीवात्मा अपने मूल स्वरूप अर्थात परमात्मा में स्थित हो जाती है।

इस विचार को समझाने के लिए एक सुंदर प्रतीक दिया गया है- एक ही पेड़ पर बैठे दो पक्षियों का। एक पक्षी पेड़ के फलों का स्वाद लेता है, जबकि दूसरा केवल देखता रहता है। यहां फल का आनंद लेने वाला पक्षी जीवात्मा है, जो जीवन के अनुभवों में उलझा हुआ है और जो केवल साक्षी है, वह परमात्मा है- निरपेक्ष, शांत और अचल।

जीवात्मा प्रकृति के नियमों से बंधी होती है। वह सुख-दुख, जन्म-मरण और कर्मों के चक्र में घूमती रहती है। इसके विपरीत, परमात्मा इन सबका साक्षी और नियंत्रक है। वह माया से परे है, जबकि जीवात्मा माया के प्रभाव में रहती है। साधना का उद्देश्य इसी बंधन को समाप्त करना है, ताकि व्यक्ति अपनी वास्तविक स्वतंत्रता का अनुभव कर सके।

अब प्रश्न उठता है- सत्य क्या है? हम जो कुछ भी इस संसार में देखते हैं, क्या वह स्थायी है? वास्तव में, संसार की हर वस्तु समय, स्थान और परिस्थितियों के अनुसार बदलती रहती है। एक ही वस्तु अलग-अलग परिस्थितियों में अलग रूप में दिखाई देती है। उदाहरण के लिए, जो वस्तु सामान्य व्यक्ति को सफेद दिखती है, वही पीलिया के रोगी को पीली नजर आती है। इससे स्पष्ट है कि हमारी अनुभूतियां भी सापेक्ष हैं।

इसी प्रकार रीति-रिवाज, परंपराएं और मान्यताएं भी स्थायी सत्य नहीं हैं। वे स्थान और समय के अनुसार बदलती रहती हैं, इसलिए इन्हें अंतिम सत्य नहीं कहा जा सकता। सच्चा सत्य वह है, जो कभी नहीं बदलता। जो समय, स्थान और व्यक्ति से परे है। यही ब्रह्म है, जो शाश्वत और अपरिवर्तनीय है।



इस सत्य को जानना आसान नहीं है। हमारी इंद्रियां और मन लगातार बाहरी विषयों में उलझे रहते हैं। हम जो देखते, सुनते और महसूस करते हैं, उसी को वास्तविक मान लेते हैं। यही कारण है कि हम उस गहरे सत्य से दूर रह जाते हैं, जो इन सबके पीछे छिपा हुआ है।

जब कोई साधक अपने मन को विषयों से हटाकर भीतर की ओर केंद्रित करता है, तब धीरे-धीरे उसकी चेतना बदलने लगती है। वह बाहरी आकर्षणों से मुक्त होकर एक ऐसी अवस्था में पहुंचता है, जहां न देखने का आग्रह रहता है, न सुनने का, न अनुभव करने का। यही वह स्थिति है, जहां ब्रह्म का बोध संभव होता है।

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर भी मिल सकते हैं, परंतु स्थान परिवर्तन हो सकता है।

**वृष :** मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध व वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन :** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी के लिए परीक्षा व साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन सत्ता का सहयोग भी मिलेगा।

**कर्क :** मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में बदलाव के योग बन रहे हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह :** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में बदलाव हो सकता है। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**तुला :** कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। खर्चों में वृद्धि होगी। यात्रा पर भी जा सकते हैं।

**वृश्चिक :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। कारोबार के लिए परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। वाहन के रख-रखाव तथा वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**धनु :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। संपत्ति में वृद्धि हो सकती है।

**मकर :** मन प्रसन्न रहेगा। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। पिता का सान्निध्य मिल सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कुंभ :** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन :** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार में भी शांति बनाए रखने के प्रयास करें। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे।

## व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

07 अप्रैल, मंगलवार, **शक संवत्** : 17 चैत्र (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 25 चैत्र मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 18 शव्वाल, 1447, **विक्रमी संवत्** : वैशाख कृष्ण पंचमी तिथि सायं 04.35 मिनट तक। मूल नक्षत्र, व्यतिपात योग सायं 04.17 मिनट तक पश्चात वरीयान योग, तैतिल करण। चंद्रमा वृश्चिक राशि में रात्रि 05.54 मिनट (सूर्योदय पूर्व) तक उपरांत धनु राशि में। **सूर्य उत्तरायण**। सूर्य उत्तर गोल। बसंत ऋतु। अपराह्न 03 बजे से सायं 04.30 मिनट तक राहुकालम्। श्री गुरु तेगबहादुर जयंती। गंडमूल विचार।

## वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

कृपया कुछ ऐसी जानकारी दें, जो हमें फायदा करे। -प्रसन्नचित्त रॉय, पटना

- रसोई में रखे हुए चावलों में तीन हल्दी की गांठें डाल दें। यह बहुत शुभ होता है। इससे परिवार में आपस में प्रेम बढ़ता है।
- रसोई में एक कांच के पात्र में नमक में पांच लौंग रखना रसोई की नकारात्मकता को दूर करता है। इससे रसोई में सात्विकता बढ़ती है। इससे बनने वाले भोजन में ऊर्जा बढ़ती है तथा उन्नति के नए रास्ते खुलते हैं।
- आटा रखने वाले डिब्बे में शनिवार को थोड़े से काले चने रखना शुभ होता है। इससे मां अन्नपूर्णा की कृपा से घर एवं रसोई घर धन-धान्य से परिपूर्ण रहता है।

## वर्ग पहेली : 8291



**बाएं से दाएं**
1. दृढ़ता; जीवनी शक्ति; उत्साह; साहस (4)
4. झुंड; ढेर; समूह; व्यापार (3)
6. बातचीत; वार्तालाप; समाचार; हाल (3)
7. कोई बात दिमाग में अच्छी तरह बैठाना; बात को समझ जाना (2,4)
8. भावपूर्ण; मधुर; मीठा; रसीला (3)
10. केसरी; मृगराज; सिंह (3)
11. जो आनंद दे; जिससे सुख मिले; सुखदायी (3)
15. नामवाला; नाम से प्रसिद्ध (3)
16. नियत करवाना; सुनिश्चित करवाना (2,4)
17. पत्रक; लेख्य; साक्ष्य; दस्तावेज (3)
18. घनत्व कम होना; पिघलना; जीर्ण होना (3)
19. संदेशा भेजना; पुकारा जाना; कहलाया जाना (4)

**ऊपर से नीचे**
1. इलाज करना; उपचार करना; उपाय करना; चिकित्सा करना; अवरोध का उपाय करना (2,3)
2. गर्व; घमंड; हर्ष; उन्माद; नशा; खाता शीर्ष (2)
3. दूसरा मत; भिन्न मत; मतभेद (4)
4. कहीं आना; पहुंचना; प्रवेश करना (3,3)
5. पोशाक; परिधान; पहरावा; वस्त्र; वेशभूषा (4)
9. झेलना; बर्दाश्त करना; सहना (3,3)
12. ताकत खर्च होना; शक्ति लगना; किसी नशीली वस्तु का धुआं खींचा जाना (2,3)
13. जिसने सांसारिक आसक्ति को त्याग दिया हो; जो निस्पृह हो गया हो; इच्छारहित; शांत (4)
14. रोकने वाला; दूर करने वाला; निवारण करने वाला; शामक; हटाने वाला (4)
17. कलुषित; बुरा; काजल के रंग वाला; कृष्ण; श्याम (2)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

## वर्ग पहेली : 8290



## सुडोकू : 8273

* आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | 4 | | | |
| | | 3 | 1 | 5 | | | | 7 |
| 1 | 6 | | | | 8 | 9 | | |
| | 3 | 9 | | | 1 | | | |
| | 8 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 6 | 3 | |
| | | 5 | 3 | | | | 8 | 1 |
| 3 | | | | 4 | 9 | 7 | | |
| | | | 8 | | 6 | | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

## सुडोकू : 8272

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 1 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 | 7 |
| 4 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 | 2 | 5 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 4 | 3 | 8 |
| 5 | 4 | 3 | 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 8 | 1 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 | 6 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 5 | 9 | 8 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 8 | 3 | 4 | 1 | 7 | 6 |
| 3 | 8 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |

संपादकीय जागरण

मंगलवार, 7 अप्रैल, 2026 : वैशाख कृष्ण - 5 वि. 2083

सही अवसर की प्रतीक्षा में मनुष्य कई अवसर गंवा देता है

# बेतुकी बयानबाजी

**चुनावों के** समय कैसी घोर गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी होती है, इसका उदाहरण है पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का यह विचित्र प्रश्न कि क्या भाजपा के पास चुनाव से पहले एक और पहलगाम हमले के लिए कोई खाका तैयार है? निःसंदेह वे संकेत रूप में यह कहना चाहती हैं कि पहलगाम आतंकी हमले के पीछे भाजपा का हाथ था। यह पहली बार नहीं कि जब किसी नेता ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर बेजा बयान दिया हो। इस हमले के बाद भी कुछ नेताओं ने ऐसे बयान दिए थे कि आखिर आतंकियों के पास इतना समय कहां था कि वे लोगों को मारने के पहले उनका मजहब पूछते? कुछ ने भारत सरकार पर पहलगाम गए पर्यटकों की सुरक्षा में जानबूझकर ढिलाई बरतने के आरोप मढ़े थे। इसे भी विस्मृत नहीं किया जा सकता कि पुलवामा आतंकी हमले के बाद भी कुछ नेताओं ने अपने संकीर्ण स्वार्थों को सिद्ध करने के फेर में केंद्र सरकार को ही कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की थी। यह साफ है कि ममता बनर्जी ने अपने वोट बैंक को तुष्ट करने के लिए बेतुका बयान दिया, लेकिन ऐसा करके उन्होंने राष्ट्रीय हितों को गंभीर क्षति ही पहुंचाई। उन्होंने पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की उस धमकी के सिलसिले में उक्त बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि भारत ने फिर से अपने लोगों पर ऐसी कोई कार्रवाई की, जिसका दोष पाकिस्तान पर मढ़कर उसे निशाना बनाया तो हम कोलकाता तक हमले करेंगे।

निश्चित रूप से पाकिस्तानी रक्षा मंत्री यही कहना चाहते हैं कि पहलगाम हमले से हमारा कोई लेना-देना नहीं था और यह तो भारत का अपना कृत्य अर्थात फाल्स फ्लैग आपरेशन था, ताकि पाकिस्तान को निशाना बनाया जा सके। उन्होंने यह बयान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से इस्लामाबाद को दी गई इस चेतावनी के बाद दिया कि यदि पाकिस्तान से दोबारा आतंकी हमले हुए तो भारत अभूतपूर्व कार्रवाई करेगा। जैसे-जैसे पहलगाम हमले की बरसी करीब आ रही है, पाकिस्तान फिर से इस आतंकी हमले को भारत का अपना गुप्त आपरेशन करार देने में लगा है। यह निराशाजनक और शर्मनाक है कि ममता बनर्जी एक तरह से उसी झूठ को उच्चारित कर रही हैं, जिसे पाकिस्तान दोहरा रहा है। माना कि चुनावों के अवसर पर राजनीतिक दलों में तीखी बयानबाजी होती है, पर इसकी भी एक सीमा होती है। वोट बैंक के लोभ में किसी नेता को इस हद तक नहीं चले जाना चाहिए कि उससे देश के शत्रुओं को लाभ मिले। उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि पाकिस्तान अब भी भारत के खिलाफ आतंकी साजिश रचने में जुटा हुआ है। वे इससे अनभिज्ञ भी नहीं हो सकतीं, क्योंकि हाल में ऐसे कई संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं, जो पाकिस्तानी हैंडलरों के संपर्क में थे। इनमें से कुछ तो बंगाल से गिरफ्तार किए गए हैं।

# सही पहल

**सुविधाएं, हरियाली,** आकर्षक पेंटिंग और सामुदायिक केंद्र विकसित किए जाएंगे। सार्वजनिक क्षेत्र और निजी कंपनियों के सहयोग से यह काम किया जाएगा। इसके लिए 90 से अधिक फ्लाईओवरों की पहचान की गई है। चरणबद्ध तरीके से इस काम को आगे बढ़ाया जा रहा है। पहले छह फ्लाईओवरों का काम शुरू किया गया था। सोमवार को छह अन्य फ्लाईओवरों के लिए कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत निजी कंपनियों के साथ समझौता किया गया है। दिल्ली सरकार का यह सही कदम है, क्योंकि लोक निर्माण विभाग, नगर निगम सहित अन्य संबंधित विभाग फ्लाईओवरों के नीचे के क्षेत्रों का उचित रखरखाव करने में विफल रहे हैं। यही कारण है कि अधिकांश फ्लाईओवरों के नीचे गंदगी फैली रहती है। कई जगहों पर अवैध पार्किंग कर दी गई है, तो कई जगहों पर अवैध झुग्गियां बना दी गई हैं। कई स्थानों पर असामाजिक तत्वों ने कब्जा जमा लिया है और वहां आपराधिक गतिविधियां भी होती हैं। यह सुरक्षा की दृष्टि से भी गंभीर मुद्दा है। सरकार की इस पहल से फ्लाईओवरों के नीचे पड़े खाली स्थानों का सदुपयोग हो सकेगा इस योजना को सफल बनाने के लिए सभी चयनित फ्लाईओवरों के नीचे भूमि के सदुपयोग का काम शुरू किया जाना चाहिए।

> योजना को सफल बनाने के लिए सभी चयनित फ्लाईओवरों के नीचे भूमि के सदुपयोग का काम शुरू किया जाना चाहिए

कह के रहेंगे — माधव जोशी




जागरण जनमत — कल का परिणाम

**क्या हिंदी विरोध को लेकर एमके स्टालिन का रवैया राजनीतिक असुरक्षा से प्रेरित है?**




**आज का सवाल**

क्या बांग्लादेश की नई सरकार भारत के साथ संबंध सुधारने के प्रति गंभीर दिख रही है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# केंद्रीय बलों में आइपीएस की तैनाती का सवाल



आरके विज

**केंद्र और राज्यों के बलों में बेहतर समन्वय के लिए जरूरी है कि केंद्रीय बलों में आइपीएस अधिकारी तैनात हों**



अवधेश राजपूत

**इ**न दिनों संसद की ओर से पारित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक चर्चा में है। इस विधेयक का उद्देश्य आइपीएस अधिकारियों की केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में प्रतिनियुक्ति पर तैनाती का नियमितीकरण करना है। इसमें यह प्रविधान है कि पुलिस महानिरीक्षक स्तर के 50 प्रतिशत पद आइपीएस अफसरों की प्रतिनियुक्ति से भरे जाएंगे। इसी प्रकार अतिरिक्त महानिदेशक स्तर के न्यूनतम 67 प्रतिशत पद आइपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति से भरे जाएंगे। जहां तक विशेष महानिदेशक एवं महानिदेशक के पदों का प्रश्न है, समस्त अर्थात सौ प्रतिशत पद आइपीएस अधिकारियों के लिए प्रतिनियुक्ति हेतु आरक्षित रहेंगे। चूंकि उप-महानिरीक्षक एवं कनिष्ठ स्तर के पदों के संबंध में विधेयक मौन है, इसलिए यही लगता है कि इन पदों के संबंध में नियम पूर्व अनुसार ही लागू रहेंगे। प्रस्तावित नियम पांच प्रकार के केंद्रीय बलों क्रमशः सीआरपीएफ, बीएसएफ, आइटीबीपी, सीआइएसएफ और सशस्त्र सीमा बल पर लागू होंगे।

दशकों से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में आइपीएस अधिकारी तैनात रहकर अपना योगदान देते आ रहे हैं। केंद्रीय बलों की मुख्य भूमिका आंतरिक सुरक्षा, सीमा सुरक्षा और औद्योगिक सुरक्षा है। ये बल राज्य पुलिस बलों की सहायता के लिए तैनात किए जाते हैं। केंद्र और राज्यों के बलों में बेहतर समन्वय के लिए जरूरी है कि केंद्रीय बलों में आइपीएस अधिकारी तैनात रहें।

भारत में संघीय प्रणाली लागू है। संविधान के अनुच्छेद 312 के तहत अखिल भारतीय सेवाओं का प्रविधान इसी उद्देश्य से किया गया था ताकि केंद्र और राज्यों में वे अपनी जिम्मेदारियों का निष्पादन कर सकें। केंद्रीय सशस्त्र बल माओवाद प्रभावित इलाकों, जम्मू कश्मीर और उत्तर-पूर्वी राज्यों में आतंकवाद से निपटने के लिए राज्यों की सहायता के लिए तैनात हैं। उक्त विधेयक को सुप्रीम कोर्ट द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के संबंध में मई 2025 में दिए गए निर्णय के खिलाफ समझा जा रहा है। मई 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को आर्गेनाइज्ड ग्रुप ए सर्विसेज मानते हुए कुछ वित्तीय लाभ देने के आदेश दिए थे और केंद्रीय बलों के अधिकारियों की पदोन्नति के अवसरों को बढ़ाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक स्तर तक प्रतिनियुक्ति को आगामी दो साल में धीरे-धीरे कम करने का कहा था। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के आधार पर केंद्रीय बलों के सेवानिवृत्त अधिकारियों ने यह मांग रख दी कि उनकी सर्विसेज संगठित प्रकार की होने से प्रतिनियुक्ति को समाप्त किया जाए और उन्हीं के अधिकारी उनके बलों को नेतृत्व प्रदान करें। केंद्रीय बलों के कुछ अधिकारियों ने भी प्रतिनियुक्ति के खिलाफ मोर्चा सा खोल दिया। यह किसी भी अनुशासित बल को शोभा नहीं देता।

सुप्रीम कोर्ट ने 2025 के अपने आदेश में कहा था कि केंद्रीय बलों के काडर की समीक्षा की जाए और उनके भर्ती नियमों और सेवा शर्तों में आवश्यक बदलाव किया जाए। इस पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय बलों को एक संगठित ग्रुप मानते हुए यह नहीं कहा था कि आइपीएस अफसरों की प्रतिनियुक्ति न की जाए। इसके बजाय सुप्रीम कोर्ट ने यह माना था कि केंद्र एवं राज्यों में बेहतर तालमेल के लिए आइपीएस अफसरों को प्रतिनियुक्ति पर इन बलों में तैनात करना एक नीतिगत निर्णय है, जो सरकार को लेना है। केंद्रीय बलों को आइपीएस अफसरों द्वारा नेतृत्व प्रदान करने और वरिष्ठ पदों पर तैनात होने पर न तो सुप्रीम कोर्ट ने कुछ कहा और न ही यह विवाद का मुद्दा था। इसलिए महानिदेशक सहित वरिष्ठ पदों पर तैनाती के मुद्दे पर किसी बहस का प्रश्न नहीं उठता। वैसे भी राज्यों में आपरेशन संबंधी गतिविधियों के समन्वय के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक या विशेष पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी तैनात रहते हैं। आइपीएस अधिकारी अति कठिन राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के माध्यम से सर्विस में दाखिल होते हैं। उनके विशिष्ट प्रशिक्षण और मैदानी अनुभव के कारण उनकी केंद्रीय सशस्त्र बलों में तैनाती एक उचित निर्णय है। अखिल भारतीय सेवाओं के जनक और स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा भारतीय पुलिस सेवा का गठन इस उद्देश्य से किया गया था, ताकि संघीय प्रणाली सुचारु रूप से चल सके। आइपीएस अफसरों ने बीते दशकों में सरदार पटेल के सपनों को साकार किया है। उनके योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इन अफसरों ने केंद्रीय बलों को सींचा है और उन्हें सक्षम नेतृत्व प्रदान किया है।

जहां तक महानिरीक्षक स्तर तक प्रतिनियुक्ति को कम करने का प्रश्न है, यह सरकार का एक नीतिगत निर्णय है और सुप्रीम कोर्ट का इसमें दखल देना उचित प्रतीत नहीं होता। न्यायपालिका का क्षेत्राधिकार कानून की व्याख्या करना है, न की नीति बनाना या उसमें हस्तक्षेप करना, जब तक कि वह संविधानप्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन न करे या वह मनमानी हो। सुप्रीम कोर्ट ने कई बार यह स्पष्ट किया है कि कोर्ट को नीतिगत निर्णय में दखल देने की आवश्यकता नहीं है और न ही वह अपने को अपीलीय प्राधिकार के रूप में रख सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने 'इंडियन एक्स-सर्विसमैन मूवमेंट बनाम यूनियन आफ इंडिया' (2022) मामले में भारत सरकार की 'वन रैंक-वन पेंशन' सिद्धांत को नीतिगत निर्णय कहते हुए उसमें दखल देने से मना किया था। अतः केंद्र का केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में आइपीएस अफसरों को प्रतिनियुक्ति पर आपरेशनल और फंक्शनल आवश्यकता के अनुसार तैनात करने का अधिकार एक नीतिगत निर्णय है।

संसद में केंद्रीय मंत्री द्वारा बताया गया कि केंद्रीय पुलिस बलों के अफसरों के पदोन्नति के चार अवसर लगभग सुनिश्चित हैं। इसके अलावा उनकी बड़ी संख्या में एक साथ भर्ती करने के बजाय प्रत्येक वर्ष भर्ती कर पदोन्नति के अवसर बढ़ाए जा सकते हैं। इस प्रकार केंद्र सरकार द्वारा उपरोक्त विधेयक द्वारा आइपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के संबंध में समस्त पुराने विवादों को समाप्त करने के उद्देश्य से यह एक स्वागतयोग्य कदम है।

(लेखक छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी हैं)
response@jagran.com

# संबंध सुधारने को तैयार बांग्लादेश



ऋषि गुप्त

**यह पहली बार है कि बीएनपी का नया नेतृत्व भारत के साथ मधुर संबंधों की वकालत कर रहा है**

**वि**श्व राजनीति के भौगोलिक पक्ष को देखा जाए तो ज्ञात होता है कि पड़ोसी देशों से संबंधों में लगातार मधुरता और समन्वय बनाए रखना मुश्किल होता है, वह चाहे अमेरिकी महाद्वीप में अमेरिका और उसके पड़ोसी देशों के बीच हो या फिर दक्षिण एशिया में भारत और उसके पड़ोसियों के बीच। मुश्किल तब आती है, जब तनाव ऐसे पड़ोसियों के साथ हो, जिनकी साझा संस्कृति, इतिहास, बोली-बानी और अन्य समानताएं होती हैं। पिछले दस वर्षों में नेपाल, श्रीलंका, मालदीव या फिर बांग्लादेश के साथ संबंध लगातार भारत की 'पड़ोसी प्रथम' की नीति की परीक्षा लेते रहे हैं। कई अवसरों पर ऐसा लगा कि किसी तीसरे देश ने खटास-तनाव का फायदा उठा लिया। भारत की विदेश नीति पड़ोसियों के साथ व्यापार करने और आर्थिक संबंधों की तरह ही आत्मीय संबंधों को बराबर महत्व देने की रही है। इससे पड़ोसी देशों से तनाव कम करने में मदद मिली है। इन दिनों भारत-बांग्लादेश संबंधों में भी तनाव की कमी आती दिख रही है।

ज्ञात हो कि अगस्त 2024 में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार गिरने और उनके भारत में शरण लेने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली वहां की अंतरिम सरकार ने भारत के साथ संबंध बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बांग्लादेश में भड़का छात्र आंदोलन अवामी लीग नेता और प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन के खिलाफ था। इस हिंसक आंदोलन के चलते उनका भारत आना एक संयोग मात्र था, लेकिन यूनुस सरकार ने भारत पर जिस तरह तंज कसे, उसे चिढ़ाने का काम किया और शेख हसीना के प्रत्यर्पण को अपनी भारत नीति का मुख्य केंद्र बना दिया, उससे संबंध बिगड़े। अपने लगभग डेढ़ साल के कार्यकाल में यूनुस ने बांग्लादेश और भारत के संबंधों को न केवल द्वेष से भरा, बल्कि बांग्लादेश की आजादी और बांग्लादेशी जनता पर अत्याचार करने वाले पाकिस्तान को मित्र देशों में गिना, लेकिन चुनाव होते ही समय ने करवट ली और भारत-बांग्लादेश संबंधों में फिर एक नई ऊर्जा का प्रवाह देखा जा सकता है। इसमें बड़ा कारण है बांग्लादेश में प्रधानमंत्री तारिक रहमान की भारत प्रथम की नीति। बांग्लादेश में फरवरी



बांग्लादेशी प्रधानमंत्री के साथ भारतीय उच्चायुक्त ● एएनआइ

में हुए चुनावों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की भारी जीत ने भारत में मिश्रित भाव पैदा किए, क्योंकि बीएनपी ऐतिहासिक तौर पर भारत के खिलाफ मुखर रहने वाला दल रहा है। इसका कारण भारत का शेख हसीना के प्रति लगाव माना जाता था, पर अवामी लीग की अनुपस्थिति में यह पहली बार है कि बीएनपी का नया नेतृत्व भारत के साथ मधुर संबंधों की वकालत कर रहा है। इसकी शुरुआत बीएनपी प्रमुख एवं प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने अपनी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारतीय प्रधानमंत्री मोदी को ढाका आने का न्योता भेजकर की। हालांकि भारतीय प्रधानमंत्री का ढाका दौरा नहीं हो पाया और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारत की अगुआई की। यह पहल महत्वपूर्ण रही। इसके साथ ही तारिक रहमान जिस आत्मीयता से विदेश मंत्री एस. जयशंकर और ओम बिरला से मिले, उससे भी बिगड़े संबंध पटरी पर आते दिखे।

यह उल्लेखनीय है कि गत 25 मार्च को प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने अपने राष्ट्रीय संदेश में बांग्लादेश की आजादी के दौरान पाकिस्तान की ओर से किए गए अत्याचारों की कड़ी आलोचना की। भारत ने बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई उसकी मुक्ति वाहिनी के साथ मिलकर लड़ी थी और पाकिस्तान को बुरी तरह हराया था। बांग्लादेश की आजादी की कहानी इस देश के साथ भारत का एक मजबूत साझा इतिहास है। बांग्लादेश के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर उसके दिल्ली स्थित उच्चायोग में भारतीय विदेश राज्य मंत्री, विदेश सचिव और विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की मौजूदगी खास रही। इस दौरान बांग्लादेशी उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्ला ने बांग्लादेश की आजादी में भारत का महत्व स्वीकारा। इसके बाद 2 अप्रैल को उन्होंने भारतीय सेना प्रमुख से भेंट की। संबंध सुधार की इसी कड़ी में अब बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान दिल्ली आ रहे हैं। यह दौरा निश्चित ही दोनों देशों के संबंधों में नई ऊर्जा भरने का काम करेगा। उनके भारत दौरे पर गंगा जल संधि के नवीनीकरण, व्यापार, निवेश, सुरक्षा और सीमा से संबंधित विषयों पर बात होने की संभावना है। हालांकि बांग्लादेश का विपक्ष, खासकर जमात-ए-इस्लामी और उसके सहयोगी दल शेख हसीना के प्रत्यर्पण को मुद्दा बनाते रहेंगे, लेकिन तारिक रहमान सरकार को इस पर ध्यान दिए बिना संबंधों को आगे बढ़ाने पर जोर देना होगा, क्योंकि शेख हसीना मामले को द्विपक्षीय संबंधों को मधुर बनाने में आड़े आने देना समझदारी नहीं हो सकती।

जहां बांग्लादेश की नई सरकार अंतरिम सरकार द्वारा खोदी गई खाई को पाटने के प्रयास कर रही है, वहीं यह उम्मीद भी कर रही है कि भारत बांग्लादेशी नागरिकों को वीजा देने में ढील दे। इस सबके बीच हम इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि यूनुस सरकार के कृत्यों का भारतीय जनमानस पर एक नकारात्मक प्रभाव हुआ है, जिसकी झलक भारतीय मीडिया में लगातार दिखती रही। स्पष्ट है कि एक-दूसरे के प्रति विश्वास पैदा करने हेतु नए सिरे से प्रयास करने होंगे, लेकिन यह मान लेना भी सही नहीं होगा कि सभी मुद्दे रातोंरात सुलझ जाएंगे, क्योंकि मोहम्मद यूनुस ने जो नुकसान किया, उसकी भरपाई में समय लगेगा।

(लेखक विदेश एवं सामरिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)
response@jagran.com

ऊर्जा

## वर्तमान में जीना

अतीत केवल बीत चुके क्षणों का संग्रह नहीं, बल्कि मनुष्य की चेतना पर पड़ा हुआ एक सूक्ष्म, अदृश्य आवरण है। मनुष्य अपने वर्तमान में जितना नहीं जीता, उससे कहीं अधिक वह अपने अतीत की परछाइयों में भटकता रहता है और यही भटकाव धीरे-धीरे एक बोझ का रूप ले लेता है। एक ऐसा बोझ, जो दिखता नहीं, परंतु आत्मा की गति को जकड़ जरूर लेता है।

आत्मा स्वभावतः मुक्त, निरंजन, निष्कलुष है। फिर यह बंधन कहां से आता है? यह बंधन किसी बाहरी शक्ति का नहीं, अपितु स्मृतियों के प्रति हमारी आसक्ति का परिणाम है। स्मृतियां सुखद भी हो सकती है या दुखद भी, परंतु अतीत स्वयं में न तो शत्रु है, न ही मित्र। वह केवल एक घटना है। एक प्रवाह है, परंतु वास्तविकता में अतीत मनुष्य के भीतर एक ऐसा गुप्त वन बन जाता है, जिसमें वह बार-बार लौटता है, अपने ही पदचिह्नों को खोजने के लिए कि मैं इन रास्तों पर चला था तो मुझे इतने कांटे चुभे थे। यह वन धीरे-धीरे एक भूलभुलैया बन जाता है। जितना मनुष्य उसमें गहराई तक जाता है, उतना ही वह वर्तमान के प्रकाश से दूर होता जाता है।

वेदांत का एक मूल सिद्धांत है-नेति,नेति। अर्थात-यह नहीं, यह नहीं। यह हमें बोध कराता है कि जो भी परिवर्तनशील है, वह सत्य नहीं है। अतीत से मुक्ति का अर्थ उसे नकारना नहीं, अपितु उसे उसके वास्तविक स्थान पर स्थापित करना है। जैसे आकाश में बादल आते हैं और चले जाते हैं, वैसे ही जीवन में घटनाएं घटती हैं और विलीन हो जाती हैं, परंतु आकाश कभी उनसे प्रभावित नहीं होता। जब तक मनुष्य अतीत के प्रति आसक्त है, तब तक वह वर्तमान की भूमि पर स्वतंत्रतापूर्वक खड़ा नहीं हो सकता। अतः अतीत को ढोना बंद करना ही पहला आध्यात्मिक कदम है। उसे विदा देना ही होगा, जैसे कोई यात्री पुराने पड़ाव को पीछे छोड़कर आगे बढ़ता है। यही आदर्श जीवन दर्शन है।

द्विंकल तोमर सिंह

पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

## अहित करता मनमाना एजेंडा

'बेलगाम अमेरिकी राष्ट्रपति' शीर्षक से प्रकाशित संपादकीय समकालीन वैश्विक राजनीति के एक महत्वपूर्ण पहलू को उजागर करता है। इसमें अमेरिका-ईरान तनाव, ऊर्जा सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय स्थिरता पर संभावित प्रभावों का उल्लेख तथ्यात्मक रूप से किया गया है। विशेष रूप से, होर्मुज जलडमरूमध्य के महत्व और उसके बाधित होने की आशंका को रेखांकित करना अत्यंत प्रासंगिक है, क्योंकि वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से गुजरता है। हालांकि, इस पूरे परिदृश्य का विश्लेषण करते समय यह भी ध्यान देना आवश्यक है कि अंतरराष्ट्रीय संबंध केवल एक पक्ष की नीतियों से संचालित नहीं होते। अमेरिका की आक्रामक नीतियों के साथ-साथ ईरान की सामरिक प्रतिक्रियाएं और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन भी इस तनाव को जटिल बनाते हैं। ऐसे में किसी एक पक्ष को पूर्णतः जिम्मेदार ठहराना स्थिति की बहुआयामी प्रकृति को सीमित कर सकता है। आज की आवश्यकता है कि सभी पक्ष संयम और कूटनीतिक संवाद को प्राथमिकता दें, ताकि ऊर्जा संकट, सैन्य टकराव और मानवीय संकट की आशंकाओं को टाला जा सके। वैश्विक नेतृत्व की भूमिका शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि स्थिरता और सहयोग सुनिश्चित करने में निहित होनी चाहिए। अमेरिका को अपना मनमाना एजेंडा रोकना ही होगा और विश्वशांति की भावना से आगे बढ़ना होगा।

आशुतोष पाण्डेय, भारतीय जनसंचार संस्थान-जम्मू

## ओरेकल में छंटनी

ओरेकल कंपनी द्वारा दुनियाभर में की गई छंटनी ने लगभग तीस हजार कर्मचारियों के भविष्य को मनोवैज्ञानिक, आर्थिक व सामाजिक रूप से अधर में लटका दिया है। कंपनी ने बिना किसी उचित कारण के ईमेल के जरिए छंटनी की शर्तें भेजी हैं। इसे एक अवैध व अनधिकृत गतिविधि क्यों न माना जाए, जो तथाकथित ''व्यापक संगठनात्मक बदलाव'' के बहाने की गई है? बेरोजगारी का सामना उन लोगों को करना पड़ेगा, जो भारत-अमेरिका स्थित कार्यालयों में कार्यरत हैं। ओरेकल ने एआइ और क्लाउड कंप्यूटिंग में अरबों डालर का निवेश किया है। भारतीय और अप्रवासी भारतीयों ने आइटी क्षेत्र को नवीनतम तकनीकी प्रगति से समृद्ध करने में अपना कीमती जीवन समर्पित कर दिया, उन्हें दुर्भाग्य से ठीक उस समय बाहर का रास्ता दिखा दिया गया, जब उनके परिवारों को रोजगार की सबसे ज्यादा जरूरत है। मानव संसाधन विकास प्रक्रिया और एआइ आधारित विकास के लिए आवश्यक भारी पूंजी के बीच मौजूद असंतुलन को दर्शाती है। इस छंटनी से ओरेकल ने अपनी कथनी-करनी के अंतर को दर्शा दिया है।

युगल किशोर शर्मा, फरीदाबाद

## युद्ध की आग में झुलसती दुनिया

पश्चिम एशिया में भड़कता युद्ध अब सिर्फ एक क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रहा, बल्कि यह पूरी मानवता के लिए संकट बन चुका है। बम और गोलियों से ज्यादा खतरनाक उसकी विभीषिका है, जो करोड़ों लोगों को भुखमरी व बीमारी की ओर धकेल रही है। आज हालात यह हैं कि लाखों परिवारों को दो वक्त की रोटी और जरूरी दवाएं तक नसीब नहीं हो रहीं।

चंद्र प्रकाश शर्मा, दिल्ली

## बंगाल चुनाव में असली कसौटी

बंगाल की राजनीति इस समय एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां हर दल अपनी पूरी शक्ति के साथ चुनावी मैदान में उतरा है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने चालीस प्रमुख प्रचारकों की सूची जारी कर इस चुनाव को अत्यंत महत्वपूर्ण बना दिया है। इस सूची में सबसे आगे नरेन्द्र मोदी और अमित शाह का नाम रखकर यह स्पष्ट संकेत दिया गया है कि चुनाव प्रचार की पूरी जिम्मेदारी देश के शीर्ष नेतृत्व के हाथों में रहेगी। इस सूची में केवल अनुभवी नेताओं को ही स्थान नहीं दिया गया है बल्कि नए और चर्चित चेहरों को भी अवसर मिला है। मिथुन चक्रवर्ती जैसे लोकप्रिय अभिनेता को प्रमुख स्थान देकर जनता के बीच भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करने की कोशिश की गई है। सूची में हेमा मालिनी और कंगना रनोट जैसे नाम भी शामिल हैं, जो अपने प्रभाव के कारण मतदाताओं को आकर्षित करने की क्षमता रखते हैं। इसके साथ ही, मनोज तिवारी जैसे लोकगायक और जनप्रतिनिधि को भी शामिल कर विभिन्न वर्गों तक पहुंच बनाने की रणनीति अपनाई गई है। भाजपा की रणनीति का मुख्य उद्देश्य चुनावी बहस को अपने पक्ष में मोड़ना है। पीएम मोदी के भाषणों में विकास राष्ट्रीय गौरव और सुरक्षा जैसे विषय प्रमुख रहते हैं। वहीं, अमित शाह संगठन को मजबूत करने और प्रत्येक मतदान केंद्र तक पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर देते हैं। इन दोनों की संयुक्त भूमिका भाजपा को एक सशक्त विकल्प के रूप में प्रस्तुत करती है।

कांतिलाल मांडोत, नई दिल्ली

## पोस्ट

अमेरिका-इजरायल के साथ जारी युद्ध में ईरान जितने समय तक मजबूती से टिका रहेगा, अमेरिका का वास्तविक चरित्र भी उतना ही उजागर होता जाएगा।

एलेक्जेंडर डुगिन@AGDugin



अगर पाकिस्तान अपनी जमीन का इस्तेमाल ईरान पर हमले के लिए करने देगा तब ईरान का तो पता नहीं, लेकिन पाकिस्तान में शासन परिवर्तन शर्तिया हो जाएगा।

केजेएस ढिल्लों@TinyDhillon

अगर ईंधन के मोर्चे पर संकट के इस समय सरकार छात्रों, कामकाजी युवाओं और प्रवासी श्रमिकों को ध्यान में रखते हुए पांच किलो वाला सिलिंडर सुचारु रूप से उपलब्ध कराती है, तो यह बहुत अच्छा होगा। बशर्ते यह आसानी से मिल सके।

अंकित कुमार अवस्थी@kaankit

बंगाल में मुसलमान पूरी तरह ममता के साथ है और हिंदू पूरी तरह भाजपा के साथ नहीं है। मुसलमान पूरी तरह मुस्लिम होकर मतदान करते हैं और हिंदू जातियों बंटकर पंथनिरपेक्ष होकर मतदान करते हैं।

समीर चौगांवकर@semeerc

## जनपथ

फर्जी वोटर कट गए मुश्किल है अब राह,
है चुनाव आयोग से इसी बात की डाह।
इसी बात की डाह चलेगी ना मनमानी,
ममता को इस बार पड़ेगी मुंह की खानी।
हर चुनाव में आप चलाती थीं मनमर्जी,
लेकिन अबकी साथ न देंगे वोटर फर्जी!

– ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन.नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस.बिल्डिंग,रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित संपादक (दिल्ली एनसीआर) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 36 अंक 262

## एक नजर में

### जीईएम से 5.03 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन

**नई दिल्ली:** सार्वजनिक खरीदारी प्लेटफार्म गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) से वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 5.03 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। जीईएम के सीईओ मिहिर कुमार ने सोमवार को बताया कि इसमें 2024-25 के 5.43 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 7.4 प्रतिशत की गिरावट रही है। मिहिर कुमार ने कहा कि इस गिरावट का कारण कोयला मंत्रालय का कम योगदान बताया है। 2025-26 के दौरान कोयला मंत्रालय की हिस्सेदारी 34 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत रह गई है। (प्रेट्र)

### बीते वर्ष 6.05 गीगावाट बढ़ी पवन ऊर्जा क्षमता

**नई दिल्ली:** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि बीते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान देश की पवन ऊर्जा क्षमता में 6.05 गीगावाट की बढ़ोतरी हुई है। यह अब तक किसी एक वर्ष में सबसे अधिक वृद्धि है। इसके साथ देश की कुल स्थापित पवन ऊर्जा क्षमता बढ़कर 56 गीगावाट हो गई है। 2016-17 में पवन ऊर्जा क्षमता में 5.5 गीगावाट की बढ़ोतरी हुई थी, जो अब तक एक वर्ष में सबसे अधिक पवन ऊर्जा क्षमता बढ़ने का रिकार्ड था। (प्रेट्र)

### फार्मा क्षेत्र में 20-25 लाख नई नौकरियां सृजित होंगी

**मुंबई:** एडेको इंडिया ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि देश के हेल्थकेयर और फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में 2030 तक 20 से 25 लाख नई नौकरियां सृजित होने की संभावना है। वहीं, 30 से 35 प्रतिशत कर्मचारियों को संभवतः नए कौशल सीखने की आवश्यकता होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हेल्थकेयर और फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में भर्ती पर अब विशेषज्ञता और टेक्नोलाजी के इस्तेमाल पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में इस क्षेत्र का जीडीपी में 3.3 प्रतिशत योगदान था, जो 2030 तक पांच प्रतिशत पहुंच सकता है। (प्रेट्र)

# अब खाद्य तेल के आयात शुल्क में कटौती संभव

## महंगाई को काबू में रखने के लिए कटौती पर गंभीरता से विचार, दाल आयात हो चुका है शुल्क-मुक्त

**70%** खाद्य तेल का आयात करता है भारत कुल खपत का

**10** रुपये प्रति लीटर बढ़ चुकी है खाद्य तेल की खुदरा कीमत



**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** कच्चे तेल के बढ़ते दाम और आयात में होने वाली दिक्कत की वजह से घरेलू स्तर पर महंगाई बड़ी चुनौती बन कर उभर रही है। खुदरा महंगाई खासकर खाद्य वस्तुओं की कीमतों को काबू में रखने के लिए सरकार ने सभी प्रकार की दाल के आयात को शुल्क मुक्त कर दिया है। अब खाद्य तेल के आयात शुल्क में कटौती करने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

घरेलू स्तर पर खाद्य तेल की खपत का 70 प्रतिशत आयात किया जाता है और इसमें भी सबसे अधिक पाम आयल का आयात होता है। गत 28 फरवरी को ईरान युद्ध आरंभ होने के बाद से खाद्य तेल की खुदरा कीमतों में 10 रुपये प्रति लीटर से अधिक की बढ़ोतरी हो चुकी है।

मार्च महीने में पाम आयल के आयात में पिछले साल समान महीने के मुकाबले लगभग 20 प्रतिशत की कमी बताई जा रही है। पाम आयल का दाम बढ़ने से सरसों का तेल भी 10 प्रतिशत से अधिक महंगा हो गया है। भारतीय व्यंजन में खाद्य तेल के अधिक इस्तेमाल के कारण इसे रसोई का अहम हिस्सा माना जाता है।

सूत्रों के मुताबिक, दाल की तरह ही अब खाद्य तेल के आयात को कुछ महीनों के लिए शुल्क से मुक्त किया जा सकता है। अभी खाद्य तेल पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगता है। हालांकि, खाद्य तेल में घरेलू रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए किसान खाद्य तेल पर शुल्क बढ़ाने की मांग करते रहे हैं। फिलहाल खाद्य तेल महंगा होने से एफएमसीजी सेक्टर के कई उत्पादों की लागत बढ़ रही है और कंपनियां अब उनका मूल्य बढ़ाने वाली है या फिर बढ़ाना शुरू कर दिया है।

दाल की कीमत को नियंत्रण में रखने के लिए तुअर, उड़द, मूंग व पीली मटर के आयात को मार्च 2027 तक पूरी तरह से शुल्क मुक्त कर दिया गया है। कोरोना काल में घरेलू स्तर पर खाद्य संकट को टालने के लिए गेहूं व चावल जैसे महत्वपूर्ण उत्पादों के आयात पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन अधिकारियों का कहना है कि अभी ऐसी स्थिति नहीं है और देश में अनाज का पर्याप्त स्टाक है।

एसबीआइ के मुताबिक, आयातित महंगाई दर पांच प्रतिशत से अधिक हो गई है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी से खुदरा महंगाई दर बढ़ जाती है और इससे विकास दर भी प्रभावित होती है।

### 2026 में कच्चे तेल की कीमत 70 डालर तक गिरने की संभावना नहीं

**नई दिल्ली, एएनआइ:** यूनियन बैंक आफ इंडिया ने एक रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2026 के दौरान कच्चे तेल की कीमत 70 डालर प्रति बैरल तक गिरने की संभावना नहीं है और पूरे वर्ष के दौरान यह 80-85 डालर प्रति बैरल के बीच रह सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तेल की कीमतें वर्तमान उच्च स्तरों से कम हो सकती हैं, लेकिन वैश्विक अनिश्चितताओं के चलते इसमें तेज गिरावट की संभावना नहीं है। तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का प्रभाव निम्न स्तरों पर धीरे-धीरे होता है, लेकिन जब कीमतें 100-120 डालर प्रति बैरल से ऊपर जाती हैं, तो यह तेजी से नकारात्मक हो सकता है, जिससे केंद्रीय बैंकों की ओर से मौद्रिक सख्ती की संभावना बढ़ जाती है। आरबीआइ की मौद्रिक नीति प्रतिक्रिया मुख्य रूप से इस बात पर निर्भर करेगी कि तेल की कीमतें मध्यावधि में कहां स्थिर होती हैं।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

# चुनौतियों से निपटने को आरबीआइ के पास दरों में कटौती की गुंजाइश



निर्मला सीतारमण

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, भारत के पास पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित क्षेत्रों के समर्थन के लिए पर्याप्त वित्त**

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि भारत के पास पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित क्षेत्रों का समर्थन करने के लिए पर्याप्त वित्त उपलब्ध है, जबकि आरबीआइ के पास ब्याज दरों में कटौती करने की गुंजाइश है। आरबीआइ के गवर्नर की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक शुरू हो चुकी है, जिसके फैसलों की जानकारी बुधवार को दी जाएगी। संभावना जताई जा रही है कि रेपो रेट को अपरिवर्तित बनाए रखा जाएगा।

राष्ट्रीय सार्वजनिक वित्त और नीति संस्थान के एक कार्यक्रम में सीतारमण ने कहा कि वर्तमान वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में और भी अधिक चुनौतीपूर्ण है। पश्चिम एशिया संघर्ष का बढ़ना एक क्षेत्रीय सुरक्षा चिंता से वैश्विक ऊर्जा की महत्वपूर्ण धमनियों को खतरे में डालने वाले प्रणालीगत झटके में बदल गया है और नई बहु-ध्रुवीय विश्व व्यवस्था को सख्त कर रहा है। उन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था की अस्थिरता, अनिश्चितता, जटिलता और अस्पष्टता का उल्लेख किया। साथ ही वैश्विक सार्वजनिक ऋण में वृद्धि की बात की। हालांकि, उन्होंने कहा कि भारत ऋण प्रबंधन में उत्कृष्टता दिखाता है, जिसमें कुल ऋण-से-जीडीपी अनुपात 81 प्रतिशत है, जो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे कम है। भारत ने हाल में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती की है।

### मूडीज ने भारत की क्रेडिट रेटिंग बीएए3 पर बरकरार रखी

**नई दिल्ली, आइएएनएस:** वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने सोमवार को भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को 'बीएए3' पर स्थिर परिदृश्य के साथ बरकरार रखा। एजेंसी ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि भारत का स्थिर परिदृश्य महामारी के बाद से बेहतर होते राजकोषीय संकेतकों और अन्य देशों की तुलना में अपेक्षाकृत मजबूत आर्थिक विकास को दर्शाता है।

एजेंसी ने यह भी बताया कि इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिजिटलीकरण और वित्तीय क्षेत्र के सुधारों में लगातार निवेश ने अर्थव्यवस्था की स्थिर रिकवरी में मदद की है। हालांकि, मूडीज ने चेतावनी दी कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव विकास की गति को धीमा कर सकते हैं और महंगाई को बढ़ा सकते हैं। मूडीज ने उम्मीद जताई है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान भारत की विकास दर छह प्रतिशत रह सकती है।

# बीते वित्त वर्ष के दौरान वाहनों की खुदरा बिक्री 13.3% बढ़ी

- फाडा के अनुसार, पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में 2.96 करोड़ से ज्यादा वाहनों की खुदरा बिक्री
- वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान देश में 2.61 करोड़ वाहनों की खुदरा बिक्री हुई थी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** बीते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान देश में सभी श्रेणियों के वाहनों की खुदरा बिक्री में 13.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही है। फेडरेशन आफ आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने सोमवार को बताया कि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के दौरान पूरे देश में कुल 2,96,71,064 वाहनों की खुदरा बिक्री हुई है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान देश में 2,61,87,255 वाहनों की खुदरा बिक्री हुई थी। फाडा का कहना है कि जीएसटी 2.0 ने वर्ष की धीमी शुरुआत से उबरने में मदद की है।

फाडा के डाटा के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 47,05,056 इकाई रही है, जो 2024-25 की 41,63,927 इकाई से 13 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार, दोपहिया वाहनों की बिक्री भी 2025-26 में 13.4 प्रतिशत बढ़कर 2,14,20,386 इकाई रही है। 2024-25 में यह 1,88,89,595 इकाई थी। तीन-पहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 13,63,412 इकाई रही, जो 2024-25 की 12,20,834 इकाई से 11.68 प्रतिशत अधिक है। वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री भी 11.74 प्रतिशत बढ़कर पिछले वित्त वर्ष में 10,60,906 इकाई रही है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 9,49,406 वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री हुई थी। फाडा के चेयरमैन सीएस विग्नेश्वर ने कहा कि 2025-26 भारतीय आटो उद्योग की खुदरा बिक्री के लिए एक ऐतिहासिक वर्ष रहा है।

### मार्च में 14 महीनों में सबसे कम रही सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर मार्च में 14 महीनों में सबसे धीमी रही, जो नए व्यवसायों की कमी को दर्शाती है। एचएसबीसी इंडिया के ताजा मासिक सर्वेक्षण में यह बात कही गई है।

सर्वेक्षण के अनुसार, सेवा क्षेत्र का पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआइ) मार्च में 57.5 रहा है जो इसी वर्ष फरवरी में 58.1 था। इसमें जनवरी 2025 के बाद से नए व्यवसायों और गतिविधियों में सबसे कमजोर वृद्धि हुई है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजल भंडारी का कहना है कि भारत का सेवा क्षेत्र मार्च में विस्तार में रहा, लेकिन वृद्धि की गति लगातार दूसरे महीने धीमी हुई। मांग मजबूत बनी रही, जो नए निर्यात आर्डर से संचालित थी। सर्वे के अनुसार, निर्यातकों को अफ्रीका, एशिया, आस्ट्रेलिया, यूरोप और अमेरिका से नए आर्डर मिले हैं। मार्च में नौकरी सृजन की गति मजबूत रही है।

# कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से चढ़े शेयर

**787** अंक बढ़कर 74,106 पर जाकर बंद हुआ बीएसई सेंसेक्स

**255** अंक की बढ़त के साथ 23 हजार के करीब पहुंचा निफ्टी

| सेक्टरवार तेजी (% में) | |
|---|---|
| बीएसई पीएसयू बैंक | 2.37 |
| कंज्यूमर ड्यूरेबल्स | 2.30 |
| प्राइवेट बैंक इंडेक्स | 2.15 |
| वित्तीय सेवाएं | 2.12 |
| बैंकिंग | 2.03 |

**मुंबई, प्रेट्र:** पश्चिम एशिया में संघर्ष विराम के प्रयासों की रिपोर्टों से कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के चलते दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट के बाद अंत में तेजी के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 787.30 अंक बढ़कर 74,106.85 पर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार में यह 887.91 अंक बढ़कर 74,207.46 पर पहुंचा था। इसी तरह, एनएसई का निफ्टी 255.15 अंक बढ़कर 22,968.25 पर बंद हुआ।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शोध अजीत मिश्रा का कहना है कि यह सुधार मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में संभावित संघर्ष विराम ढांचे की रिपोर्टों से प्रेरित था जिसने कच्चे तेल की कीमतों को स्थिर करने में मदद की और वैश्विक जोखिम भावना में सुधार किया। सेंसेक्स में टाटा समूह की कंपनी ट्रेंट के शेयरों में 7.89 प्रतिशत की सबसे अधिक बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसके अलावा, एक्सिस बैंक, टाइटन, लार्सन एंड टूब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस के शेयर भी बढ़कर बंद हुए। दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि सभी क्षेत्रों में निचले स्तर पर खरीदारी के कारण घरेलू बाजारों ने तेजी दर्ज की है। संघर्ष विराम प्रयासों की रिपोर्टों के बीच कच्चे तेल की कीमतें थोड़ी नरम हुई हैं।

### 29 पैसे मजबूत हुआ रुपया



**मुंबई, प्रेट्र:** रुपये की गिरावट को थामने के लिए आरबीआइ की ओर से किए गए उपायों का अब असर दिखने लगा है। सोमवार को अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपये में 28 पैसे की मजबूत दर्ज की गई और यह बढ़कर 92.90 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले गुरुवार को 152 पैसे मजबूत होकर 93.18 प्रति डालर के स्तर पर बंद हुआ था। आरबीआइ ने सट्टेबाजी वाली स्थितियों पर लगाम लगाने के लिए अपने नियमों को सख्त किया और बैंकों की 'नेट ओपन पोजीशंस' की सीमा 10 करोड़ डालर तय की है।



### एअर इंडिया के सीईओ कैंपबेल का इस्तीफा

**नई दिल्ली, रायटर:** एअर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पिछले साल हुए विमान हादसे में 260 लोगों की मौत के बाद से एयरलाइन लगातार घाटे और कड़ी नियामक जांच का सामना कर रही है। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि विल्सन फिलहाल नोटिस पीरियड में हैं। अभी यह पता नहीं लगा सका कि टाटा समूह ने उनका उत्तराधिकारी नियुक्त किया है या नहीं।

### 'उन्होंने सीता चुराई व क्षत्रियों के बच्चे मारे, हमने वेद व 18 पुराण लिखे'

**जासं, उन्नाव:** अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले भाजपा सांसद डा. सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज का ब्राह्मणों को लेकर एक बयान फिर इंटरनेट मीडिया में प्रचलित हुआ है। इसमें वह कह रहे हैं कि 18 शास्त्र, चारों वेद हमने लिखे हैं, उन्होंने क्या किया? सीता चुराई व क्षत्रियों के बच्चों की हत्या की। कोई विद्वान मुझसे शास्त्रार्थ कर सकता है। हालांकि, जब उनसे इस संबंध में बात की गई तो कहा कि यह वीडियो हरियाणा के एक कार्यक्रम का है। इसे एआइ से काट-छांट कर तैयार किया गया है।

### अनिल अंबानी समूह ने की 73 हजार करोड़ की बैंक धोखाधड़ी : सीबीआइ

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सीबीआइ रिलायंस अनिल अंबानी समूह के खिलाफ दर्ज सात मामलों में कुल 73,000 करोड़ रुपये की बैंक ऋण धोखाधड़ी की जांच कर रहा है। यह जानकारी सुप्रीम कोर्ट में फरवरी में दायर स्टेटस रिपोर्ट में दी गई है।

सीबीआइ और ईडी द्वारा दायर स्टेटस रिपोर्ट की समीक्षा के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 23 मार्च को एक आदेश जारी किया। सीबीआइ जांच का जिक्र करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा, अन्य मामलों में भी नुकसान कई हजार करोड़ रुपये का है, कुल मिलाकर लगभग 73,006 करोड़ रुपये का दावा है। ईडी ने अदालत को बताया कि उसने कुछ ऐसे दस्तावेज जब्त किए हैं जिनमें कथित प्रोजेक्ट हेल्प का जिक्र है, जिससे संकेत मिलता है कि दिवालियापन की कार्यवाही जानबूझकर असंबंधित ऋणदाताओं के माध्यम से शुरू की गई थी।

**एएनआइ के अनुसार,** सुप्रीम कोर्ट ने रिलायंस अनिल अंबानी समूह (आरएएजी) से जुड़े वित्तीय अनियमितताओं के आरोप की समयबद्ध, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों को निर्देश दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी।

## 'तीखी बहस में अपशब्दों का प्रयोग अश्लीलता का अपराध नहीं'

**नई दिल्ली, आइएएनएस:** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण कानूनी स्पष्टीकरण में कहा है कि तीखी बहस के दौरान केवल अपमानजनक या अपशब्दों (जैसे बास्टर्ड) का उपयोग करना भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा 294(बी) के तहत 'अश्लीलता' का अपराध नहीं माना जाएगा। दो जजों की पीठ ने स्पष्ट किया कि किसी शब्द को 'अश्लील' तभी माना जा सकता है जब वह व्यक्ति के भीतर कामुकता या यौन उत्तेजना पैदा करने की प्रवृत्ति रखता हो। कोर्ट ने कहा, आज के आधुनिक युग में तीखी बातचीत के दौरान गाली-गलौज वाले शब्द आम हो गए हैं। कोर्ट के अनुसार, मद्रास हाईकोर्ट ने गाली-गलौज को अश्लीलता मानकर गलती की थी।

**मामले की पृष्ठभूमि और सजा में कटौती:** यह मामला तमिलनाडु में साल 2014 में दो करीबी रिश्तेदारों के बीच विवाद से शुरू हुआ था। इस विवाद में एक व्यक्ति की सिर में चोट लगने से मौत हो गई थी। कोर्ट ने पाया कि हमला अचानक हुए झगड़े के दौरान आवेश में किया गया था और हमलावर ने मौके पर पड़े लकड़ी के लट्ठे से केवल एक बार किया था, न कि किसी खतरनाक हथियार से।

> आज के आधुनिक युग में तीखी बातचीत के दौरान गाली-गलौज वाले शब्द आम हो गए हैं। केवल अपमानजनक या अरुचिकर होने से कोई शब्द आपराधिक अश्लीलता की श्रेणी में नहीं आ जाता।
>
> – सुप्रीम कोर्ट

### 'एससी-एसटी एक्ट के दायरे में नहीं गैर मौजूदगी में कहे जातिसूचक शब्द'

**विधि संवाददाता, जागरण, प्रयागराज:** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने शिकायतकर्ता की गैर मौजूदगी में जातिसूचक अपमानजनक शब्द कहने के मामले में एससी-एसटी एक्ट के तहत आपराधिक केस को न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग माना है और इस एक्ट के तहत आपराधिक केस कार्यवाही रद कर दी है। कोर्ट ने कहा कि भारतीय दंड संहिता या बीएनएस की अन्य धाराओं में केस जारी रहेगा। एफआइआर व गवाहों के दर्ज बयान से स्पष्ट नहीं कि आरोपित ने दुर्भावनावश जातिगत अपमानित किया है। एससी-एसटी एक्ट के अपराध का मूल तत्व गायब है।

### इंडक्शन के लिए ऊर्जा दक्षता मानदंडों में छह महीने की छूट दी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सरकार ने सोमवार को काउंटर-टाप इंडक्शन हाब्स या इंडक्शन स्टोव के लिए सख्त ऊर्जा दक्षता मानदंडों या स्टार लेबलिंग कार्यक्रम को लागू करने की समयसीमा को छह महीने बढ़ाकर एक जनवरी 2027 कर दिया है। इसका उद्देश्य देश में इलेक्ट्रिक कुकिंग को बढ़ावा देना है। पश्चिम एशिया संकट के कारण देश में एलपीजी या कुकिंग गैस की आपूर्ति में समस्याओं को देखते हुए यह निर्णय काफी महत्वपूर्ण है।

### हरदीप पुरी की बेटी से जुड़े पोस्ट हटाने संबंधी दायर याचिका खारिज

**जासं, नई दिल्ली:** अमेरिकी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़े मामले में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी के संबंध में प्रसारित सामग्री को इंटरनेट मीडिया से हटाने के आदेश के खिलाफ दायर याचिका को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति रेणु भटनागर की पीठ ने कहा कि याची अपनी शिकायतें प्रकरण में आदेश देने वाली एकल पीठ के समक्ष रखे।

## राजमार्गों पर पशुओं की रोकथाम के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण याचिका पर सुनवाई कर केंद्र, राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों व पशु कल्याण बोर्ड को नोटिस जारी किया है। इस याचिका में देश भर के राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर आवारा पशुओं के प्रवेश को रोकने के लिए ठोस दिशा-निर्देश बनाने की मांग की गई है।

दो जजों की पीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान पीठ ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि कई राज्य 10 प्रतिशत 'गौ उपकर' तो वसूल रहे हैं, लेकिन आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए जमीनी स्तर पर कुछ नहीं कर रहे हैं।

याचिकाकर्ता 'लायर्स फार ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल' ने कोर्ट से मांग की है कि राजमार्गों, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से बाड़ेबंदी की जाए। साथ ही, पशुओं को लावारिस छोड़ने वालों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई व वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधित गौशालाओं की स्थापना के लिए अलग से बजट आवंटित करने का आग्रह किया गया है।

## ब्लैकलिस्ट किए गए तीनों विशेषज्ञों ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की अर्जी

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** एनसीईआरटी की कक्षा आठ की पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का विवादित अध्याय तैयार करने वाले ब्लैकलिस्ट किए गए तीन विशेषज्ञ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। अपनी भूमिका बताने और स्थिति स्पष्ट करने के लिए तीनों विशेषज्ञों प्रोफेसर मिशैल डैनिनो, सुपर्णा दिवाकर और आलोक प्रसन्ना कुमार ने अर्जियां दाखिल की हैं, जिन पर कोर्ट अगली तारीख पर सुनवाई करेगा।

इसके अलावा केंद्र सरकार और एनसीईआरटी ने बताया कि उन्होंने कोर्ट के आदेश के अनुपालन में रिपोर्ट और हलफनामा दाखिल कर दिया है। यह भी बताया कि पाठ्यक्रम के मामले पर विचार के लिए नई कमेटियां गठित की गई हैं। वहीं, एनसीईआरटी व शिक्षा मंत्रालय की ओर से भी कोर्ट में अनुपालन हलफनामे दाखिल किए गए।

### सुप्रीम कोर्ट का जेएएल की अधिग्रहण प्रक्रिया में दखल देने से इन्कार

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कर्ज में डूबी कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) को खरीदने के लिए अदाणी समूह की 14,535 करोड़ रुपये की बोली को लागू करने पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। हालांकि, कोर्ट ने एक सुरक्षा उपाय करते हुए कंपनी की मानिटरिंग कमेटी को नेशनल कंपनी ला अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) की पहले से मंजूरी लिए बिना कोई भी बड़ा नीतिगत फैसला लेने से रोक दिया।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जायमाल्य बागची की पीठ ने वेदांत लिमिटेड से कहा कि वे अपनी दलीलें और जवाबी दावे एनसीएलएटी के समक्ष रखे। एनसीएलएटी इस विवाद पर 10 अप्रैल से अंतिम सुनवाई शुरू करेगा। वेदांत लिमिटेड अदाणी समूह की समाधान योजना का विरोध कर रही है। शीर्ष अदालत ने एनसीएलएटी से कहा है कि वह अदाणी समूह द्वारा जेएएल के अधिग्रहण को लेकर चल रहे विवाद में दायर याचिका और जवाबी याचिका पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करते हुए जल्द से जल्द फैसला करे।

### राहुल के नागरिकता विवाद पर बंद कमरे में हुई सुनवाई

**विधि संवाददाता, जागरण, लखनऊ:** हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में सोमवार को राहुल गांधी के नागरिकता विवाद मामले में सुनवाई हुई। न्यायालय ने अपने पूर्व के आदेश को देखते हुए मामले की सुनवाई खुली कोर्ट में न कर बंद कमरे (इन-चैंबर) में की। अगली सुनवाई 15 अप्रैल को होगी।

बता दें, कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर ने उक्त याचिका दाखिल की है। याची ने विशेष एमपी/एमएलए अदालत, लखनऊ के 28 जनवरी 2026 के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उक्त अदालत ने गांधी के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने का निर्देश देने की उसकी अर्जी खारिज कर दी थी। याची ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने और मामले की विस्तृत जांच कराने की मांग की है। उधर, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में राहुल के विरुद्ध मानहानि केस में 17 अप्रैल को बहस होगी।

**जागरण विशेष | एआइ इंपैक्ट**

# छोटा ही नहीं, सुंदर और बेहतर रास्ता भी बताएगा आइसर का यह नया एप

## एआइ आधारित यह एप रूट प्लानिंग को केवल दूरी और समय तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उसमें सुरक्षा, दर्शनीयता, हरियाली जैसे मानकों को भी करता है शामिल

अंजली राय • नईदुनिया

**भोपाल:** मोबाइल आधारित वर्तमान नेविगेशन सिस्टम, जैसे गूगल मैप मुख्य रूप से कम समय और कम दूरी वाले रास्तों को प्राथमिकता देता है, लेकिन कई बार ये वाहन चालकों को ऐसे क्षेत्रों से ले जाता है, जो तंग या खतरनाक हो सकते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आइसर) भोपाल के विज्ञानियों ने एआइ आधारित एक ऐसा मोबाइल एप विकसित किया है, जो छोटा ही नहीं, बल्कि सुंदर और बेहतर रास्ता बताएगा। यह रास्ते की संभावित चौड़ाई की जानकारी तो देगा ही, उसके ऊबड़-खाबड़ होने के बारे में भी बताएगा।

डाटा साइंस विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. वैभव कुमार उपाध्याय को इस तरह के एप का विचार तब आया, जब केरलम (तत्कालीन नाम केरल) की पेरियार नदी में डूबकर दो डाक्टरों के मरने की खबर आई। वे लोग रात में लौटते समय गूगल मैप के भरोसे कार चला रहे थे और मैप उन्हें बाढ़ वाली नदी की ओर ले गया। वैभव बताते हैं कि विदेश में कुछ एप रास्ते के साथ इस पर मौजूद पार्कों, ऐतिहासिक-सांस्कृतिक इमारतों की जानकारी भी देते हैं। ऐसे में ऐसा एप बनाने का विचार आया, जिसमें उक्त सभी खूबियां हों। दो शोधार्थियों प्यारे लाल व तनिष्क कुमार बसवाल के साथ मिलकर दो साल में एप को एआइ आधारित रूट प्लानिंग को केवल दूरी और समय तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उसमें सुरक्षा, दर्शनीयता, हरियाली, प्रदूषण स्तर और यातायात घनत्व जैसे महत्वपूर्ण मानकों को भी ... हुआ है। तकनीक अब पेटेंट की प्रक्रिया में है। पेटेंट मिलने के बाद





किस-किस तरह के विकल्प यह एप देगा, उसका एक प्रतीकात्मक चित्र • सौजन्य-आइसर

### सड़क का ऐसा वर्गीकरण

**सुरक्षा:** सड़क पर पर्याप्त रोशनी और दृश्यता का स्तर।

**सुंदरता:** हरियाली और वास्तुकला की उपस्थिति।

**जीवंतता:** व्यावसायिक गतिविधियां और लोगों की मौजूदगी।

**उबाऊ:** सुनसान या नीरस रास्ता।



लैब में डा. वैभव कुमार उपाध्याय (बाएं) और शोधार्थी प्यारे लाल • सौजन्य-आइसर

### इनके लिए यह उपयोगी होगा

**पैदल यात्री:** पैदल चलने के प्रति रुचि बढ़ेगी, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।

**वाहन चालक:** अब तनावपूर्ण ट्रैफिक के बजाय सुरक्षित और बेहतर दृश्य वाले मार्गों का विकल्प चुन सकेंगे।

**शहरी नियोजन:** प्लानरों के लिए एक टूल की तरह कार्य करेगा, जिससे वे समझ सकेंगे कि शहर के किन क्षेत्रों में सुरक्षा और सुंदरीकरण की जरूरत है।

> यह नया एप गूगल मैप का विकल्प हो सकता है। अभी हमारे पास गूगल जैसा ट्रेवल डाटा नहीं है और गूगल के पास हमारे जैसा वैकल्पिक एल्गोरिदम नहीं है। पेटेंट के बाद इसकी इस संभावना को भी विकसित कर लिया जाएगा।
>
> **डा. वैभव कुमार उपाध्याय,** विज्ञानी, डाटा साइंस विभाग, आइसर

### मशीन को सिखाया मानवीय नजरिये से समझना

इस शोध में इमोशनल डाटा बेस के जरिये एआइ को शहरों को मानवीय दृष्टि से समझना सिखाने के लिए टीम ने हजारों 360 डिग्री स्ट्रीट-व्यू तस्वीरों का उपयोग किया है। डाटा की सटीकता सुनिश्चित करने और व्यक्तिगत पसंद-नापसंद के प्रभाव को कम करने के लिए विज्ञानियों ने प्रत्येक फोटो पर तीन से पांच लोगों की राय जानी।

**रास्ते को मिलीमीटर की सटीकता से मापता है:** डा. वैभव कुमार उपाध्याय का कहना है इस माडल में लिडार और थ्रीडी डाटा को शामिल किया गया है। तस्वीरें केवल यह बताती हैं कि रास्ता कैसा दिखता है, पर लिडार डाटा रास्ते की चौड़ाई व उसकी सतह की बनावट को मिलीमीटर की सटीकता से मापता है। इससे उन हिस्सों की पहचान करना आसान होगा, जहां बुनियादी ढांचे में सुधार की जरूरत है।

अतिरिक्त सामग्री पढ़ने के लिए स्कैन करें।